শৰ্মা হাৰ্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 242 | गुवाहाटी | बुधवार, 29 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते ही संपन्न हुआ लोक आस्था का पर्व चैती छठ पेज 3
दिल्ली से 7 अप्रैल को 'श्रीरामायण यात्रा' के लिए रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन पेज 4
मुख्यमंत्री ने डॉक्टर वाई डी सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण पेज 5
सस्ती लोकप्रियता के लिए आनन-फानन में राइट टू हेल्थ बिल लाई गहलोत... पेज 8

## परिसीमन पुनर्निर्धारण को लेकर सुझाव व आपत्तियां 15 अप्रैल तक भेजें : चुनाव आयोग

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि असम में निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के संबंध में सूचना, सुझाव, परामर्श और आपत्तियां आगामी 15 अप्रैल तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। चुनाव आयोग ने साफ किया कि निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण नवीनतम जनगणना के अनुसार ही किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों और 60 से अधिक नागरिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल तक कोई भी व्यक्ति, संस्था या दल मेल के जरिए निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण का कार्य जनप्रतिनिधि अधिनियम के आधार पर किया जाएगा। सामुदायिक पुनर्निर्धारण प्रक्रिया में बीटीआर, छठी अनुसूची के नियम भी लागू रहेंगे। यह वर्ष 2001 के बजाय नवीनतम जनगणना के अनुसार ही किया जाएगा। कुमार ने कहा कि इसके अलावा कई पार्टियां और संगठनों ने निर्वाचन क्षेत्र के विस्तार के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया है। इससे पहले चुनाव आयोग से नौ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, तीन पंजीकृत दलों और 60 से अधिक नागरिक-सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के मुलाकात का सुबह नौ बजे से दौर चला। उन्होंने चुनाव आयोग की टीम -शेष पृष्ठ दो पर




## चुनाव आयोग ने किसी के आदेश पर कभी नहीं किया काम : राजीव कुमार

**गुवाहाटी।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत के चुनाव आयोग ने न तो कभी किसी के आदेश पर काम किया है और न ही भविष्य में करेगा। दरअसल, असम कांग्रेस ने राज्य में संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के चल रहे परिसीमन अभ्यास को लेकर चुनाव आयोग के कामकाज पर सवाल उठाया है। कांग्रेस ने कहा कि असम की 126 विधानसभा और 14 संसदीय सीटों के परिसीमन के लिए सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहा था। राजीव कुमार ने आगे कहा कि यह हमारे लिए नया नहीं है, हमें इस तरह के शब्द सुनने पड़ते हैं। हमारे लिए कुछ भी तय करना संभव नहीं है। हमारा रिकॉर्ड ऐसा है कि हम कभी किसी से डिक्टेशन नहीं लेते हैं और न कभी लेंगे। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से पहले राज्य के अपने तीन दिवसीय -शेष पृष्ठ दो पर

## सभी भ्रष्टाचारी एक मंच पर आ रहे साथ : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन करने पार्टी मुख्यालय पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने एक ट्वीट के माध्यम से बताया था कि पार्टी कार्यालय का यह विस्तार कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समारोह की अध्यक्षता कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी के नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय परिसर के लोकार्पण के अवसर पर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। भाजपा केंद्रीय कार्यालय विस्तार के लोकार्पण के अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पूजा-अर्चना करते हुए। पीएम मोदी ने पार्टी कार्यालय के विस्तार पर देशभर के कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने इस कार्यालय को कार्यकर्ताओं के सपनों का विस्तार बताया। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



## गुरुदेव ने भारत की कल्पना ज्ञान के प्रमुख स्रोत के तौर पर की थी : राष्ट्रपति

**कोलकाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने भारत की परिकल्पना वैश्विक क्षेत्र में ज्ञान के एक प्रमुख स्रोत के रूप में की थी। राष्ट्रपति मुर्मू विश्व भारती विश्वविद्यालय के दीक्षांत कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं जिसकी स्थापना एशिया के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने की थी। केंद्रीय विश्वविद्यालय की विजिटर मुर्मू ने यह भी कहा कि उन्हें कई शिक्षण -शेष पृष्ठ दो पर

## हेट स्पीच का त्याग मौलिक जरूरत : एससी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हेट स्पीच (द्वेषपूर्ण भाषण) का त्याग एक मूलभूत आवश्यकता है। हेट स्पीच के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने यह टिप्पणी की। पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हेट स्पीच का परित्याग करना मूलभूत आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह भी पूछा कि एफआईआर दर्ज करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है क्योंकि केवल -शेष पृष्ठ दो पर



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## नकली दवाएं बनाने वाली 18 कंपनियों के लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने देश की 18 फार्मा कंपनियों के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। सरकार द्वारा यह कार्रवाई नकली दवाएं बनाने के आरोपों के बाद की गई है। हाल ही में भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने 20 राज्यों की 76 कंपनियों का निरीक्षण किया गया था। जिसके बाद सरकार द्वारा लाइसेंस रद्द करने की यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार देशभर में नकली दवाएं बनाने वाली फार्मा कंपनियों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रही है। हाल ही में भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने 20 राज्यों की 76 -शेष पृष्ठ दो पर



## राज्यपाल का वायु सेना स्टेशन जोरहाट में स्वागत

**जोरहाट।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को असम के एक प्रमुख वायु सेना स्टेशन जोरहाट वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। एयर कमोडोर भुवन माथुर, एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन जोरहाट और एयर कमोडोर सुनील अग्रवाल, एयर ऑफिसर कमांडिंग, पांच वायु सेना अस्पताल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यात्रा के दौरान राज्यपाल ने वायु सेना स्कूल जोरहाट का भी दौरा किया, जहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर राज्यपाल का अभिनंदन किया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इस दौरान राज्यपाल को स्टेशन के इतिहास, विभिन्न मानवीय सहायता और आपदा राहत, नागरिक की सहायता और उत्तर पूर्व के इंटरफेस के रूप में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान राज्यपाल ने वायु सेना स्कूल -शेष पृष्ठ दो पर




## सबरीमाला तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, 60 घायल

**केरल।** तमिलनाडु से लगभग 64 सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तीर्थयात्रियों की बस केरल के पठानमथिट्टा के पास एक गहरे गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में कम से कम 62 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की गंभीर हालत बनी हुई है। दुर्घटना उस दौरान हुई जब श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर के दर्शन कर लौट रही थी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। दोपहर करीब 1.30 बजे -शेष पृष्ठ दो पर



door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*विपत्ति हीरे की धुल है, जिससे परामात्मा अपने रत्नों को चमकाता है।*

– **लेटन**

## *मोहन भागवत को हेट स्पीच पर मुस्लिम बुद्धजीवियों की चिट्ठी*

**नागपुर।** मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर देश में नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने की मांग की है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को पिछले साल अगस्त में हुई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि देश में लव जिहाद और मुस्लिम विरोधी बैठकें लगातार जारी है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने अपनी चिट्ठी में महाराष्ट्र के *लव जिहाद* का भी जिक्र किया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने कहा कि मुसलमानों के खिलाफ भाषण और हिंसा में कोई कमी नहीं आई है। नेताओं ने महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में कथित मुस्लिम विरोधी मार्च का हवाला देते हुए उसे नफरत से भरा बताया है। महाराष्ट्र में तो मुस्लिम विरोधी मार्च महीनों तक चला। पत्र में बुद्धजीवियों ने मौजूदा हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हैरानी तो इस बात को लेकर है मुस्लिमों के खिलाफ जितने भी मार्च निकाले गए थे उसमें अधिकांश पुलिस की मौजूदगी में होता है। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होती है और अगर होती है तो केवल खानापूर्ति जैसी ही होती है और लोगों को आसानी से छोड़ दिया जाता है। मुस्लिम बुद्धजीवियों ने संघ प्रमुख को लिखे पत्र में आगे कहा है कि नफरत और घृणा से भरे भाषणों की वजह से समुदाय में पीड़ा और इसकी वजह से भारी नाराजगी भी पैदा हो रही है। इसलिए इसी रोकने के लिए कुछ कदम -शेष पृष्ठ दो पर



## एलएसी पर फौज और खतरनाक हथियार बढ़ा रहा चीन : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** चीन की विस्तारवादी नीतियां उसके पड़ोसी देशों के लिए नासूर बन गई हैं। एशिया में वो अपने आपको सबसे ताकतवर तो मानता ही साथ अब उसकी नजरें दुनिया का मसीहा बनने की भी है। रूस-यूक्रेन युद्ध में जिस तरह वो बीच की कड़ी बनने के लिए बेकरार है उसको देखकर यही लगता है। भारत के साथ तनावपूर्व संबंधों के बीच कई दौर की हाई लेवल मीटिंग हो चुकी हैं। जिसमें ये तय किया गया कि दोनों देश अपनी-अपनी सेना को टकराव वाले पॉइंट से दूर करेंगी। मीटिंग के बाद चीन और भारत ने ऐसा किया भी मगर ड्रैगन फिर से अपनी हरकतें दोहराने लगा है। आर्मी चीफ मनोज पांडे ने फिर साफ किया कि चीन वापस से बॉर्डर पर अपनी फौज और खतरनाक हथियारों का जखीरा बढ़ा रहा है। थल सेनाअध्यक्ष *चीन का उदय और दुनिया के लिए इसके प्रभाव* -शेष पृष्ठ दो पर



## न्यूज गैलरी

### रॉयल बंगाल टाइगर की खाल बरामद आरोपी फरार

**कोलकाता।** कोलकाता कस्टम के अधिकारियों ने रॉयल बंगाल टाइगर की खाल और काले हिरण के सींग एक व्यक्ति से बरामद किए हैं। कस्टम के अधिकारियों ने भारत बांग्लादेश सीमा के नजदीक स्थित गांव से इसे बरामद किया है। आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। बता दें कि कोलकाता कस्टम विभाग ने सूचना के आधार पर भारत बांग्लादेश सीमा पर स्थित बाटागाछी गांव से रॉयल बंगाल टाइगर की खाल बरामद की। खास बात -शेष पृष्ठ दो पर

## लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष सोमवार को लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया राहुल गांधी की सदस्यता जाने और अडानी के मुद्दे पर विपक्ष लगातार हमलवार है। इसकी को देखते हुए विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार किया जा रहा है। इससे पहले सोमवार की शाम को कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर 18 पार्टियों की बैठक हुई थी। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर आए कांग्रेस के सदस्यों -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल विवाह : पॉक्सो एक्ट में 3098 गिरफ्तार, 1922 को मिली जमानत

**गुवाहाटी।** असम में बाल विवाह का जाल लगभग सभी जिलों में फैला हुआ है। इसके लेकर सरकार ने कार्रवाई भी की है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए प्रत्येक 10 में से छह मुसलमान हैं, उसमें भी निचले असम के 10 जिलों में ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। मीडिया रिपोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक असम पुलिस की कार्रवाई के दौरान 3,141 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। यौन अपराध अधिनियम (पॉक्सो) के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों में से करीब 62 फीसदी को अदालतों ने जमानत दे दी है। रिकॉर्ड के मुताबिक गिरफ्तार किए गए लोगों में से 62.24 प्रतिशत मुस्लिम हैं, जबकि बाकी 1,186 या 37.76 प्रतिशत हिंदू या अन्य समुदायों के लोग हैं। दरअसल असम में विपक्षी विधायकों ने आरोप लगाया था कि इस कार्रवाई में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों को निशाना बनाया गया था, जिस मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा था कि गिरफ्तार किए गए मुसलमानों और हिंदुओं का अनुपात 55:45 था। बता दें कि गिरफ्तार किए गए लोगों का आंकड़ा एआईयूडीएफ विधायक अशरफुल हुसैन के एक प्रश्न के जवाब में विधानसभा में पेश किया गया था। अगर जिलेवार गिरफ्तारियों को देखें तो पता चलता है कि इसमें शिर्ष पांच जिलों में नगांव (224), होजाई (219), धुबड़ी (217), बाक्सा (179) और बरपेटा (174) शामिल हैं। वहीं मिश्रित आबादी वाले निचले असम के जिले बाक्सा में, गिरफ्तार लोगों में हिंदू और अन्य 62 ।64 प्रतिशत हैं। मोटे तौर पर 40 फीसदी गिरफ्तारियां असम के 10 निचले जिलों में की गईं। सबसे कम गिरफ्तारी वाले पांच जिले जोरहाट (8), पश्चिम कार्बी आंग्लां (10), डिब्रूगढ़ (11), माजुली (24) और डिब्रूगढ़ (25) हैं। जबकि जोरहाट, डिब्रूगढ़, माजुली और डिब्रूगढ़ ऊपरी असम में हैं, एक ऐसा क्षेत्र जिसे असमिया हृदयभूमि के रूप में देखा जाता है। पश्चिम कार्बी आंग्लां मध्य असम का एक बड़ा आदिवासी जिला है। जब जनवरी में कार्रवाई की घोषणा की गई, तो सरकार ने कहा कि 14 साल से कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वाले सभी लोगों पर पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। आंकड़ों से पता चलता है कि 2,361 -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# बाढ़ : विश्व बैंक असम को परियोजना के लिए देगा 108 मि. डॉलर का ऋण

**गुवाहाटी ।** विश्व बैंक ने मंजूरी दी है कि असम की आपदा तैयारी को सुधारने और बाढ़ अधिसूचना को बढ़ावा देने के लिए 108 मिलियन डॉलर (लगभग 889 करोड़ रुपए) का ऋण प्रदान किया जाएगा। बहुमुखी बैंक ने बताया है कि इस परियोजना से लगभग छह मिलियन लोगों को लाभ होगा, जो राज्य के लिए 500 मिलियन के लंबित कार्यक्रम का हिस्सा है। असम एकीकृत नदी तलब प्रबंधन परियोजना का मुख्य उद्देश्य बेकी और बुरीडेहिंग नदी तलबों में ईको-फ्रेंडली बुनियादी ढांचे बनाना है ताकि राज्य पर बाढ़ और नदी तट अपघात का प्रभाव कम हो सके, अंततः लगभग एक लाख लोगों की सुरक्षा हो सके। इसके अलावा, परियोजना का उद्देश्य फ्लूड अधिसूचना और शुरुआती चेतावनी सिस्टम, सहित मोबाइल अलर्ट्स को बढ़ाकर आपदा के लिए राज्य की प्रतिक्रिया को सुधारना है। इससे बेहतर निकासी और शरण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जहां कम से कम 10,000 लोगों को जल प्रतिरक्षी बाढ़ शरणों का उपयोग करने की सुविधा होगी। इस पहल से सरकारी एजेंसियों को आपदा के दौरान अधिक अच्छी तरह से प्रतिक्रिया देने की सुविधा मिलेगी द्वारा उन्नयन की जाएगी। इंडिया के विश्व बैंक के देश निदेशक अगस्त तानो को उमे ने बताया कि असम के लाखों लोग ने 2022 के बाढ़ से बुरा असर झेला है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह परियोजना असम के आपदा जोखिम प्रबंधन के उपायों पर आधारित होगी, जो असम की जनता के जीवन और संपत्ति की रक्षा के साथ-साथ जलवायु-प्रतिरक्षी विकास को आगे बढ़ाएगी। ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली असम के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और राज्य की प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण घटक है। हालांकि, ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली असम के लिए आर्थिक और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों का एक मुख्य कारक है, जिसमें बाढ़, नदी किनारे का कटाव, भूरेखा जमा होना और जैव विविधता में गिरावट शामिल हैं। ये मुद्दे राज्य के निवासियों के जीवनों पर दुष्प्रभाव डालते हैं। विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि असम सरकार जलवायु परिवर्तन के कारण चरम बारिश की घटनाओं में 5-35त्न की वृद्धि और बाढ़ की घटनाओं की आवृत्ति में 25त्न से अधिक बढ़ोतरी की उम्मीद करती है। प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने और आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए, परियोजना के टास्क टीम लीडर, ग्रेग ब्राउडर, अनुप करंथ, और सत्य प्रिया का मानना है कि जल संसाधन प्रबंधन को आपदा प्रबंधन के साथ मिलाकर रखना आवश्यक है। इस परियोजना से, जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील गांवों का डिजाइन करने और लोगों और जानवरों के लिए पर्यावरण संरक्षी बाढ़ आश्रय निर्मित करने में मदद मिलेगी। विश्व बैंक की एक शाखा, अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी), ने 11.5 वर्ष की वापसी अवधि और चार वर्ष की ग्रेस अवधि के साथ 108 मिलियन डॉलर का ऋण प्रदान किया है।

# सीएम हिमंत ने सप्तनीक की महासप्तमी की पूजा



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्वशर्मा ने मंगलवार सुबह अपनी पत्नी रिनकी भुइंया शर्मा के साथ स्थानीय वशिष्ठ आश्रम में श्रीश्री बासंती पूजा के अवसर पर महासप्तमी की पूजा पूरे विधि-विधान के साथ की। उन्होंने साफ वस्त्र पहनकर वशिष्ठ नदी से घड़े में पानी भरा। इस दौरान उनकी पत्नी भी साथ में रहीं। ब्राम्हणों ने पूजा की पूरी विधि कराई। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि नैतिकता और मूल्यबोध आगे बढ़ने के लिए आध्यामिक जीवनधारा मनुष्य को युगों-युगों से प्रेरित करता रहा है। श्रीश्री बासंती पूजा के महासप्तमी के दिन अपनी पत्नी रिनकी भुइंया शर्मा के साथ वशिष्ठ मंदिर में राज्य की कुशल-मंगल की कामना के लिए पूरे भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की।

# ईसीआई की तीन सदस्यीय दल ने मां कामाख्या के किए दर्शन

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का तीन सदस्यीय दल मंगलवार को गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ पर स्थित शक्तिपीठ कामाख्या धाम मंदिर पहुंचे और मां के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अनूप चन्द्र पांडेय और अरुण गोयल ने नीलाचल पर्वतीय क्षेत्र में कामाख्या मंदिर का दौरा किया। तीनों शीर्ष चुनाव अधिकारियों ने मां कामाख्या के दर्शन किए। मंदिर के पुजारियों ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कराई गई। उन्होंने माता के दर्शन के बाद मंदिर की परिक्रमा भी की। चुनाव आयोग की टीम के साथ राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नितिन खाड़े और कामरूप (मेट्रो) जिला उपायुक्त पल्लव गोपाल झा भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग का तीन सदस्यीय दल असम में निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए रविवार को गुवाहाटी पहुंचा था। सोमवार को विभिन्न पार्टियों और संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ आयोग की टीम ने चर्चा करते हुए उनकी बातों को सुना था। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग की बैठक में नहीं लिया था।

# दिव्यांग महिला से दुष्कर्म, गिरफ्तार



**सतिया ( निसं )।** सतिया में एक जघन्य घटना सामने आई है मानसिक रूप से विक्षिप्त वर्ध महिला से एक बदमाश व्यक्ति ने करोनि डेली बाजार के नजदीक दुष्कर्म करके भाग गया था सतिया पुलिस को खबर मिलते अभियान चलाकर बदमाश को पकड़ने में सक्षम हुई गिरफ्तार व्यक्ति का नाम बिपुल दास बताया गया हैं जो वही नजदीकी बुधवाटी गांव का हैं पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा हैं।

# आर्थिक प्रगति के लिए बैंकों को वित्तीय संतुलन बनाए रखने की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू




**कोलकाता ( हि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पश्चिम बंगाल के अपने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन मंगलवार को यूको बैंक की स्थापना के 80 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता के लिए बैंकों को बैलेंस बनाकर चलने की जरूरत है। इस दौरान राष्ट्रपति ने वर्चुअल माध्यम से यूको बैंक की 80 नई शाखाओं का उद्घाटन भी किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों की पहली जिम्मेदारी लोगों के पैसों की रक्षा करना है। बैंकों का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू संपत्ति का निर्माण है। इस संतुलन को बनाए रखना होगा और अगर गड़बड़ी हुई तो आर्थिक समस्या होगी। यह कहते हुए कि वे बैंकरों के परिवार से हैं, राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों ने लेनदेन को निपटाने के लिए कोरोना महामारी के दौरान बहुत बड़ा काम किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि बैंकों की दो प्रमुख जिम्मेदारियां होती हैं। सबसे पहले, उन्हें जनता के पैसे का संरक्षक होना चाहिए। दूसरा, वे कल के लिए संपत्ति बनाने के लिए आज की बचत का उपयोग करते हैं। इन दोनों जिम्मेदारियों को संतुलित करना हर बैंक के लिए एक चुनौती है। सही संतुलन बनाने में असमर्थता ने कभी-कभी विश्व के विभिन्न भागों में आर्थिक चिंताओं को जन्म दिया है। बैंक उन लाखों लोगों के भरोसे को बनाए रखने के लिए कर्तव्यबद्ध हैं जो बैंकों में अपना पैसा बचाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बैंक के पेशेवर कर्मचारी और सतर्क नेतृत्व इन जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यूको बैंक 1943 में अपनी स्थापना के बाद से बैंकिंग क्षेत्र में अग्रणी रहा है। इसने विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऋण और वित्तीय सेवाएं प्रदान करके हमारे देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि, उद्योग, व्यापार, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण के रूप में। इसने विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहल का समर्थन करके देश की प्रगति में भी योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बैंक आने वाले वर्षों में अपनी विरासत और प्रतिष्ठा को बनाए रखेगा और परिवर्तन और नवाचार को अपनाते हुए अपने मूल मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि फिनटेक ने सामाजिक इक्विटी बनाने में मदद की है। यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण और महामारी के दौरान लेनदेन को निपटाने में भी मदद की है।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर भारी मात्रा में नकली नोट जब्त

**दक्षिण सालमारा ( हि.स. )।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दक्षिण सलमारा-मानकचार जिले के मानकचार में 2.24 लाख के भारतीय जाली नोट बरामद किए। बीएसएफ के सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मानकचार में झलोर चर (नदी का छाड़न वाला क्षेत्र) इलाके से 45वीं बटालियन के बीएसएफ के जवानों ने सोमवार रात को 2.24 लाख रुपए मूल्य के पांच-पांच सौ के जाली नोट जब्त किए हैं। आशंका जताई जा रही है कि रात के अंधेरे में नकली नोटों को बांग्लादेश के तस्कर सीमा पर लगे कंटीले तार के बाड़ के ऊपर से भारतीय भूमि पर फेंक दिया था। नकली नोटों को बीएसएफ ने मानकचार के सीमा शुल्क विभाग में जमा कराया है। सीमा शुल्क विभाग ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है। इस संबंध में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

No. DMCH/HMS/Laundry/2022-23/148

**NOTICE**

The following tenders are available for download at http://dhubrimedicalcollege.in/

Tender notice for the work of Laundry Service at Dhubri Medical College & Hospital. NIT No. DMCH/HMS/Laundry/2022-23/147 Dt- 27/03/2023

Principal cum Chief Superintendent
Dhubri Medical College & Hospital
Dhubri, Assam

*-- Janasanyog / C/24027/22*

## पृष्ठ एक का शेष

### परिसीमन पुनर्निर्धारण को ...

से मुलाकात कर अपने विचार और जानकारी साझा की और लोगों की आकांक्षाओं के बारे में चुनाव आयोग की टीम को सूचित किया। आयोग के स्वच्छ और स्वीकारयोग्य प्रक्रिया की सभी भागीदारी वाले पार्टी एवं संगठनों द्वारा सराहना की गई। उल्लेखनीय यह पहली बार है कि चुनाव आयोग ने मसौदा प्रस्ताव तैयार करने से पहले हितधारकों के साथ बातचीत की। बैठक में भाजपा, अगप, आम आदमी पार्टी, भाकपा, माकपा, असम जातीय परिषद, पीपुल्स पार्टी, एआईयूडीएफ, तृणमूल कांग्रेस और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक से केवल कांग्रेस ने परहेज किया। बैठक में सत्तारूढ़ गठबंधन के अलावा पांच अन्य दलों ने निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्गठन का विरोध किया।

### चुनाव आयोग ने ...

दौरे के आखिरी दिन उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईसीआई अपने दो बुनियादों- चर्चा और *हितधारकों की भागीदारी* पर दृढ़ रहकर काम कर रहा है। उनके साथ दो चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल भी मौजूद थे। बता दें कि कांग्रेस ने चुनाव आयोग के टीम से मिलने और प्रस्तावित परिसीमन पर अपना प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने से इनकार कर दिया। असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन बोरा ने सोमवार को कहा था उन्होंने दिल्ली में सीईसी राजीव कुमार से मुलाकात की थी और राज्य में चल रहे परिसीमन अभ्यास में खामियों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। इसके बाद उन्होंने लिखित जवाब का वादा भी किया, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने राज्य में चल रहे परिसीमन में चुनाव आयोग पर *मैच फिक्सिंग* का भी आरोप लगाया है। कांग्रेस ने यह भी दावा किया कि परिसीमन प्रक्रिया के कारण चुनाव आयोग द्वारा एक जनवरी, 2023 से नई प्रशासनिक इकाइयों के निर्माण पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि, नई दिल्ली में एक बैठक में राज्य मंत्रिमंडल ने 31 दिसंबर, 2022 को एक दिन पहले ही चार जिलों को विलय करने और 14 स्थानों पर सीमाओं को फिर से बनाने का फैसला किया। सीईसी ने जोर देकर यह कहा कि चाहे चुनाव प्रक्रिया हो या परिसीमन की कवायद, सभी फैसलों और उसके कारणों को लोगों के साथ साझा किया जाता है और सभी स्तरों पर राजनीतिक दलों की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

### सभी भ्रष्टाचारी...

कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की प्रगति का प्रतीक हैं। पीएम ने अपने संबोधन के दौरान 1984 के दंगों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सन 1984 में जो हुआ देश कभी उसे भूल नहीं सकता है उसके बाद जो चुनाव हुआ उसमें कांग्रेस को बहुमत मिला। लेकिन हम हताश नहीं हुए हमने फिर से जमीन पर काम किया और अपने संगठन को मजबूत किया तब जाकर आज हम यहां पहुंचे हैं। 2 लोकसभा सीटों के साथ शुरू हुआ सफर 2019 में 330 तक पहुंच गया। आज कई राज्यों में हमें 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलते हैं बीजेपी युवाओं को मौका देने वाली पार्टी है। पीएम ने कहा भाजपा को ऐसी संस्था के रूप में विकसित करना है, जिसके लक्ष्य पहले से निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को ऐसी पार्टी बनना है, जिसके पास अगले 50 सालों के लक्ष्य हों। पीएम मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आज से कुछ दिन बाद हमारी पार्टी अपना 44वां स्थापना दिवस मनाएगी। ये यात्रा एक अनथक और अनवरत यात्रा है। ये यात्रा परिश्रम की पराकाष्ठा की यात्रा है। ये यात्रा समर्पण और संकल्पों की शिखर की यात्रा है। ये यात्रा विचार और विचारधारा के विस्तार की यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान कहा कि देश में भाजपा का विस्तार पार्टी के कार्यक्रताओं के अथक प्रयासों की नतीजा है। पूर्वोत्तर में पार्टी के चार मुख्यमंत्री है, देश में भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ता ही जा रहा है।

### गुरुदेव ने भारत की ...

और प्रतिष्ठित संस्थानों का दौरा करने का सौभाग्य मिला है, लेकिन विश्व भारती का उनका पहला दौरा बहुत खास है क्योंकि यह दुनिया के सबसे महान विचारकों में से एक की स्मृति से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने भारत की कल्पना ज्ञान के प्रमुख स्रोत के तौर पर की थी...। उन्होंने कहा कि विश्व भारती की स्थापना इसी सिद्धांत के आधार पर की गई थी। मुर्मू ने यह भी कहा कि भारत और पड़ोसी देश बांग्लादेश के राष्ट्रगान क्रमशः *जन गण मन* और *आमार शोनार बांग्ला* टैगोर द्वारा रचित हैं। राष्ट्रपति ने एक दिन पहले कोलकाता में टैगोर के पैतृक स्थान जोरासांको ठाकुरबारी के अपने दौरे को भी याद किया और कहा कि यह *तीर्थयात्रा* से कम नहीं था। मुर्मू ने कहा कि टैगोर ने विश्व भारती की स्थापना के सपने को साकार करने के लिए यहां (बोलपुर गांव) आने के लिए शहरी जीवन की सुख-सुविधाओं को छोड़ दिया था, जब यह एक दूरस्थ क्षेत्र था...युवा छात्रों को सपनों को पूरा करने के उनके रास्ते का अनुसरण करना चाहिए। टैगोर नोबेल पुरस्कार से सम्मानित एशिया के पहले व्यक्ति थे। उन्होंने 1921 में विश्वभारती की स्थापना की थी। इसे 1951 में संसद के एक अधिनियम द्वारा एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया था। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती ने भी वर्ष 2022 के दीक्षांत समारोह में डिग्री लेने आए छात्रों को संबोधित किया।

### हेट स्पीच का त्याग ...

शिकायत दर्ज करने से हेट स्पीच की समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। मेहता ने अदालत को बताया कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के संबंध में 18 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज की आपत्ति के बावजूद इस मामले में अगली सुनवाई के लिए बुधवार को सूचीबद्ध किया गया है। यह मानते हुए कि संविधान भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में देखता है, शीर्ष अदालत ने पिछले साल 21 अक्तूबर को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामलों में कड़ी कार्रवाई करने और शिकायत दर्ज होने की प्रतीक्षा किए बिना दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी चेतावनी दी थी कि इस *अत्यंत गंभीर मुद्दे* पर कार्रवाई करने में प्रशासन की ओर से कोई भी देरी अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगी।

### नकली दवाएं बनाने ...

दवा निर्माता कंपनियों का निरीक्षण किया था। जिसके बाद 18 कंपनियों में नकली दवाएं बनाए जाने की बात सामने आई थी। सरकार ने संबंधित कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। वहीं, केंद्र ने नकली दवाएं बनाने के आरोप में हिमाचल प्रदेश की 70, उत्तराखंड की 45 और मध्य प्रदेश की 23 कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।

### राज्यपाल का वायु ...

जोरहाट का भी दौरा किया, जहां एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान राज्यपाल स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों से भी मिले। राज्यपाल ने छात्रों और शिक्षकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

### सबरीमाला तीर्थयात्रियों ...

निलक्कल के पास एलावंकल में बस सड़क से उतर गई और खाई में जाकर गिर गई। बस में नौ बच्चों सहित कम से कम 64 लोग सवार थे। सभी तीर्थयात्री तमिलनाडु के माइलादुत्रयी जिले के हैं। 64 तीर्थयात्रियों में से 62 लोग घायल हो गए है। वहीं, कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी घायलों को पठानमथिट्टा और एरुमेली के विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने को बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर सुविधाओं के लिए विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे पहले, 1 जनवरी को तमिलनाडु के इरोड जिले से एक सड़क दुर्घटना हुई थी। इस सड़क दुर्घटना में तीन साल की एक बच्ची की मौत हो गई। जबकि अन्य 10 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, सड़क किनारे एक पेड़ से वाहन टकराने की वजह से तीन साल की एक बच्ची की मौत हुई।

### मोहन भागवत को हेट ...

उठाने की जरूरत है। पिछले साल अगस्त में मुलाकात के बाद हम लोग मुसलमानों के कई प्रभावशाली नेताओं से मिले थे। उन्होंने एक स्वर में हमारी पहल का समर्थन किया, लेकिन मौजूदा हालात से हमें निराशा ही मिली है। मुस्लिम बुद्धजीवियों की ओर से संघ प्रमुख मोहन भागवत को यह पत्र 23 मार्च को भेजा गया है। पत्र पर दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी, पूर्व राज्यसभा सदस्य शाहिद सिद्दीकी के अलावा लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) जेड यू शाह और सई शेरवानी के हस्ताक्षर हैं। से सभी एईईडीयू (एलायंस फॉर इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल एम्पावरमेंट ऑफ द अंडरप्रिविलेज) के संस्थापत सदस्य हैं और इन लोगों ने समाज में दो समुदायों के बीच नफरत को पाटने के लिए संघ के साथ बातचीत शुरू की थी। एईईडीयू की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कोई भी राष्ट्र निर्माण के प्रति संघ की विश्वसनीयता और इच्छा पर संदेह नहीं कर सकता है।

### एलएसी पर फौज ...

*टॉपिक* पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने चीन से होने वाले खतरों से आगाह किया। चीन साइबर क्राइम करके अन्य देशों में जासूसी करना चाहता है। भारत में भी उसने पूरा इंतजाम कर रखा था। सरकार की नजर जब चीनी ऐप्स में गई तो तुरंत इसको बैन कर दिया गया। ये एप्स भारतीयों का डेटा चीन को भेज रहे थे। आर्मी चीफ ने इस ओर भी इशारा किया। उन्होंने बताया कि चीन दोबारा एलएसी पर अपनी फौज को बढ़ाता जा रहा है। अगर भारत कहीं पर भी कमजोर पड़ा तो ड्रैगन हावी होने की कोशिश कर सकता है। अरुणाचल के तवांग में पीएलए ने ऐसा करने की कोशिश भी की मगर भारत पहले से ही अलर्ट था। चीनी सैनिकों को इसका अंदाजा तक नहीं था कि भारत के बड़े हथियार यहां पर तैनात थे। सेनाअध्यक्ष मनोज पांडे ने कहा कि भारत और चीन के बीच कई बड़े समझौते हुए मगर इनका पालन नहीं होता। चीन आर्थिक पैंतरेबाजी कर दुनिया को ये दिखाने की कोशिश में जुटा हुआ है कि चीन लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए प्रयास कर रहा है। रूस-यूक्रेन के बाद वैश्विक बदलाव हुए हैं। देशों के आंतरिक रिश्तों पर असर पड़ा है। आर्मी चीफ ने इस ओर भी इशारा किया। पिछले हफ्ते चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग रूस यात्रा से लौटे हैं। इस दौरान पुतिन और जिनपिंग ने कई मुद्दों पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने कहा कि जी20 समिट में युद्ध का मसला नहीं उठना चाहिए। जिनपिंग ने शांति के 12 पॉइंट बताए थे। पुतिन ने कहा था कि अगर यूक्रेन इन बातों को मान जाए तो युद्ध शांत हो जाएगा। लेकिन लगता नहीं है कि ऐसा होगा। मनोज पांडे ने कहा कि भारत हर मोर्चे पर तैयार है। किसी भी स्थिति में चीन को उसके नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने देंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष के ...

ने मंगलवार को निचले सदन में भारी हंगामा किया। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब सात मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। कांग्रेस के कुछ सांसदों ने प्रश्नकाल में कागज फाड़कर आसन की ओर फेंके और एक सदस्य ने आसन के सामने काला कपड़ा रखने का भी प्रयास किया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे सदन की बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति रमा देवी ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इस दौरान कांग्रेस सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। शोर-शराबा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति ने कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित किए जाने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्यों ने राज्यसभा में मंगलवार को भी हंगामा किया जिससे उच्च सदन में लगातार 11वें दिन भी गतिरोध जारी रहा और एक बार के स्थगन के बाद बैठक को दोपहर दो बजकर तीन मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। हंगामे की वजह से उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। पूर्वाह्न 11 बजे बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी दौरान कांग्रेस तथा कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह पर लगे कारपोरेट जालसाजी और अन्य आरोपों की जांच के लिए जेपीसी गठित किए जाने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सदस्यों ने काले कपड़े पहने हुए थे। कांग्रेस के कुछ सदस्य आसन के समक्ष भी आ गए तथा *मोदी अडाणी भाई भाई* के नारे लगाए। अन्य दलों के सदस्य अपने स्थानों से ही नारेबाजी करते देखे गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के मानहानि मामले में दो साल की सजा सुनाई है। इसके मद्देनजर राहुल को शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के विरोध स्वरूप कांग्रेस सदस्य सदन में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन काले कपड़े पहनकर आए थे। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्ष दलों के सदस्य नारेबाजी करने लगे। सोमवार को भी कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दल के सदस्य राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के विरोध स्वरूप काले कपड़े पहनकर सदन में आए थे और सदन में शोर शराबा किया था। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र को लेकर लंदन में दिए गए बयान पर माफी मांगने के रुख पर भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के अड़े रहने और अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग को लेकर कांग्रेस समेत कुछ विपक्षी दलों के जोर देने सहित विभिन्न मुद्दों पर 13 मार्च को संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने के बाद से ही संसद की कार्यवाही बाधित रही है।

### बाल विवाह : पॉक्सो ...

मामलों में से 2,289 मामलों में पॉक्सो के प्रावधानों को लागू किया गया था, जिनमें गिरफ्तारी की गई है। धारा 6 (गंभीर भेदक यौन हमला) और 17 (उकसाना) पॉक्सो अधिनियम के तहत गैर-जमानती अपराध के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) के तहत भी गिरफ्तारियां की गई हैं। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक इतनी बड़ी संख्या में पॉक्सो के तहत गिरफ्तार 3,098 लोगों को में से लगभग 62 प्रतिशत यानी 1,922 लोगों को फरवरी के अंत तक जमानत मिल गई थी। असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि जमानत देना तो अदालत का विशेषाधिकार है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने अब तक 889 चार्जशीट जमा की हैं। सभी मामलों में जल्द से जल्द चार्जशीट दाखिल करने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले महीने ऐसे चार मामलों में अग्रिम जमानत देते हुए न्यायमूर्ति सुमन श्याम ने पॉक्सो की धारा के कारण जमानत देने के खिलाफ आपत्तियों पर जवाब दिया था। उन्होंने कहा कि आरोप के नाम पर पॉक्सो की धारा जोड़ सकते हैं।

### रॉयल बंगाल टाइगर ...

ये है कि खाल के साथ ही बाघ का पूरा सिर भी बरामद हुआ है। बाघ के दांत और पंजे भी असली हैं। इसके अलावा कस्टम के अधिकारियों ने काले हिरण के सींग भी बरामद किए हैं। बता दें कि चीन समेत दुनिया के कई देशों में बाघ के शरीर के विभिन्न हिस्सों की बड़ी मांग है। बाघ के अंगों से कई पारंपरिक दवाएं बनाई जाती हैं, जिसके लिए बाघ का शिकार और उसके अंगों की तस्करी होती है। बाघ के अंगों की भारी कीमत होने के चलते भारत में प्रतिबंध के बावजूद बाघों का शिकार बदस्तूर जारी है। इसके अलावा घटते जंगलों के कारण भी इंसानों और जानवरों के बीच संघर्ष बढ़ रहा है, जिसकी वजह से भी बाघों की संख्या घट रही है। हालांकि सरकार की काफी कोशिशों के बाद देश में बाघों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन उनके शिकार पर रोक अभी भी चुनौती बनी हुई है।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **दशम अध्याय**

**( गृहस्थ संत )**

**दूजा सन्त गृहस्थ हैं, करें गृही महँ वास।**
**अन्तर हरि अनुरक्त हैं, अन्तर प्रेम हुलास ॥ 01 ॥**

**शब्दार्थ :** (दूजा) दूसरा (गृही) घर (हुलास) आनन्द (अनुरक्त) संलग्न।

**भाष्य :** दूसरे अंत गृहस्थाश्रमी होते हैं जो अपने घर-परिवार के साथ रहकर प्रभु का भजन करते हैं। वे अंतर प्रेम, आनंद से परमप्रभु की भक्ति में लगे रहते हैं।

**अन्तर त्याग विरक्त हैं, बाहर सकल पसार।**
**पद्म पत्र जल संग रहें, वे निर्लेप संसार॥ 02 ॥**

**शब्दार्थ :** (त्याग) छोड़ना, (विरक्त) विषय से रहित (पद्म पत्र) कलम का पत्ता (निर्लेप) अलिप्त।

**भाष्य :** गृहस्थ संत अंतर से त्याग कर विरक्त होते हैं और बाहर से समस्त व्यवहार का संबंध रुख उसका विस्तार करते हैं। वे जल में कमल के पत्ते के समान संग में रहते हुए भी संसार में निर्लेप रहते हैं।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते ही संपन्न हुआ लोक आस्था का पर्व चैती छठ







**गुवाहाटी/विश्वनाथ ( निसं )।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते ही संपन्न हो गया। इसी कड़ी में धुबड़ी समेत विश्वनाथ जिले में सूर्योपासना व आस्था का महापर्व छठ पूजा का आज उदीयमान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद चार दिवसीय छठ पूजा संपन्न हुई। प्रात: तीन बजे व्रतधारी घाट पहुंच कर छठ मईया की उपासना एवं उदय भास्कर को अर्घ्य देने के लिए पूजा अर्चना की। विश्वनाथ चाराली के आमबाड़ी में स्थित श्रीश्री केंद्रीय छठ पूजा घिट का श्रद्धालु का तॉंता लगा रहा है और छठ पूजा का आनंद उठाया। इस घाट में प्राय: बीस से अधिक व्रतधारी ने छठ पूजा करके उगते हुए आदित्य को विभिन्न फलों, ठेकुआ, मिष्ठान से सजे सूप व टोकरी से अर्घ्य देकर भास्कर को दूध अर्पित किया7इस घाट में व्रतधारी के होठों से पारंपरिक मधुर छठ मईया को गुनगुनाते हुए देखा गया। इधर विश्वनाथ चाराली स्थित पश्चिम चाराली छठ पूजा समिति के फलफली बाकरी के छठ घाट में भी चैती छठ पूजा धूमधाम से मनाया गया। यहां घाट, जिसमें असंख्य श्रद्धालु मौजूद थे। साथ ही व्रतियों ने सूर्य देव को पूजा अर्चना कर नववर्ष की मंगलमय हो और देश की सुख समृद्धि कामना की। व्रतियों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के बाद महिलाओं को सिंदूर लगाकर प्रसाद स्वरूप पकवान और फलों का वितरण किया गया। सुबह व्रतधारी को पंक्तिबद्ध तरीके से पूजारी रामानंद ओझा जी ने दूध से भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कराया। घाट पर छठ पूजा का छटा छाया रहा। उल्लेखनीय है कि असम-अरुणाचल सीमावर्ती डफलागढ़, हेलम, बेदेती, बरगांग, मोनाबाड़ी, बाघमारी, सतिया, ईटाखोला और विश्वनाथ घाट में भी आस्था का महापर्व चैती छठ की रौनक छाई हुई थी।

## निर्वाचन क्षेत्र के परिसीमन के संदर्भ में लोरपा ने जताई असहमति



**होजाई ( निसं )।** असम में होने वाली विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के परिसीमन के संदर्भ में, गत 27/03/23 दिन सोमवार को भारतीय चुनाव आयोग द्वारा गुवाहाटी रेडीशन ब्लु होटेल में विभिन्न राजनीतिक दलों कि बैठक का आयोजन किया गया था। सन् 2001 जनगणना के अंतर्गत सम्पन्न होने वाली असम विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के परिसीमन के संदर्भ में लोक रक्षा पार्टी असम प्रदेश के अध्यक्ष राज गुप्ता ने पूरी तरह असहमति व्यक्त कि है। परिसीमन अधिनियम, सन् 1972 के प्रावधानों के तहत, असम राज्य में निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम परिसीमन सन् 1976 में तत्कालीन परिसीमन आयोग द्वारा सन् 1971 की जनगणना के आंकडों के आधार पर किया गया था। अत: लोक रक्षा पार्टी असम प्रदेश चाहती है कि एनआरसी प्रक्रिया सम्पन्न न होने तक एवं 19 लाख लोगों कि भविष्य निर्धारण न होने तक समष्टि पूनर्निर्धारण कि प्रक्रिया को स्थगित रखी जाएं।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**बरपेटा ( हि.स. )।** बरपेटा जिले के बाजली में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर सड़क दुर्घटना में एक डंपर चालक की मौत हो गई, जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया है कि डंपर पत्थर और रेत लेकर नलबाड़ी से सरभोग ले जा रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बाजली के पास डंपर ने एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उस्मान अली के रूप में हुई है। इस हादसे में खलासी जियाबुर रहमान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ड्राइवर और खलासी दोनों नलबाड़ी के कासेमपुर के रहने वाले बताए गये हैं। हादसे के बाद घटनास्थल से ट्रक समेत चालक फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

## दो ट्रक से 44 पशु बरामद, दो गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के जोराबाट पुलिस चौकी पुलिस ने अवैध रूप से लाये गये 44 पशुओं को बरामद करने के साथ ही दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि आज (मंगलवार) तड़के जोराबाट पुलिस चौकी प्रभारी कपिल पाठक के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान 44 पशुओं को लेकर जा रहे दो ट्रकों को जब्त किया गया। दोनों ट्रकों में 22-22 पशुओं को लादा गया था। एक ट्रक (एएस-01डीसी-9287) में 22 पशुओं को सिलापथार से लाया गया था। इस मामले में ट्रक चालक अबुल कलाम (40, लंका, होजाई) को गिरफ्तार किया गया है। बरामद 22 पशुओं में 7 पशु मृत अवस्था में पाए गए है। वहीं अन्य एक ट्रक (एनएल-02क्यू 7984) में 22 पशुओं को बाइहाटा चाराली से लाया गया था। इस मामले में ट्रक चालक अबुल हमीद (37, बंगाईगांव) को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए सभी पशुओं को अवैध तरीके से मेघालय के पशु बाजार तक ले जाया जा रहा था। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## रामनवमी पर सनातनी हिंदू एकता मंच की विशाल रैली




**गुवाहाटी।** सामाजिक संस्था सनातनी हिंदू एकता मंच के तत्वावधान में आगामी राम नवमी के मौके पर विशाल मोटर साइकिल व कार रैली का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में संस्था के अध्यक्ष पीतराम केड़िया ने बताया कि आगामी 30 मार्च को अपराह्न 3 बजे आठगांव स्थित श्री गौहाटी गौशाला प्रांगण से रैली का शुभारंभ होगा। इस मौके पर रैली को मुख्य अतिथि द्वारा भगवाध्वजा दिखाकर रैली को विधिवत रवाना किया जाएगा। उपाध्यक्ष सुशिल गोयल ने बताया कि आठगांव स्थित गौशाला से रैली का शुभारंभ होगा जो सती जमती रोड, एटी रोड, पानबाजार फ्लाई ओवर, एमएलएन रोड, हेम बरुआ रोड, कमारपट्टी, फैंसी बाजार, जेल रोड, माछखोवा, एफए रोड, कुमारपाड़ा पांचाली, एससी रोड होते हुए गौहाटी गौशाला में संपन्न होगी। सचिव अशोक कुमार गाड़ोदिया ने बताया कि रैली में हिस्सा लेने वाले सभी दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों से अनुरोध है कि संस्था द्वारा निर्धारित नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। आयोजकों द्वारा सभी से इस विराट रैली में हिस्सा लेने का आह्वान किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम संयोजक शैलेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित कुमार कंसल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात शर्मा, संयुक्त सचिव मनोज डेका सहित सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## सीगल का नया नाटक प्रश्नबोधक



***गुवाहाटी ( विभास )।*** *निर्माली शर्मा निर्देशित असमिया नाटक प्रश्नबोधक का मंचन आगामी दो अप्रैल को संध्या साढ़े छह बजे से स्टूडियों में होगाष विख्यात हिंदी नाटककर मोहन राकेश का हिंदी नाटक बहुत बड़ा सवाल का असमिया रूपांतर प्रश्नबोधक है। हिंदी से असमिया रूपांतर गांगुस्मिता दत्त, अंकित गोस्वामी, प्रज्ञा रानी राजखोवा और निरिणा ने किया है। उल्लेखनीय है कि निर्माली शर्मा सिक्किम एसडी से थिएटर का एक वर्षीय पाठ्यक्रम शिक्षा प्राप्त किया है।*

## बेलतला में यमाहा का नए शोरूम का उद्घाटन




**गुवाहाटी ( निसं )।** बेलतला के राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के पास स्थित त्रिपुरा रोड में यामहा के नए शोरूम का उद्घाटन किया गया। शोरूम का उद्घाटन ट्रांसपोर्ट विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर गौतम दास ने किया इस अवसर पर आरटीओ सेक्रेटरी रफीकुल इस्लाम, यामाहा लिमिटेड के रीजनल मैनेजर आसिफ खान, ग्रीन वैली ट्रैवल्स के चेयरमैन पुलक गोस्वामी तथा निदेशक अभिषेक गोस्वामी एवं रिचा गोस्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित थे अपने संबोधन में पुलक गोस्वामी ने बताया कि यामहा का पहला शोरूम हमने 1985 में सिलपुखुरी में स्थापित किया था तब से लेकर आज तक यामहा के साथ हमारा संबंध बना हुआ है इसी को देखते हुए यामहा के नए मॉडल 3 स्ब्लू स्क्वायर सहित अन्य नए मॉडल को लांच किया गया है, 2000 स्क्वायर फीट में फैले शोरूम के अलावा 4000 स्क्वायर फीट का वर्कशॉप है जिसमें गाड़ियों की सर्विसिंग 24 घंटे करने की सुविधा दी गई है वही असिस्टेंट कमिश्नर ट्रांसपोर्ट गौतम दास ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटना में जान गवाने वाले लोगों में ज्यादातर बाइक सवार ही होते हैं जोकि विभिन्न कारणों मेजो सबसे बड़ा कारण है कि वह बिना हेलमेट के होते हैं या फिर ओवर स्पीडिंग करते हैं इसलिए शोरूम के लोगों का भी दायित्व बनता है कि बाइक देते समय उनको कम से कम दो हेलमेट अवश्य दें और ओवर स्पीड के बारे में उन को जागरूक करें।

## अज्ञात महिला का शव बरामद

**गुवाहाटी ( निसं )।** एक अपरिचित महिला को मृत अवस्था में सरुसजाई के गोल्डन क्लब के समीप शंकर पथ में बीते 23 मार्च को पाया गया। मृत शरीर को मरणोत्तर परीक्षण के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शव घर में रखा दिया गया है। कोई परिवार या आत्मीय व्यक्ति उसकी पहचान कर सकता है। मृत महिला की उम्र 45 वर्ष, लंबाई पांच फूट चार इंच है। रंग गोरा, शरीर पर नीली-उजली मैक्सी जानकारी के लिए वशिष्ठ थाना के मोबाइल नंबर 8486254932 से संपर्क किया जा सकता है। पुलिस मृतका की जानकारियां जुटाने में लगी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने महिला की हत्या कर दी होगी।

## सीआरपीएफ के 152 बटा की फ्री कंप्यूटर कोचिंग का समापन




**ग्वालपाड़ा ( निसं )।** जिले में स्थित 152 बटा सीआरपीएफ द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ क्षेत्र के दूर दराज के इलाके में रहने वाले व आर्थिक रूप से पिछड़े युवाओं हेतु फ्री कोचिंग क्लासेज एवं फ्री कंप्यूटर डिप्लोमा कार्यक्रम चलाया गया है जोकि जनकल्याणकारी कार्य के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में आज 152 बटालियन द्वारा संचालित की जा रही फ्री कंप्यूटर कोचिंग क्लासेज का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि श्री वी वी राकेश रेड्डी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक ग्वालपाड़ा द्वारा 20 युवक-युवतियों को डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। फ्री कंप्यूटर कोचिंग प्रोग्राम का आयोजन श्री देव शंकर मिश्र, कमांडेंट -152 बटालियन के मार्गदर्शन में स्थानीय कंप्युटर कोचिंग संस्थान के प्रमुख श्री खेरूल बशर के सहयोग से किया गया। मिश्र ने कंप्यूटर शिक्षा के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में कंप्यूटर शिक्षा का विशेष महत्व है और डिजिटल इंडिया को सफल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा कम्प्यूटरिकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। अत: सभी युवाओं को कंप्यूटर के क्षेत्र में ज्ञान होना अति आवश्यक है। इससे उन्हें रोज़गार के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। 152 बटालियन द्वारा यह एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया और इससे 20 युवक - युवतियां लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री वी वी राकेश रेड्डी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक ग्वालपाड़ा ने युवाओं को समाज में एकता और शांति हेतु अपना भरसक सहयोग करने का आव्हान करते हुए बताया कि आम जन भी पुलिस हैं द्य बशर्ते वह अपनी जिम्मेदारी को समझें। इस अवसर पर देव शंकर मिश्र कमांडेंट -152, डॉ चुन चुन कुमार, वी नारायणन उप कमां, ईश्वर सिंह सहा कमां, खेरुल बसर, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं कंप्यूटर शिक्षा के लाभार्थी युवा उपस्थित रहे।

## तुपामारी ग्राम पंचायत : विभिन्न योजनाओं में अनियमितता का आरोप

**नगरबेड़ा ( निसं )।** सत्तारूढ़ राज्य के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा शर्मा जबकि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ शून्य सहिष्णुता का रुख अपनाया है, कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के छमरिया विकास खंड के तहत नंबर 45 टुपामारी ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार अनियमितताओं की रिपोर्ट सामने आने के बाद लोगों में कड़ी प्रतिक्रिया आई है। मिली शिकायत के अनुसार पंचायत का प्रधान चुने जाने के बाद से ही पंचायत की प्रधान जबेदा हानुन और उनके पति रबीउल हुसैन पर आरोप लगाया है कि पंचायत में विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सरकार के नियम-कायदे चुपचाप व्यापक भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का सहारा ले रहे हैं। शिकायत के अनुसार पंचायत के गरीब लाभार्थियों को वंचित कर पंचायत की प्रधान जबेदा हानुन ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया और अपने घर में पक्का मकान होने के बावजूद अपने पति रबीउल हुसैन का नाम पर सरकारी आवास योजना के घर रुपए हड़पने का जाल बिछाया है। पंचायत का अध्यक्ष जबेदा हानुन और उनके पति रबीउल हुसैन ने पंचायत का सभी योजनाओं पर दाये-बाये मारकर पैसा हड़पते आए हैं। पंचायत का पीएम आई योजना और एम जी एन रेगा पर भारी मात्रा में दुर्नीति करने का आरोप लगाया है पंचायत के लोग ने। सरकारी प्रत्येक अभिलाषी योजना पर पंचायत अध्यक्ष जबेदा हानुन और उनके पति रबीउल हुसैन किए गए दुर्नीति भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी योजनाओं पर पंचायत का रफीकुल इस्लाम नामक एक व्यक्ति ने खंण्ड उन्नयन अधिकारी को लिखित रूप में सुचित किया। लिखित अभियोग पर छमरीया खंण्ड उन्नयन अधिकारी दिप्त कान्त चामुवा के नेतृत्व में एक दल ने सरजमीन तदन्त किया। अबतक तदन्त जारी है। पंचायत अध्यक्ष जबेदा हानुन और उनके पति रबीउल हुसैन के दुर्नीति के खिलाफ उपयुक्त तदन्त करके दोषी को उचित सज़ा देने की मांग किया पंचायत के सचेतन नागरिक ने।

## राहुल गांधी मुद्दे पर सोनतली में एनएसयूआई का मौन प्रदर्शन




**नागरबेड़ा ( निसं )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सांसद पद रद्द करने का फैसला और भाजपा के लोकतंत्र को खत्म करने के खिलाफ प्रदर्शन किया। कामरूप जिले के बोको निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोनतली में आज मौन विरोध प्रदर्शन किया गया। कामरूप जिला एनएसयूआई की पहल पर और बोको एनएसयूआई के सहयोग से सोंताली परिदर्शन डाक बंगला के पास आयोजित मौन विरोध कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के एक वर्ग ने भाग लिया। कार्यक्रम में कामरूप जिला एनएसयूआई अध्यक्ष शाकील आहमेद, मीर मुशर्रफ हुसैन, बाबुल हुसैन और संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## वृद्ध महिलाओं को लायंस केयर ने कराई रोपवे की सैर




**गुवाहाटी।** काहिलीपाड़ा स्थित सनेह नामक वृद्धआश्रम की वृद्ध महिलाओं को लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी केयर ने पिकनिक के उद्देश्य से ब्रह्मपुत्र नद पर स्थित रोपवे की सैर करवाई। जिसका सभी वृद्ध माताओं ने जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर क्लब की तरफ से सभी महिलाओं को खाने पीने की वस्तुएं एवं पहनने के लिए कैप दी गई। इसके बाद सभी महिलाओं को खाना खिलाने के लिए शहर के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट ले जाया गया जहां पर सभी ने स्वदिष्ट भोजन का लुत्फ लिया। क्लब की ओर से सभी माताओं के लिए उनके उपयोगी सामान जैसे क्रीम, पाउडर, कंघा, साबुन, छोटा बैग, चप्पल, तकिया कवर भी उपलब्ध करवाए गए। लायंस जिला द्वारा दिए गए केयर फॉर हर को सार्थक करते हुए क्लब के सदस्यों ने सही अर्थ में इन वृद्ध माताओं का दिल जीत लिया। अंत में सभी महिलाओं ने हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करते हुए सभी क्लब सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य और उज्वल भविष्य की कामना करते हुए हृदय से आभार व्यक्त किया। ज्ञात रहे क्लब पिछले कई वर्षों से निरंतर इस वृद्ध आश्रम में अपनी ओर से हर महीने राशन उपलब्ध करवाता रहा है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अमित अग्रवाल, क्लब सचिव सोनम हरलालका एवं कोषाध्यक्ष नितिशा बेड़िया के अलावा गौरव हरलालका, पूनम अग्रवाल, सुमन सूद, रश्मि बंसल, ऋषभ -अंतिमा लोढ़ा, अभिषेक- ज्योतिका सोनी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली से 7 अप्रैल को 'श्रीरामायण यात्रा' के लिए रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

अजय त्यागी

**नई दिल्ली।** भगवान श्रीराम में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। भारतीय रेलवे द्वारा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन श्री रामायण यात्रा के लिए राम नवमी के बाद 7 अप्रैल को चलायी जाएगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी व पर्यटकों को मयार्दा पुरुषोत्तम राम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का भ्रमण व दर्शन कराएगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस पूर्णतया वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी व द्वितीय श्रेणी के यात्री कोच हैं और इसके अतिरिक्त दो रेल डाइनिंग रेस्तरां एक आधुनिक किचन कार व यात्रियों के लिए फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, आधुनिक एवं स्वच्छ शौचालय और शॉवर क्यूबिकल आदि की सुविधा भी उपलब्ध होगी। साथ ही सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर एवं सीसीटीवी कैमरे भी प्रत्येक कोच में उपलब्ध रहेंगे। पूरी यात्रा में कुल 18 दिन लगेंगे। यात्रा का पहला पड़ाव प्रभु श्री राम का जन्म स्थान अयोध्या होगा जहां श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री हनुमान मंदिर व नंदीग्राम में भरत मंदिर के दर्शन कराये जाएंगे। अयोध्या से रवाना होकर यह ट्रेन सीतामढ़ी जाएगी। यहां से कुछ दूरी पर नेपाल के जनकपुर स्थित राम जानकी मंदिर का दर्शन प्राप्त किया जा सकेगा। जनकपुर के बाद ट्रेन का अगला पड़ाव बक्सर होगा जहां रामरेखा घाट व पुरातन मंदिरों के भ्रमण के उपरांत पर्यटक ट्रेन द्वारा काशी के लिए प्रस्थान करेंगे। भगवान शिव की नगरी काशी में पर्यटक काशी के प्रसिद्ध मंदिरों का भ्रमण करेंगे। काशी सहित सीता समाहित स्थल, प्रयाग, श्रृंगवेरपुर, व चित्रकूट




की यात्रा बसों द्वारा सम्पन्न होगी। इस दौरान काशी प्रयाग व चित्रकूट में रात्रि विश्राम होगा। चित्रकूट से चलकर यह ट्रेन नासिक पहुंचेगी जहां पंचवटी व त्रयंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण किया जा सकेगा। नासिक के पश्चात प्राचीन किष्किंधा नगरी हंपी इस ट्रेन का अगला पड़ाव होगा जहां अंजनी पर्वत स्थित श्री हनुमान जन्म स्थल व अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक व विरासत मंदिरों का दर्शन कराया जाएगा। हम्पी के पश्चात ट्रेन रामेश्वरम पहुंचेगी। रामेश्वरम में पर्यटकों को प्राचीन शिव मंदिर व धनुषकोडी का दर्शन लाभ प्राप्त होगा। यहां से पर्यटक अगले गंतव्य स्थल तेलंगाना राज्य में स्थित भद्राचलम के लिए रवाना किए जाएंगे जिसे दक्षिण की अयोध्या भी कहा जाता है। इस ट्रेन का अंतिम पड़ाव नागपुर होगा जहां पर्यटक रामटेक मंदिर का भ्रमण करेंगे। नागपुर से से चलकर यह ट्रेन 18 वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी।

इस दौरान ट्रेन द्वारा लगभग 7500 किलोमीटर की यात्रा पूरी की जाएगी। यह विशेष पर्यटक ट्रेन, भारत सरकार की पहल "देखो अपना देश" और एक भारत श्रेष्ठ भारत के अनुरूप, घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही है। आईआरसीटीसी ने इस विशेष यात्रा के एसी प्रथम श्रेणी में कूपे के लिए 1,68,950 रुपये प्रति व्यक्ति, कैबिन के लिए 1,46,545 रुपये प्रति व्यक्ति एवं एसी द्वितीय श्रेणी की यात्रा के लिए 1,14,065 रुपये प्रति व्यक्ति का किराया निर्धारित किया है। इस टूर पैकेज की कीमत में यात्रियों को रेल यात्रा के अतिरिक्त स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन, वातानुकूलित बसों द्वारा पर्यटक स्थलों का भ्रमण, एसी होटलों में ठहरने की व्यवस्था, गाइड व इंश्योरेंस आदि कि सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बुकिंग की सुविधा वेबसाइट पर, पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

# भारत-अफ्रीका सेना प्रमुखों का सम्मेलन... राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री ने कहा कि अफ्रीकी देशों के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण देने और उन्हें 21वीं सदी की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने में भारत सबसे आगे रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यापक क्षेत्रों को कवर करते हैं, जिसमें उग्रवाद-विरोधी अभियान, शांति स्थापना, समुद्री सुरक्षा और साइबर युद्ध और ड्रोन संचालन जैसे नए डोमेन में विशेष प्रशिक्षण शामिल हैं। इसमें आपदा प्रबंधन, मानवीय सहायता और चिकित्सा सहायता जैसे क्षेत्रों में नागरिकों को प्रशिक्षण देना भी शामिल है। विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए बड़ी संख्या में अफ्रीकी देशों के सशस्त्र बल के जवान भारत आते रहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और अफ्रीकी देशों के बीच संयुक्त अभ्यास सशस्त्र बलों को एक-दूसरे से सीखने और पारस्परिकता को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने 'ऑफइंडेक्स' को क्षमता विकसित करने और आपसी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अफ्रीकी देशों पर भारत के निरंतर ध्यान का प्रतिबिंब बताया।

उन्होंने कहा कि भारत समुद्री पड़ोसियों के रूप में हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है, इसलिए समुद्री सुरक्षा, हाइड्रोग्राफी, आतंकवाद और उग्रवाद का मुकाबला करने में हमारा सहयोग क्षेत्रीय शांति और समृद्धि के लिए आवश्यक होगा। भारत-अफ्रीका सेना प्रमुखों के इस सम्मेलन का बिषय 'क्षेत्रीय एकता के लिए अफ्रीका-भारत सेना-अमृत' रखा गया है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग तंत्र के हिस्से के रूप में भारत और अफ्रीकी देशों की सेनाओं के बीच तालमेल को मजबूत करना और सुधारना है। कॉन्क्लेव ने भारतीय रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के अलावा संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण, शांति अभियानों के निष्पादन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक संस्थागत ढांचे को विकसित करने के लिए राष्ट्रों के बीच संयुक्त प्रशिक्षण और रक्षा सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया है।

यह सम्मेलन भारत और अफ्रीकी देशों के बीच गहरे रक्षा संबंधों में एक प्रमुख मील का पत्थर है, जिससे क्षेत्रीय सहयोग बढ़ रहा है।

# नड्डा 6 अप्रैल को मानेसर से करेंगे भाजपा के 'गांव-गांव चलो-घर घर चलो' अभियान की शुरूआत

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी का अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा राष्ट्रीय अभियान गांव-गांव चलो-घर घर चलो के तहत देश के सभी राज्यों में एक लाख गांव तक जाएगा और इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता करीब एक करोड़ घरों तक संपर्क करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण ने एक पत्रकार वार्ता में मंगलवार को बताया कि यह अभियान भाजपा के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर की जयंती तक चलेगा। इसी बीच 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती भी आती है



जिसको कार्यकर्ता गांव में मनाएंगे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल से हमारे इस अभियान की शुरूआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हरियाणा के मानेसर से करेंगे। भारतीय जनता पार्टी देश के गांव-गांव में जाकर मोदी सरकार के पिछले 9 सालों में पिछड़े वर्ग के लिए किए गए विकास कार्यों की जानकारी देंगे। वहीं यह भी बताएंगे कि कांग्रेस की 60 साल की हुकूमत के दौरान कैसे ओबीसी वर्ग को धोखा दिया गया। लक्ष्मण ने कहा कि ओबीसी समाज के नाम पर कई नेताओं ने अपने दल बनाए हैं लेकिन उन्होंने कभी इस समाज के हित के लिए काम नहीं किया। यह दल केवल नेताओं के परिवार के लिए काम करते रहे। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चे के सांसदों ने मंगलवार को संसद भवन में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उनके मोदी सरनेम के खिलाफ दिए गए कथित अपमानजनक बयान पर माफी मांगने को कहा।

# हंगामे के चलते संसद की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

राकेश शर्मा

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही मंगलवार को लगातार 11वें दिन पक्ष-विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के चलते बाधित रही। व्यवधान के चलते कार्यवाही पहले दोपहर दो बजे और फिर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में सुबह कायारंभ के साथ ही कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बाद में कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी विपक्ष पट्टियां लेकर सदन के बीचों बीच प्रदर्शन करने लगा। इसे देखते हुए चेयर की ओर से कार्यवाही दिन भर तक के लिए स्थगित कर दी गई। दूसरी और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से सुबह महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, लवलीना



बोगोर्हेन, नीतू घनघस और स्वीटी बूरा को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमारी महिला मुक्केबाजों ने 15 से 26 मार्च, तक नई दिल्ली में आयोजित महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियां भारत के भविष्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी और युवा महत्वाकांक्षी एथलीटों को प्रेरित करेंगी। उनकी उपलब्धियां कड़ी मेहनत, धैर्य, दृढ़ संकल्प और शानदार कौशल के प्रदर्शन की परिणति हैं। इन महिला मुक्केबाजों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यह 'नारी शक्ति' के पुनरुत्थान का युग है। दोपहर में राज्यसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर सभापति ने कार्य मंत्रणा समिति की ओर से लिए गए निर्णय की जानकारी दी। बाद में कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया।

# सरकारी बंगला खाली करेंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा सदस्यता गंवाने के बाद राहुल गांधी अब अपना सरकारी आवास भी खाली करने जा रहे हैं। इस संबंध में राहुल गांधी ने मंगलवार को एक पत्र लिखकर लोकसभा सचिव डॉ. मोहित रंजन को अवगत करा दिया है। असल में लोकसभा आवास समिति ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सरकारी बंगला खाली करने के लिए सोमवार को नोटिस दिया था। इसी नोटिस का जवाब देते हुए राहुल ने आज कहा कि वह 12, तुगलक लेन के सरकारी बंगले को बिना किसी पूर्वाग्रह के आदेश का पालन करते हुए खाली कर देंगे। राहुल ने लोकसभा सचिव मोहित रंजन को लिखे पत्र में कहा कि 12 तुगलक लेन स्थित उनके घर के आवंटन को रद्द किए जाने के संबंध में आपके पत्र के लिए धन्यवाद। राहुल ने कहा कि वह चार बार से लोकसभा सांसद रहे और 12, तुगलक लेन में रहे। यहां से उनकी बहुत सारी सुंदर यादें जुड़ी हैं। लेकिन वह नियम का पालन करते हुए इस बंगले को खाली कर देंगे। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आवास समिति ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस भेजा था। बंगला खाली करने के लिए राहुल को एक माह का समय दिया गया है। राहुल गांधी को 2004 में लोकसभा सांसद चुने जाने के बाद 12, तुगलक लेन स्थित बंगला आवंटित किया गया था। तब से वह



इसी आवास में रह रहे हैं। लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित राजन ने सोमवार को राहुल गांधी को आवास खाली करने के संबंध में नोटिस भेजा गया था। इसमें लोकसभा सचिवालय की ओर जारी अधिसूचना संख्या 21/4(3)/2023/टीओ(बी) का हवाला देते हुए कहा गया है कि 23 मार्च 2023 से 17वीं लोकसभा की सदस्यता से आपकी अयोग्यता/समाप्ति के परिणामस्वरूप, मुझे यह निर्देश हुआ है कि आपको बंगला संख्या 12, तुगलक लेन अधिकतम एक महीने यानी 22.04.2023 तक की अवधि के लिए बनाए रखने की अनुमति है। नोटिस में कहा गया है कि आवास का आवंटन 23 अप्रैल 2023 से रद्द माना जाएगा। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के एक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। जिसके एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। संसद सदस्य न होने के कारण अब राहुल गांधी को अपना सरकारी बंगला भी खाली करना होगा।

# वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभाग करने पहुंचे विदेशी प्रतिनिधि पंतनगर एयरपोर्ट

**रामनगर, (हि.स.)।** उत्तराखंड के नैनीताल जिले के रामनगर होने वाले जी-20 के वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के विदेशी प्रतिनिधि मंगलवार को दोपहर पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पर उनका लोकनृत्यों के बीच स्वागत किया गया। जी-20 के वैज्ञानिक सलाहकार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज 17 देशों के 38 प्रतिनिधि पंतनगर एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां इन विदेशी प्रतिनिधियों का छोलिया नृत्य से स्वागत किया गया। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने विदेशी प्रतिनिधियों को उत्तराखंड की टोपी पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। ये सभी प्रतिनिधि पंतनगर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से नौ लक्जरी बसों से बाजपुर, नयागांव होते हुए रामनगर के ढिकुली गांव स्थित ताज रिजॉर्ट में जायेंगे। इस दौरान उनके साथ पुलिस का सख्त पहरा रहेगा, जिसमें कमांडो ट्रेनिंग प्राप्त सुरक्षाकर्मी रहेंगे। रास्ते में किसी जगह पर प्रशासन ने उनके लिए



अल्प विश्राम और नाश्ते का प्रबंध भी किया गया है। सड़क मार्ग से सीधे सभी प्रतिनिधि नगर से दस किलोमीटर दूर ढिकुली गांव के ताज रिजॉर्ट में जायेंगे। पूरे सड़क मार्ग को काफिले के आवागमन के दौरान जीरो जोन घोषित किया गया है। इस दौरान अन्य वाहनों को रोक दिया जाएगा। रामनगर में भाजपा संगठन और नगरवासी उनका मुख्य मार्गों पर तिरंगा दिखाकर स्वागत करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वैज्ञानिक सलाहकार सम्मेलन में पहुंचने वाले सभी विदेशी मेहमानों के लिए 29 मार्च को नमः रिजॉर्ट में एक रात्रिभोज का आयोजन किया है, जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे। इसी रिजॉर्ट में मेहमानों के लिए उत्तराखंड के लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाए जायेंगे, जिसके लिए करीब ढाई सौ कलाकारों ने खास तैयारी की है। मुख्यमंत्री धामी कल बुधवार को सुबह ग्यारह बजे रोडवेज मैदान में एक आमसभा को भी सम्बोधित करेंगे, जहां वह रामनगर वासियों को करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

# दिल्ली में कारोना की पॉजिटिविटी रेट 10 फीसदी, संक्रमण की रफ्तार तेज

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ दिनों में संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है, इससे चिंता बढ़ने लगी है। दिल्ली के चार जिलों में वीकली टेस्ट पॉजिटिविटी रेट (टीपीआर) 10 फीसदी से अधिक हो गया है। टीपीआर का मतलब कुल टेस्ट किए गए नमूनों में संक्रमित पाए गए दर से है। दक्षिणी दिल्ली में 13.8 फीसदी संक्रमण दर पहुंच गया है तो पूर्वी दिल्ली में 13.1 फीसदी संक्रमित निकल रहे हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 12.3 फीसदी और मध्य जिले में 10.4 फीसदी संक्रमित पाए जा रहे हैं। सोमवार को दिल्ली में 115 नए कोरोना संक्रमित पाए गए और पॉजिटिविटी रेट 7.45 फीसदी हो गई है। इससे पहले रविवार को 9.13 फीसदी संक्रमण दर के साथ 153 कोरोना मरीज पाए गए। शनिवार को 4.98 फीसदी पॉजिटिविटी रेट के साथ 139 लोग संक्रमित मिले। शुक्रवार को 152 और गुरुवार को 117 केस मिले थे। दिल्ली में पिछले साल अक्टूबर में 100 से अधिक कोरोना संक्रमित पाए गए थे। गुरुग्राम में इस महीने 300 लोग कोरोना संक्रमित मिल चुके हैं। 17 मार्च के बाद




से शहर में कोरोना केस तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 10 दिनों में मार्च के 80 फीसदी केस मिले हैं। अकेले सोमवार को 46 नए केस सामने आए हैं। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में सर्वाधिक 706 केस सामने आए थे। गुरुगाम में संक्रमण दर 2.6 फीसदी हो गई है। अभी कुल 155 एक्टिव केस हैं। राहत की बात यह है कि मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं पड़ रही है। केवल एक ही मरीज अभी अस्पताल में है। सोमवार तक मार्च में शहर में 307 केस मिले हैं, जबकि फरवरी में 54 और जनवरी में 40 संक्रमित मिले। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को गौतमबुद्ध नगर में छह नए मरीजों की पुष्टि की, जबकि पांच लोग स्वस्थ हुए। जिले में अब कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 42 हो गई है, जिनका इलाज चल रहा है। इनमें से 38 होम आइसोलेशन में इलाज करवा रहे हैं। जिले में रविवार को चार नए मरीज मिले थे। वहीं, सोमवार को छह मरीज मिले। स्वास्थ्य विभाग ने इससे पहले 25 मार्च को 12 नए मरीजों की पुष्टि की थी। हालांकि, कोरोना के मरीजों की संख्या कम नहीं हुई है। यह लगातार बढ़ रही है। 16 मार्च को 18 सक्रिय मरीज थे। अभी 42 हैं। एक दिन पहले रविवार को मरीजों की संख्या 41 थी। स्वास्थ्य विभाग प्रतिदिन लगभग 500 संदिग्धों की जांच कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अप्रैल से मरीजों की संख्या कम हो सकती है। जिले में सोमवार को कोरोना के 5 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद जिले में सक्रिय परियों की संख्या 42 पहुंच गई है। सोमवार को होम आइसोलेशन से 3 मरीजों की छुट्टी की गई। फिलहाल अस्पताल में 5 मरीजों का उपचार चल रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर जिले में कोरोना को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को लखनऊ में हुई उच्च स्तरीय बैठक में कोरोना के मामलों की समीक्षा के दौरान उन्होंने यह बात कही।

# राष्ट्रपति ने किया बेलूर मठ का दौरा

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की दो दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रसिद्ध बेलूर मठ पहुंचीं, जहां उनकी अगवानी मिशन के महासचिव स्वामी सुविरंदाजी महाराज ने की। राष्ट्रपति यहां मुख्य मंदिर के साथ परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद के कक्ष में भी गईं, जहां वे ध्यान लगाते थे। राष्ट्रपति ने पूरे परिसर का भ्रमण किया। राष्ट्रपति की सुरक्षा के मद्देनजर सभी आगंतुकों के लिए मठ सुबह 10 बजे तक बंद रखा गया था। सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच राष्ट्रपति मुर्मू सुबह नौ बजे राजभवन कोलकाता से बेलूर मठ के लिए रवाना हुई थीं। इसके बाद वे यूको बैंक के 80 साल पूरे होने पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी। दोपहर बाद राष्ट्रपति गुरुदेव रवींद्र नाथ



ठाकुर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए शांति निकेतन जाएंगी। राष्ट्रपति सोमवार को कोलकाता पहुंचीं हैं। यात्रा के पहले दिन उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पैतृक आवास नेताजी भवन का दौरा किया था। उन्होंने ठाकुर परिवार के घर जोरासांको का भी दौरा किया। शाम को नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया, जहां राज्यपाल सी वी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद थीं।

# अडानी मुद्दे पर सवाल पूछती रहेगी कांग्रेस :खड़गे

आशीष वर्मा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि वह अडानी समूह पर लगे आरोपों के मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछती रहेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अडानी समूह पर जो आरोप लगे हैं वह गंभीर है। कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग करती आ रही है। हम उसपर कायम हैं। हालांकि केन्द्र सरकार तरह-तरह के आरोप लगाकर विपक्ष को धमका कर चुप कराना चाहती है लेकिन हम झुकने वाले नहीं हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को घर खाली करने की नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए खड़गे ने कहा कि भाजपा राहुल गांधी



को चुप कराने में लगी है। लेकिन वह चुप नहीं रहेंगे। खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी के साथ रह सकते हैं। वह चाहें तो हमारे पास भी रह सकते हैं। कांग्रेस ऐसी कार्रवाई से डरने वाली नहीं है। उल्लेखनीय है कि आज संसद में जाने से पहले कांग्रेस के सभी लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने संसद भवन परिसर में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दफ्तर में एकत्र हुए। आज पुनः कांग्रेस के सभी सांसद काले कपड़े पहन कर आए थे। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने को लेकर भाजपा को जिम्मेदार मानती है।

# अब 300 रुपए में होंगे केदारनाथ और बद्रीनाथ के विशेष दर्शन

**देहरादून (ईएमएस)।** अब केदारनाथ और बद्रीनाथ के विशेष दर्शन के लिए 300 रुपए देने होंगे। इसकी घोषणा श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ टेंपल कमेटी (बीकेटीसी) ने की है। इसके साथ ही केदारनाथ में 100 किलोग्राम के त्रिशूल की स्थापना की जाएगी। प्रोटोकॉल की व्यवस्था टेंपल कमेटी के कर्मचारी ही देखेंगे। बीकेटीसी ने पिछले दिनों देश के 4 प्रमुख मंदिरों तिरुपति बालाजी, श्रीवैष्णो देवी, श्रीमहाकालेश्वर और श्रीसोमनाथ मंदिरों में पूजा, दर्शन की व्यवस्थाओं के प्रबंधन के अध्ययन के लिए 4 टीमें भेजी थीं। टीम की रिपोर्ट के आधार पर बीकेटीसी ने बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले सभी तरह के वीआईपी से विशेष दर्शनों और प्रसाद के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। बीकेटीसी के कैनाल रोड स्थित कार्यालय में अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बजट को बोर्ड के समक्ष रखा गया। बीकेटीसी बोर्ड बैठक में आगामी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 76,25,76,618 रुपए का बजट प्रस्तावित किया है। बैठक में आगामी कार्यों को लेकर भी कार्ययोजना को स्वीकृति दी गई। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा कि बद्रीनाथ के लिए 39,90,57,492 करोड़ और केदारनाथ के लिए 36,35,19,126 करोड़ का आउटले (परिव्यय) प्रस्तावित है। केदारनाथ में 100 किग्रा का अष्टधातु का त्रिशूल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही मार्कण्डेय मंदिर मक्कूमठ के मंडप का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। बीकेटीसी के कर्मचारी ही मंदिरों में प्रोटोकॉल के तहत दर्शन के लिए आने वाले वीआईपी को दर्शन कराने और प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे वीआईपी सुविधा के नाम पर अव्यवस्था पैदा नहीं होगी।

# राहुल गांधी ने समूचे ओबीसी समुदाय का अपमान किया: स्मृति ईरानी

अजय कुमार

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने की कोशिश में राहुल गांधी ने पूरे ओबीसी समुदाय का अपमान किया है। यह पहली बार नहीं है जब गांधी परिवार ने दलित या पिछड़े समुदाय के लोगों का अपमान किया हो। जब आदिवासी परिवार की महिला राष्ट्रपति बनीं तब भी गांधी परिवार के निर्देश पर एक कांग्रेस सदस्य ने द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया। मंगलवार को सुबह आयोजित प्रेसवार्ता में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि पर प्रहार करने के लिए उन्होंने देश और विदेश में झूठ बोला। देश की संसद



में झूठ बोला। राहुल गांधी के निशाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं और पीएम मोदी के निशाने पर देश का विकास है। अपनी राजनीतिक बौखलाहट में राहुल गांधी का पीएम के प्रति विष देश के प्रति अपमान में बदल चुका है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि पीएम नरेन्द्र मोदी की ताकत उनकी छवि है। राहुल गांधी ने 4 मई 2019 को मैगजीन के इंटरव्यू में प्रण लिया कि वे पीएम की छवि पर तब तक प्रहार करते रहेंगे, जबतक वह नष्ट न हो जाए।

स्मृति ईरानी ने कहा कि गांधी परिवार ने सत्ता में रहते हुए पीएम मोदी की छवि खराब करने की पूरी कोशिश की लेकिन वे न जनता का प्रेम पीएम मोदी के लिए कम कर सके और न जनता का साथ। युवा कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर स्मृति ईरानी ने कह कि शब्द राहुल गांधी के हैं, संस्कार सोनिया गांधी के हैं, बस जबान युवा कांग्रेस की हैं। कांग्रेस का जो नेता प्रमोशन चाहेगा इस प्रकार की टिप्पणियां करता रहेगा।

# योगी सरकार में माफिया अतीक के खौफ का हुआ अंत : राकेश त्रिपाठी



लखनऊ, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने माफिया अतीक अहमद सहित अन्य आरोपितों को प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने पर बयान जारी कर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में अतीक के खौफ का अंत हुआ है। अभियोजन पक्ष ने मजबूती से कोर्ट में पक्ष रखा, ये योगी सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति से संभव हुआ। एक समय था जब अतीक के मामले में सुनवाई से दर्जनभर न्यायाधीशों ने अपने आप को अलग कर लिया था। आज न्याय हुआ है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प पूरा करके रहेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज जिले में 17 साल पूर्व हुए उमेश पाल अपहरण कांड मामले में मंगलवार को एमपी एमएलए कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अतीक और उसके भाई अशरफ समेत 10 आरोपियों में से सात को दोषमुक्त कर दिया है। जबकि अतीक, दिनेश पासी और खान शौलत हनीफ को दोषी पाए जाने पर उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति के आदेश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री ने डॉक्टर वाई डी सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण



बस्ती (हि.स.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर निरन्तर अग्रसर है। एडी एकेडमी धर्मपुर दुबौलिया के परिसर में आयोजित "डॉक्टर वाई डी सिंह" की प्रतिमा का अनावरण एवं उनकी कृतियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए योगी ने कहा की डॉक्टर वाई डी सिंह सरकारी नौकरी करते हुए भी समाज सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके योगदान को पूरा पूर्वांचल जानता है। अपनी ड्यूटी पूरा करने के बाद आवास पर भी मरीजों को देखते थे। लाखों बच्चों को उन्होंने जीवन दान दिया है। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। बच्चों को दिखाने के लिए नेपाल से लोग आते थे और वे निःशुल्क इलाज करा कर वापस जाते थे। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। बिना भेदभाव के वह सभी लोगों का इलाज करते थे। एक समय ऐसा था जब सरकारें मेडकिल कॉलेज में पैसा कम देती थीं तो उन्होंने गोरखपुर मेडकिल कॉलेज में अपने पैसों से बहुत से कार्य ऐसे कराए जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। केंद्र और प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य करा रही है। उसका लाभ सभी को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र बस्ती की यात्रा पर आये थे। तब उन्होंने बस्ती की दशा पर कहा था "बस्ती को बस्ती कहूं तो काको कहूं उजाड़" लेकिन अब यह बस्ती वह बस्ती नहीं रहा। बस्ती विकास की ओर निरन्तर अग्रसर है। मुंडेरवा की चीनी मिल कुछ समय मे पेट्रोल तथा डीजल बनाने जा रही है। इससे यहां के लोगों की जरूरतें पूरी होंगी। बिजली की व्यवस्था पहले जैसी नहीं रही। नई तकनीक से बिजली व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। बस्ती की धरती पवित्र धरती है। मखधाम मखौड़ा में महाराज राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ किया था। तब जाकर भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए इस जगह को भगवान राम की उद्भव स्थली मानी जाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी करने के बावजूद भी वह एक दम से साधारण दिखते थे। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अपनी जिम्मेदारी को समझना चाहिए। तभी हमारा देश आगे होगा।

# गरीबों का 2014 के पहले बैंक में नहीं होता था खाता : ब्रजेश पाठक

बांदा, (हि.स.)। पहले यह घोटालों का प्रदेश था, आज कानून का राज है और कानून का सामना करते हुए तमाम भ्रष्टाचारी जेल में है। 2014 के पहले गरीबों का बैंक में खाता नहीं होता था। मोदी सरकार ने सभी गरीबों का बैंक खाता खोलकर उनको आवास, शौचालय, गैस, बिजली कनेक्शन के साथ-साथ घर-घर नल के माध्यम से जलजीवन मिशन के द्वारा पीने का पानी भी पहुंचाया जा रहा है। यह बात जनपद बांदा प्रवास पर आए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी धाम जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं व विचार परिवार की बैठक को संबोधित करते हुए कही। कार्यकताओं द्वारा किए गए भव्य स्वागत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं सभी कार्यकताओं को भरोसा दिलाता हूं कि हर परिस्थिति में मैं अपने कार्यकर्ता के साथ हूं। कार्यकताओं के मान-सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के अथक परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से योगी सरकार पुनः प्रदेश में आई है। बताया कि प्रत्येक जनपद में एक मेडिकल कॉलेज की योजना अंतर्गत 65 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं जबकि 22 निमार्णाधीन हैं। गोवर्धन योजना से अब उत्तर प्रदेश में गाय का गोबर किसानों के लिए अतिरिक्त आमदनी का स्रोत बनेगी। गाय के गोबर से प्रदेश की कुछ कंपनियों ने पेंट बनाने का काम शुरू किया है। पशुधन के संरक्षण और संवर्धन हेतु प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा अब उत्तर प्रदेश उपद्रवियों के लिए नहीं बल्कि उत्सव के लिए जाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश अब माफियाओं के लिए नहीं बल्कि महोत्सव के लिए माना जाएगा। उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू कर रहेगा। जिला भाजपा संयोजक संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके सिंह पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बुंदेलखंड विकास बोर्ड उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह चौहान तथा महेंद्र सिंह वर्मा, पूर्व राष्ट्रीय परिषद सदस्य अजय पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह, महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, अखिलेश दीक्षित, कल्लू सिंह राजपूत, विवेकानंद गुप्ता, धर्मेंद्र त्रिपाठी, मनोज पुरवार, मनीष गुप्ता, डॉक्टर देवेंद्र भदौरिया, पूर्व जिला महामंत्री गिरजेश तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी, शैलेंद्र जायसवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहित गुप्ता, पूर्व प्रांतीय परिषद सदस्य राकेश तिवारी, राहुल द्विवेदी, सुरेश तिवारी, सुधीर त्रिवेदी, अरुण सिंह पटेल, दीपक सिंह परिहार, अलख नारायण मिश्रा, प्रमोद त्रिपाठी आदि बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यूपी सरकार के छह साल पूरे होने पर पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने लगवाया स्वास्थ्य शिविर

लखनऊ, (हि.स.)। अंसल में स्थित जीडी गोयनका स्कूल के परिसर में यूपी सरकार के छह साल पूरे होने पर स्वाती फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर लगाया गया। इस अवसर पर विशिष्ट लोगों को वामा सम्मान से सम्मानित भी किया गया। स्वाती फाउंडेशन द्वारा लगाये गये शिविर में एक हजार महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण का लक्ष्य था, लेकिन डेढ़ हजार से अधिक महिलाएं पहुंची।

चैत्र नवरात्र के सप्तमी को लगे इस शिविर में महिलाओं के समूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं की सामान्य परेशानी जो महामारी का रूप ले लेती है, उसे स्वाती ने समझा, इसके लिए स्वाती का साधुवाद करता हूं। इतनी संख्या में जो लोग आये हैं, उन्हें देखकर स्वाती के प्रति मेरा सिर गर्व से ऊंचा हो गया। विनोद कुमार शाही ने कहा कि महिलाएं पैदाइशी अध्यापक होती हैं। अशिक्षित महिलाएं भी आपको वह शिक्षा दे सकती हैं, जो पीएचडी से भी नहीं मिल सकती। यदि हम सिर्फ उनके स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखें तो वे सब कुछ दे सकती हैं, जो कहीं नहीं मिल सकता। जहां पिता अध्यापक हों, वहां तो बच्चे ठीक कर सकते हैं, लेकिन जहां महिलाएं अध्यापक हों, वहां बहुत ठीक-ठाक होगा। स्वाती फाउंडेशन की अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वक्त महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं।

प्रदेश में योगी सरकार के छह साल पूरे हुए हैं। इस कारण महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता कर यह इस शिविर का आयोजन किया गया है। स्वाती सिंह ने कहा कि एक नारी की वेदना क्या हो सकती है? इसे मैं बेहतर ढंग से जानती हूं। इस कारण हर वक्त जितना हो सके, मैं महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करती रहती हूं। आगे भी करती रहूंगी। यह मेरे लिए राजनीति का केंद्र नहीं है, यह समर्पण का भाव है। इसके लिए जो भी कर सकती हूं, वह मुझे कम लगता है।

# सपा गुंडों व माफियाओं की हिमायती : नितिन अग्रवाल

**– कहा, 2024 का लोकसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से विजय भाजपा का लक्ष्य**



झांसी, (हि.स.)। लोकसभा चुनाव की तैयारी और व्यापारी सम्मेलन में भाग लेने झांसी आए स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल ने अतीक अहमद को अहमदाबाद से प्रयागराज लाने के दौरान गाड़ी पलटने और एनकाउंटर की लगातार चचाएं करने वाली समाजवादी पार्टी को गुंडों व माफियाओं की पार्टी बताया। कहा कि योगी सरकार माफियाओं पर कार्यवाही करती है, इसलिए अपने आप को समाजवादी बताने वालों को तकलीफ होती है। सपा गुंडों व माफियाओं की संरक्षक और हितैषी पार्टी है। सर्किट हाउस में मंगलवार को पत्रकारों से वार्ता के दौरान उतर प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्य निषेध स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल ने सपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि अतीक अहमद जैसे कुख्यात अपराधी माफिया को अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाने के दौरान अखिलेश यादव द्वारा लगातार उसकी लोकेशन और गाड़ी पलटने की आशंका जताई गई। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे माफियाओं से विशेष लगाव है। मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी माफियाओं को संरक्षण देती है। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में जिस प्रकार माफियाओं व गुंडों पर बुलडोजर चलाने की प्रभावी कार्यवाही की है। उस कार्यवाही से सपा को खासी तकलीफ हुई है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि तकलीफ उसी को होती है जो माफियाओं को संरक्षण देता है। मंत्री ने अपने आने का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वह झांसी में व्यापारियों के सम्मेलन में भाजपा के छोटे कार्यकर्ता के रूप में आए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी की पूरी की पूरी सीटों पर पार्टी पूर्ण बहुमत से जीत कर देश में फिर मोदी सरकार बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। इसलिए वह एक सिपाही के रूप में लगातार झांसी सहित यूपी के सभी जिलों में जाकर व्यापारियों से वातालार्प कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग के साथ समीक्षा की गई है। भांग की दुकानों तथा अन्य स्थानों पर बिकने वाले मादक पदार्थ और नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

# क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे कमलेश मिश्रा, भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



लखनऊ, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अवध क्षेत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार मंगलवार को निरालानगर स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने पर विधान परिषद सदस्य अवनीश सिंह पटेल, युवा मोर्चा के राहुल राज रस्तोगी, भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रघुनन्दन कुमार चौरसिया समेत कई कार्यकताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा कल यानि अष्टमी के दिन पदभार ग्रहण करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होते ही कमलेश मिश्रा काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के लिए काशी रवाना हो गये थे। काशी से लौटकर वह सीधे भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मिलने दिल्ली चले गये थे। दिल्ली से लौटकर कमलेश मिश्रा ने भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल से मुलाकात की। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने धर्मपाल सिंह को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र व हनुमान चालीसा भेंटकर आभार व्यक्त किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश और चौधरी लक्ष्मण सिंह से भी कमलेश मिश्रा ने भेंट की है।

# रामनवमी पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 3500 जवानों की होगी तैनाती




**ड्रोन और सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी पैनी नजर**

रांची, (हि.स.)। रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अल्बर्ट एक्का चौक और डोरंडा सहित अन्य जगहों पर काफी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। अति संवेदनशील क्षेत्र में रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी । पूरी सुरक्षा की मॉनिटरिंग एसएसपी किशोर कौशल खुद कर रहे हैं और अधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दे रहे हैं। सुरक्षा में कहीं किसी प्रकार की चूक न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पांच आईपीएस के अलावा 12 डीएसपी, 30 इंस्पेक्टर और 250 दरोगा सहित 3500 पुलिसकर्मी रामनवमी की सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को बताया कि रामनवमी को लेकर रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है।

ड्रोन कैमरा और सीसीटीवी कैमरा से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी रहेंगे सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर है। इसके लिए साइबर सेल की टीम लगातार काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को सभी अखाड़ा धारी भव्य शोभायात्रा निकालेंगे इस दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है।

# आईएएस राजीव अरुण एक्का दूसरे दिन भी पहुंचे ईडी दफ्तर, पूछताछ शुरू



रांची, (हि.स.)। आईएएस राजीव अरुण एक्का मंगलवार को दूसरे दिन भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। ईडी ने सोमवार को करीब दस घंटे तक 1994 बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से पूछताछ की थी। ईडी अधिकारी उनसे जानना चाहते हैं कि मनी लॉड्रिंग के संदिग्ध विशाल चौधरी के पास उनके विभाग के आधिकारिक दस्तावेज कैसे मिले। एक्का को ईडी ने निजी तौर पर रिकॉर्ड किए गए कुछ वीडियो क्लिप दिखाए। इनमें वह विशाल चौधरी के साथ नजर आ रहे हैं। इसमें एक ऐसी क्लिप है जिसमें वह एक आधिकारिक फाइल को देख रहे हैं और उस पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। बैकग्राउंड में विशाल चौधरी के रूप में पहचाने जाने वाला व्यक्ति भुगतान के बारे में बात कर रहा। एक्का को 15 मार्च को हाजिर होने को कहा गया था, तब उन्होंने विधानसभा सत्र चलने का हवाला देकर ईडी से समय मांगा था। ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए 27 मार्च की तारीख तय की थी। ब्लैक मनी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित विशाल चौधरी के साथ संबंध की पुष्टि होने के बाद एक्का ईडी के रडार पर आए हैं।

उल्लेखनीय है कि पांच मार्च को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव और गृह सचिव राजीव अरुण एक्का पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक वीडियो क्लिप जारी की थी। मरांडी ने आरोप लगाया था कि जिस विशाल चौधरी के घर ईडी ने छापेमारी की थी, उसके निजी कार्यालय में बैठ कर वह सरकार के गृह विभाग की फाइलें निपटा रहे हैं। इस वीडियो में बगल में एक महिला है, जो सचिव राजीव अरुण एक्का को फाइल दिखाने में सहयोग कर रही है। वह महिला विशाल चौधरी की स्टाफ है। वीडियो सार्वजनिक होने के बाद सरकार ने राजीव अरुण एक्का को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, गृह कारा सचिव के पद से हटा कर प्रधान सचिव, पंचायती राज बनाया है।

# रंजित कोहली ने गवाह पेश करने के लिए सीबीआई कोर्ट से मांगा समय



रांची, (हि.स.)। रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तारा शाहदेव से जुड़े मामले की मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के यौन उत्पीड़न केस में बचाव पक्ष ने गवाह प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा है। कोर्ट ने बचाव पक्ष यानी रंजित कोहली के आग्रह को स्वीकार करते हुए गवाह प्रस्तुत करने के लिए 11 अप्रैल का समय दिया है। इससे पहले सभी आरोपितों के 313 का बयान दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 26 गवाह अदालत के समक्ष पेश किए हैं। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। इसके बाद सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

# सोशल मीडिया पर सक्रिय 4756 गैंग का मुख्य सरगना गोपाल महतो गिरफ्तार



बेगूसराय, (हि.स.)। बेगूसराय पुलिस की विशेष टीम ने सोशल मीडिया पर सक्रिय 4756 गैंग के सरगना कुख्यात अपराधी गोपाल महतो को पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में बेगूसराय एवं खगड़िया जिला में सक्रिय #4756 गैंग के मुख्य सरगना गोपाल महतो को नगर थाना क्षेत्र के महमदपुर मनोकामना मंदिर के समीप से एक देशी पिस्तौल एवं एक गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि 4756 गैंग का मुख्य सरगना महमदपुर निवासी गोपाल महतो कम उम्र के लड़कों को अपराध की तरफ आकर्षित कर गैंग में शामिल करता था। यह गैंग सोशल मीडिया पर पेज और अकाउंट बनाकर धमकी, साइबर ट्रॉलिंग, साइबर बुलिंग, जमीन कब्जा करने के लिए गोलीबारी, हथियार तस्करी करता था। सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम द्वारा तलाश करने के साथ-साथ सोशल मीडिया ग्रुप पर नजर बनाए हुए थी, चैट को खंगाला जा रहा था। कुछ दिन पहले 4756 गैंग के देवराज एवं उसके सहयोगी गौरव को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सांख तरैया चौक के समीप दो लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसी समय से गोपाल की तलाश की जा रही थी। इस पर लूट, आर्म्स एक्ट, रंगदारी, गोलीबारी कर हत्या का प्रयास सहित आठ मामले दर्ज हैं तथा जेल भी जा चुका है। गोपाल की गिरफ्तारी से युवाओं को अपराध की दुनिया में जाने से रोकने में सफलता मिलने के साथ-साथ जमीन मामले में गोलीबारी की घटना पर भी अंकुश लगेगी। छापेमारी में शामिल टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रेस वार्ता में सदर डीएसपी अमित कुमार एवं नगर थानाध्यक्ष रामनिवास भी उपस्थित थे।

# पटना कॉलेज में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**-वाणिज्य विभाग के मैथ्स डिपार्टमेंट एवं लाइब्रेरी को हुई क्षति**

पटना, (हि.स.)। बिहार की राजधानी के पीरबहोर थाना क्षेत्र के अशोक राजपथ स्थित पटना कॉलेज में आज सुबह पांच बजे आग लग गई। आग ने वाणिज्य विभाग के मैथ्स डिपार्टमेंट और लाइब्रेरी को अपनी जद में ले लिया।



लपटें देखकर कैम्पस में अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। बताया जा रहा है छठ महापर्व पर सुबह अर्घ्य देकर घर जा रहे कुछ लोगों ने लपटों को देखकर दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद दमकल की गाड़ियां कॉलेज पहुंचीं। दमकल कर्मचारियों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में मैथ्स डिपार्टमेंट और लाइब्रेरी को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# अररिया नगर परिषद का आगामी वर्ष का 245.63 करोड़ का बजट हुआ पास



अररिया (हि.स.)। अररिया नगर परिषद के कार्यालय स्थित सभागार में प्रभारी मुख्य पार्षद एवं डिप्टी चेयरमैन गौतम साह की अध्यक्षता में आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट पेश किया गया।बैठक में नगर परिषद के आगामी वर्ष के लिए 245 करोड़ 63 लाख रुपैये का बजट पास कर प्रस्तावना के रूप में बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग को भेजे जाने का ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी भवेश कुमार,प्रभारी चेयरमैन सह डिप्टी चेयरमैन गौतम साह सहित सभी पार्षदगण उपस्थित थे।245.63 करोड़ के बजट में अनुमानित खर्च की राशि 211.21 करोड़ रुपैया दिखाया गया है। मौके पर बजट को लेकर जानकारी देते हुए प्रभारी मुख्य पार्षद गौतम साह ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष के विभिन्न मदो को लेकर कुल 245 करोड़ 63 लाख का बजट पेश किया गया,जिसे ध्वनिमत से पारित किया गया है और बजट के क्रियान्वयन को लेकर बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग को प्रस्ताव भेजा जायेगा।वहां से बजट की राशि पास होने के बाद निर्णयानुसार शहर में विकास और सौंदर्यीकरण का काम किया जाएगा। बजट को लेकर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी भवेश कुमार ने बताया कि 245.63 करोड़ के बजट पारित में 211.21 करोड़ रुपैया का व्यय दिखाया गया है।साथ ही अंतरिम संसाधन के स्रोतों से राशि उपलब्धता के आधार पर बस स्टैंड के लिए 130 करोड़, सामुदायिक भवन के लिए 2 करोड़, वृद्धों के आश्रय स्थल के लिए डेढ़ करोड़,शवदाह गृह के लिए 6 करोड़, शहरी गरीब आवास योजना को लेकर 2 करोड़, पार्किंग के लिए 50 लाख,वेंडिंग जोन के लिए एक करोड़, सड़क और नाला निर्माण कार्य के लिए 66 करोड, रेन वाटर हर्वेस्टिंग को लेकर 15 करोड़, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 7 करोड़ रुपैये का बजट में प्रावधान किया गया है। मैं परिषद के इन योजनाओं को लेकर राशि विमुक्तिकरण के बाद शहर में विकास को द्रुत गति से करने की बात कार्यपालक पदाधिकारी ने की।

## संपादकीय

# भाजपा का विश्वास

इस वर्ष के आखिर में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव है। यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस, दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है। पिछली बार दोनों दलों के बीच कांटे का मुकाबला हुआ था, दोनों ही दलों को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। हालांकि कांग्रेस ने सपा-बसपा और निर्दलीय विधायकों को लेकर एक अस्थिर सरकार बना ली थी, जिसका गिरना तय ही माना जा रहा था। सपा-बसपा और निर्दलियों ने तो नहीं लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत में कांग्रेस की सरकार धराशाही हो गई। पंद्रह साल के वनवास के बाद मिले सत्ता सुख का यूँ छिटक जाना, कांग्रेस के नेताओं को अब तक सता रहा है। इसलिए जहाँ कहीं भी उन्हें भाजपा और सरकार के प्रति थोड़ा भी असंतोष दिख रहा है, उसे और बढ़ाने की मेहनत कांग्रेसी कर रहे हैं। परंतु भाजपा सरकार ने पिछले तीन वर्षों में जिस प्रकार से लोकहितैषी एवं लोकलुभावन योजनाएं शुरू करके मतदाताओं के विभिन्न वर्गों को साधने का प्रयास किया है, उससे भाजपा संगठन का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। भोपाल में भाजपा के प्रदेश कार्यालय की नींव रखने के लिए आए भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा ने जिस तरह 'अबकी बार 200 पार' का नारा दिया है, उससे एक बड़ा संदेश निकलता है कि भाजपा को एक बार फिर सरकार में लौटने का पूर्ण विश्वास है। संभव है कि भाजपा ने कोई सर्वेक्षण कराया हो, जिसके आधार पर उसको इतना तो विश्वास हो गया है कि वह सरकार में लौटेगी। अब उसके नेता इस बात की तैयारी कर रहे हैं कि अपनी जीत को बड़ा कैसे बनाया जाए। कार्यकर्ताओं के विश्वास को पक्का करने और उन्हें सक्रिय करने के लिए भाजपा अध्यक्ष ने अबकी बार 200 पार का नारा दिया है। भाजपा की तैयारी इस बार 51 प्रतिशत मत प्राप्त करने की है। भाजपा का नेतृत्व जब यह लक्ष्य ले रहा है तब उसे अपने असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं एवं संभावित असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं को मनाने की तैयारी अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्हें यह भी सावधानी बरतनी होगी की यह आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं में अति-आत्मविश्वास में न बदल जाए। नगर निगम और नगर पालिका के चुनाव में दिखायी दिया था कि कार्यकर्ताओं के अति-आत्मविश्वास के कारण भाजपा अपने गढ़ हार गई थी। बहरहाल, भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा के आत्मविश्वास की तीन बड़ी वजहें हैं। चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से शिवराज सिंह चौहान लगातार सभी वर्गों को साधने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग समुदाय को भाजपा के पाले में करने के लिए वो हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस के मुकाबले भाजपा के पिछड़ने का सबसे बड़ा कारण अनुसूचित जनजाति वोट बैंक का छिटकना था। बीते तीन वर्षों में मुख्यमंत्री चौहान ने जनजातीय वर्गों के हित के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। पेसा कानून के जरिए जहां उन्हें जल, जंगल और जमीन पर मालिकाना हक दिया गया है, वहीं जनजातीय प्रतीकों और महापुरुषों का सम्मान कर यह भरोसा दिलाया गया है कि भाजपा ही उनकी शुभचिंतक है। महिलाओं एवं युवाओं को भी अपने पक्ष में करने में भाजपा सरकार बहुत हद तक सफल होती दिख रही है। यह भी देखने की बात है कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरने की जगह अपने नेता को स्थापित करने के लिए जोर लगा रही है। दिग्भ्रमित कांग्रेस, स्पष्ट सोच के साथ जनहितैषी योजनाओं पर काम कर रही भाजपा सरकार का कितना मुकाबला कर पाएगी, यह भी विचारणीय प्रश्न है।

> भाजपा की तैयारी इस बार 51 प्रतिशत मत प्राप्त करने की है। भाजपा का नेतृत्व जब यह लक्ष्य ले रहा है तब उसे अपने असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं एवं संभावित असंतुष्ट नेताओं/कार्यकर्ताओं को मनाने की तैयारी अवश्य करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्हें यह भी सावधानी बरतनी होगी की यह आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं में अति-आत्मविश्वास में न बदल जाए। नगर निगम और नगर पालिका के चुनाव में दिखायी दिया था कि कार्यकर्ताओं के अति-आत्मविश्वास के कारण भाजपा अपने गढ़ हार गई थी। इसके साथ ही उन्हें यह भी सावधानी बरतनी होगी की यह आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं में अति-आत्मविश्वास में न बदल जाए। नगर निगम और नगर पालिका के चुनाव में दिखायी दिया था कि कार्यकर्ताओं के अति-आत्मविश्वास के कारण भाजपा अपने गढ़ हार गई थी।

## बोध कथा

# मौत का नहीं, भय का डर

एक बहुत पुरानी तिब्बती कथा है कि एक बार दो उल्लू एक वृक्ष पर आ कर बैठे। एक ने साँप अपने मुँह में पकड़ रखा था। वही उसका भोजन था, एक तरह से सुबह के नाश्ते की तैयारी थी। दूसरा एक चूहा पकड़ लाया था। दोनों जैसे ही वृक्ष पर लगभग पास-पास आ कर बैठे। एक के मुँह में साँप, दूसरे के मुँह में चूहा ! साँप ने चूहे को देखा तो वह यह भूल ही गया कि वह उल्लू के मुँह में है और मौत के करीब है। चूहे को देख कर उसके मुँह में रसधार बहने लगी। वह भूल ही गया कि मौत के मुँह में है। उसको अपनी जीवेषणा ने पकड़ लिया। और चूहे ने जैसे ही देखा साँप को, वह भयभीत हो गया, वह कँपने लगा। ऐसे मौत के मुँह में बैठा है, मगर साँप को देख कर कँपने लगा। वे दोनों उल्लू बड़े हैरान हुए। एक उल्लू ने दूसरे उल्लू से पूछा कि भाई, इसका कुछ राज समझे ? दूसरे ने कहा, बिलकुल समझ में आया। जीभ की, रस की, स्वाद की, भोग की इच्छा इतनी प्रबल है कि सामने मृत्यु खड़ी हो तो भी दिखाई नहीं पड़ती। और यह बात भी समझ में आ गई कि 'भय' मौत से भी बड़ा डर है। मौत सामने खड़ी है, मौत के मुँह में है, उससे भयभीत नहीं है चूहा; लेकिन डर से भयभीत है कि कहीं साँप हमला न कर दे। बात पकड़ में आ गई होगी। मौत से हम भयभीत नहीं हैं, हम भय से, डर से ज्यादा भयभीत हैं।

## अमृत कलश

# तीन बाधाएं, तीन सुख

हमारी मुख्य बाधाएं तीन हैं--बाहर के जगत में सुख की आशा, शरीर के जगत में अमृतत्व की आशा, मन के जगत में सत्य की आशा। तीन बाधाएं हैं। फिर ये तीन बाधाएं प्रत्येक तल पर वापस पुनरुक्त होती हैं। लेकिन आपको उससे बहुत लेना-देना नहीं है। इन तीन बाधाओं को पार कीजिए तो परमात्मा आपको नई तीन बाधाएं दे देगा। उनको पार कीजिए तो और गहरे तल पर नई बाधाएं होंगी। बाधाएं यही होंगी, सिर्फ उनका रूप और तल बदलता जाएगा। और यह अंत तक पीछा करेंगी। और जब कोई भी बाधा न रह जाये, जब लगे कि अब कुछ बचा ही नहीं, तभी आप जानना कि जाना उसे, जिसे जानने को उपनिषद के ऋषि प्यासे हैं; जाना उसे, जिसे जानने को कृष्ण गीता में कहते हैं; जाना उसे, जिसके लिए जीसस सूली पर लटक जाते हैं; जाना उसे, जिसके लिए चालीस वर्ष तक बुद्ध और महावीर गांव-गांव एक-एक आदमी का द्वार खटकाते फिरते हैं। लेकिन इसे जानने के लिए स्वयं को बिलकुल ही मिट जाना पड़ता है। शरीर की तरह, आत्मा की तरह, ईश्वर की तरह, ब्रह्म की तरह भी स्वयं को मिट जाना पड़ता है। जीसस के एक वचन से मैं इस बात को पूरा करूं। जीसस ने कहा है, धन्य हैं वे जो अपने को खोने में समर्थ हैं, क्योंकि केवल वे ही उसे पा सकेंगे जो स्वयं को खो सकते हैं। और अभागे हैं वे जो अपने को बचाने में लगे हैं, क्योंकि जो अपने को बचायेगा, वह सब कुछ खो देता है। ये तीन सूत्र, आप जहां हैं वहां से शुरू करें और आगे की यात्रा अपने आप खुलती चली जाएगी। ये ही तीन सूत्र निरंतर प्रयोग करने पड़ेंगे उस समय तक, जब तक कि कुछ भी बाकी रहे। और जब कुछ भी बाकी न रह जाये, आप भी बाकी न रह जायें और सूत्र भी खो जायें। कोई वक्तव्य देने का उपाय न रह जाये। मेहर बाबा की तरह कहने की जगह न रहे कि मैं ईश्वर हूं। रामतीर्थ की तरह कहने की जगह न रहे कि चांदतारे मुझमें घूमते हैं। अहं ब्रह्मास्मि की घोषणा की भी जगह न रह जाये। क्योंकि किसको घोषणा करनी ? कौन घोषणा करेगा ? जब सब शब्द शून्य हो जायें, सब वाणी गिर जाये, सब व्यक्तित्व खो जाये, तब जो शेष रह जाता है वही परम, वही द अल्टीमेट, वही सब धर्मों की खोज, वही सब प्राणों की प्यास, वही सब आत्माओं की आकांक्षा है।

## सड़कों पर पशुओं की वाहनों से टक्कर के कारण बड़ी दुर्घटनायें हो रही

# इंसानों की नहीं पशुओं की अधिक चिंता ?

**तनवीर जाफ़री**

> तमाम किसानों ने तो इन जानवरों से दुखी होकर अपना मुख्य व्यवसाय खेती ही त्याग दिया है। दूसरी ओर आवारा कुत्ते आये दिन अनेक लोगों को अपनी क्रूरता का शिकार बना रहे हैं। झारखण्ड, आसाम व केरल जैसे कई राज्यों में हाथियों के झुण्ड कभी किसी की फ़सल तबाह कर देते हैं कभी लोगों के मकान ढहा देते हैं कभी फलदार दरख़्त गिरा देते हैं तो कभी किसी की जान ले लेते हैं। हाथियों की दहशत से तो कई जगह लोग इनके प्रकोप से बचने के लिये इनकी पूजा भी करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे बेलगाम जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुँचने वाली पीड़ा को वही किसान, आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं।

देश भर में बेलगाम आवारा पशुओं के कारण रोज़ाना सैकड़ों हादसे हो रहे हैं। कहीं सड़कों पर पशुओं की वाहनों से टक्कर के कारण बड़ी दुर्घटनायें हो रही हैं। कहीं बिगड़ैल सांड लोगों को अपने कोप का शिकार बना रहे हैं। पूरे देश का किसान कहीं आवारा पशुओं द्वारा उनकी फ़सल तबाह किये जाने से दुखी है तो कहीं नील गाय ( रोज़ ) उसकी फ़सल तबाह कर रही है। हिमाचल व उत्तराखंड जैसे राज्यों में बंदरों के प्रकोप से किसान व फल उत्पादक परेशान हैं। तमाम किसानों ने तो इन जानवरों से दुखी होकर अपना मुख्य व्यवसाय खेती ही त्याग दिया है। दूसरी ओर आवारा कुत्ते आये दिन अनेक लोगों को अपनी क्रूरता का शिकार बना रहे हैं। झारखण्ड, आसाम व केरल जैसे कई राज्यों में हाथियों के झुण्ड कभी किसी की फ़सल तबाह कर देते हैं कभी लोगों के मकान ढहा देते हैं कभी फलदार दरख़्त गिरा देते हैं तो कभी किसी की जान ले लेते हैं। हाथियों की दहशत से तो कई जगह लोग इनके प्रकोप से बचने के लिये इनकी पूजा भी करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे बेलगाम जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुँचने वाली पीड़ा को वही किसान, आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं। ऐसे प्रभावित लोगों के समर्थन व हमदर्दी में कभी कोई आवाज़ नहीं उठती जबकि आवारा पशुओं व गली के कुत्तों तक के समर्थन में उठने वाले स्वर काफ़ी बुलंद होते हैं। अनेक ग़ैर सरकारी संगठन ( एन जी ओ ) इन्हीं पशुओं से प्रेम करने का पाठ भी पढ़ाते हैं। जबकि सच तो यह है कि जो लोग अपने घरों में पक्षियों द्वारा घोंसले बनाया जाना पसंद नहीं करते, जिन्हें चिड़ियों की चहचहाना नहीं भाता बल्कि उन्हें चिड़ियों की बीट, उनके द्वारा अपने मकान में घोंसले हेतु इकट्ठे किये जाने वाली सामग्री खर-पतवार से नफ़रत है वह लोग गलियों के आवारा कुत्तों से प्यार करने का पाठ पढ़ाते हैं। और स्वयं को 'संभ्रांत' एवं पशु प्रेमी के रूप में पेश करते हैं। इन्हीं कुत्ता व आवारा पशु प्रेमियों ने यदि पक्षियों से प्रेम किया होता तो आज गोरैया जैसा हर परिवार का प्रिय पक्षी विलुप्त होने की कगार पर न पहुँचता। प्रायः देखा जाता है कि कुछ लोग बिस्कुट या रोटी आदि लेकर गलियों के कुत्तों को खिलाने निकल पड़ते हैं। पशुओं से प्रेम करना निःसंदेह बहुत अच्छी बात है। कोई भी कोमल सहृदयी व्यक्ति पशु पक्षियों व पेड़ पौधों यानी कि प्रकृति से प्रेम भाव अवश्य



रखेगा। गत दिनों हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी चरख़ी दादरी में आयोजितराज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी मेले में अपने सम्बोधन में कहा है कि -'पशुओं के साथ कदापि हिंसात्मक व्यवहार न करने, पशुओं के साथ प्रेमवत रवैया अपनाने पर ज़ोर दिया और कहा कि पशुओं में भी संवेदनाएं होती हैं।' परन्तु इंसान तो पशुओं से भी संवेदनशील होता है ? अतः प्रत्येक प्रकृति व पशु पक्षी प्रेमी का सर्वप्रथम मानव प्रेमी होना भी तो ज़रूरी ज़रूरी है ? इंसानों से भेद , बैर या नफ़रत अथवा उपेक्षा की शर्त पर बेलगाम आवारा पशुओं की हिमायत करना यह आख़िर मानवता की कौन सी श्रेणी है ? राह चलते किसी व्यक्ति को पीछे से सांड़ आकर सींग मारकर घायल कर दे या जान ले ले , या किसी बड़ी दुर्घटना का कारक बन जाये इसमें इंसान का आख़िर क्या दोष है ? रास्ता चलते लोगों को यहां तक कि छोटे छोटे बच्चों को कुत्ते काट लेते हैं, प्रायः स्कूटर, बाइक या साइकिल सवार के पीछे कुत्ते भोंकते हुये दौड़ने लगते हैं। लोग अपनी जान बचाने के लिये अपने वाहन की गति अचानक तेज़ कर देते हैं जिससे कई बार दुर्घटना भी हो जाती है। परन्तु समाज का कोई भी वर्ग या संगठन इन बेलगाम आवारा पशुओं के प्रकोप के शिकार लोगों के पक्ष में खड़ा होता नज़र नहीं आता। जबकि इन जानवरों से हमदर्दी दिखने इन्हें रोटी, चारा, बिस्कुट आदि डालने वाले लोग ज़रूर नज़र आ जाते हैं। दरअसल हमारे समाज में सस्ते में पुण्य अर्जित करने का एक रिवाज सा बन चुका है। चिड़ियों को दाना-पानी डालना, मछलियों को आटा खिलाना, चीटियों को चीनी या आटा डालना, आवारा पशुओं को चारा, रोटी व अन्य पशु खाद्य सामग्री डालना लोग पुण्य का काम समझते हैं। प्रायः रिहाइशी इलाक़ों में मोहल्लों व कालोनियों में यही कथित 'पुण्यार्थीजन' बेलगाम व आवारा पशुओं को अपने अपने दरवाज़ों पर रोटी देते हैं। इस तरह रोज़ाना रोटी मिलने से वे पशु उन दरवाज़ों पर प्रतिदिन दस्तक देने के अभ्यस्त हो जाते हैं। और जब तक इन जानवरों को उस दरवाज़े से कुछ मिल नहीं जाता वे उसी जगह अपना डेरा जमाये रखते हैं। यदि उस मकान में कोई नहीं है तो भी वे उसका गेट हिलाते रहते हैं। उधर उसी गली से निकलने वाले अन्य लोग भयवश उधर से गुज़रने से कतराते हैं। बच्चे तो विशेषकर डर से या तो देर तक खड़े रहते हैं या अपना रास्ता बदल देते हैं। गोया एक ' स्वयंभू पुण्यार्थी' के 'तथाकथित सद्कर्मों ' का ख़ामियाज़ा आम राहगीरों को भुगतना पड़ता है। पशु प्रेम के मामले में प्रायः हम पश्चिमी देशों के लोगों की नक़ल भी करने लगते हैं। बेशक वे पशुओं से बेहद प्रेम करते हैं। परन्तु इसी के साथ वे पहले इंसानों से भी प्रेम करते हैं। मिलावटख़ोरी, कम तौलना इंसानों को इंसानों द्वारा ही ठगना उन पश्चिमी देशों की संस्कृति का हिस्सा नहीं। वहां उपभोक्ता हो या बाज़ार, अस्पताल से लेकर स्कूल सड़क हो या यातायात, न्याय हो या प्रशासनिक निर्णय हर जगह मानव व मानवीय मूल्यों की क़द्र होते देखी जा सकती है। वहां पशु प्रेम तो है परन्तु हमारे देश की तरह वृन्दावन अयोध्या व हरिद्वार जैसे धर्मस्थलों पर इकट्ठे होने वाले लाखों उपेक्षित वृद्धों व विधवाओं की भीड़ नहीं। मंदिरों दरगाहों पर बैठे भिखारी बने असहाय लोग उस समाज में नहीं बल्कि हमारे तथाकथित 'पशु प्रेमी 'समाज के लोग हैं। वहां लोग खुले बोरवेल के गड्ढे या खुले मेन होल के ढक्कन में गिर कर जान नहीं गंवाते। हमारे देश की कड़वी सच्चाई तो यही है कि उदाहरणार्थ जो डॉक्टर बिना पैसे लिये किसी ग़रीब इंसान का इलाज करना गवारा नहीं करता वही 'संभ्रांत डॉक्टर ' मॉर्निंग वाक पर अपने कुत्ते के साथ घूमता और दूसरों के घरों के सामने या किसी के ख़ाली प्लाट पर या पार्क में अपने कुत्ते को 'पॉटी ' कराता नज़र आयेगा और समाज में स्वयं को 'कुत्ता प्रेमी ' बतायेगा। ऐसे सैकड़ों सच्चे व कड़वे उदाहरण हैं जो इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि हमारे दिखावा करने दोहरा मापदण्ड अपनाने व सस्ते में पुण्य कमाने की चाहत रखने वाले समाज में एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जिसे इंसानों से ज़्यादा पशुओं की कथित चिंता सताये रहती है। यह बात कितनी उचित व प्रासंगिक है यह तय करना भी समग्र भारतीय समाज की ही ज़िम्मेदारी है।

# क्रेडिट एजेंसियों की प्रासंगिकता

> हालांकि वर्ष 2007-08 का यह संकट अमरीकी सरकार द्वारा 3 खरब डालर ( 3000 अरब डालर ) की सहायता उस समय तो टल गया, लेकिन जानकारों का कहना है कि उस संकट के बाद अमरीकी अर्थव्यवस्था कमजोर जरूर हुई। लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि दुनिया और महत्वपूर्ण संस्थाओं पर 'पैनी' नजर रखने वाली रेटिंग एजेंसियों की भूमिका इस संकट के पहले और इसके दौरान ही नहीं, उसके बाद भी अत्यंत पंगु और संदेहास्पद बनी रही। मार्च के दूसरे सप्ताह में अमरीकी टैक स्टार्टअप की फंडिंग करने वाला सिलिकॉन वैली बैंक अचानक बंद हो गया और उसका अधिग्रहण अमरीकी सरकार ने कर लिया। जानकारों का मानना है कि सिलिकॉन वैली बैंक का डूबना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए 'लेहमन ब्रदर्स' के डूबने सरीखा है। लेकिन 2023 में फिर से सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के साथ ही अमरीकी वित्तीय संकट फिर से गहराने लगा है। उधर अमरीका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते अमरीकी सरकार समर्थित मोर्टगेज प्रतिभूतियां और यहां तक कि अमरीकी ट्रेजरी बिल जो अत्यंत सुरक्षित माने जाते थे, उनकी कीमत में भी नाटकीय ढंग से गिरावट आई। सिलिकॉन वैली बैंक के बाद 167 साल पुराना स्विटजरलैंड का दूसरा सबसे बड़ा बैंक और वैश्विक इतिहास में सबसे अधिक प्रभावशाली बैंक 'क्रेडिट सूशे' स्विटजरलैंड के सबसे बड़े बैंक 'यूबीएस' के हाथों बिक गया।

वर्ष 2007-08 के दौरान अमरीकी अर्थव्यवस्था एक भयंकर त्रासदी से गुजरी और लेहमन ब्रदर्स के साथ-साथ सैकड़ों अमरीकी बैंक दिवालिया हो गए थे। जैसा कि होता रहा है अमरीका के वित्तीय संकट के कारण पूरे यूरोप के बैंकों पर भी भारी संकट आया और इस वित्तीय संकट ने दुनिया भर के देशों पर भी कुछ न कुछ प्रभाव छोड़ा। उस समय भारत के प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत इस संकट से अछूता है क्योंकि भारतीय बैंकों का कोई विशेष एक्सपोजर पश्चिम के इन बैंकों के साथ नहीं है। हालांकि अमरीकी और यूरोपीय देशों पर आए इस संकट की वजह से भारत के निर्यातों पर कुछ न कुछ असर जरूर हुआ, लेकिन भारत की ग्रोथ की यात्रा बदस्तूर जारी रही और भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढने वाले मुल्कों में बना रहा। हालांकि वर्ष 2007-08 का यह संकट अमरीकी सरकार द्वारा 3 खरब डालर ( 3000 अरब डालर ) की सहायता उस समय तो टल गया, लेकिन जानकारों का कहना है कि उस संकट के बाद अमरीकी अर्थव्यवस्था कमजोर जरूर हुई। लेकिन दिलचस्प बात यह रही कि दुनिया और महत्वपूर्ण संस्थाओं पर 'पैनी' नजर रखने वाली रेटिंग एजेंसियों की भूमिका इस संकट के पहले और इसके दौरान ही नहीं, उसके बाद भी अत्यंत पंगु और संदेहास्पद बनी रही। मार्च के दूसरे सप्ताह में अमरीकी टैक स्टार्टअप की फंडिंग करने वाला सिलिकॉन वैली बैंक अचानक बंद हो गया और उसका अधिग्रहण अमरीकी सरकार ने कर लिया। जानकारों का मानना है कि सिलिकॉन वैली बैंक का डूबना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए 'लेहमन ब्रदर्स' के डूबने सरीखा है। लेकिन 2023 में फिर से सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने के साथ ही अमरीकी वित्तीय संकट फिर से गहराने लगा है। उधर अमरीका में बढ़ती ब्याज दरों के चलते अमरीकी सरकार समर्थित मोर्टगेज प्रतिभूतियां और यहां तक कि अमरीकी ट्रेजरी बिल जो अत्यंत सुरक्षित माने जाते थे, उनकी कीमत में भी नाटकीय ढंग से गिरावट आई। सिलिकॉन वैली बैंक के बाद 167 साल पुराना स्विटजरलैंड का दूसरा सबसे बड़ा बैंक और वैश्विक इतिहास में सबसे अधिक प्रभावशाली बैंक 'क्रेडिट सूशे' स्विटजरलैंड के सबसे बड़े बैंक 'यूबीएस' के हाथों बिक गया। जब इस बैंक से पिछले हफ्ते जमाकर्ताओं द्वारा 10 अरब डालर निकाल लिए गए तो स्विटजरलैंड सरकार ने आनन-फानन में यूबीएस द्वारा 'क्रेडिट सूशे' को खरीदने को कहा है। लेकिन इतिहास ने फिर एक बार अपने को दोहराया है और दुनिया की बड़ी रेटिंग एजेंसियां एक बार फिर निवेशकों को जोखिम के बारे में आगाह करने में पूरी तरह से असफल रही हैं। यदि हम देखें तो 8 मार्च, जिस दिन सिलिकॉन वैली बैंक डूबा, से पहले, मूडीज ने इस पर ए-3 की रेटिंग बनाए रखी, जो इसके पैमाने पर सातवीं उच्चतम रेटिंग है। और उससे ज्यादा दिलचस्प बात यह रही कि उस दिन भी मूडीज ने उसे मात्र एक पायदान नीचे करते हुए बीएए-1 तक ही गिराया था। गौरतलब है कि ए-3 हो या बीएए-1, दोनों रेटिंग 'जंक' के पास भी नहीं और निवेशकों को रत्ती भर भी आगाह नहीं करती कि इस संस्था में निवेश हेतु कोई जोखिम है। यही बात 'क्रेडिट सूशे' के संबंध में भी लागू होती है। 'क्रेडिट सूशे' की वेबसाइट पर ही लिखा है कि उसकी क्रेडिट रेटिंग 20 मार्च तक बरकरार रही। यह बात अलग है कि 'क्रेडिट सूशे' के डूबने के बाद रेटिंग को थोड़ा गिराया गया है। लेकिन यह बात उजागर हो चुकी है कि रेटिंग एजेंसियां निवेशकों को समय पर चेतावनी देने में बुरी तरह से असफल रही हैं। दुनिया में तीन प्रमुख रेटिंग एजेंसियों- स्टैंडर्ड एंड पुअर्स, मूडीज और फिच- की महत्वपूर्ण उपस्थिति है। स्टैंडर्ड एंड पुअर्स और मूडीज का मुख्यालय अमेरिका में है, जबकि फिच का मुख्यालय न्यूयॉर्क और लंदन दोनों में है। वे दुनिया भर के देशों और वित्तीय संस्थानों की रेटिंग करती हैं। उनकी रेटिंग के आधार पर इन देशों द्वारा लिए गए ऋणों पर ब्याज दरें निर्धारित की जाती हैं। विभिन्न वित्तीय संस्थानों पर लोगों का भरोसा भी इन्हीं रेटिंग्स पर निर्भर करता है। जबकि ये एजेंसियां दुनिया भर के संस्थानों और देशों की विश्वसनीयता का मूल्यांकन करती हैं, वे स्वयं संदेह के घेरे में हैं। यही एजेंसियां जो अमरीका और यूरोप के मुल्कों पर संकट के बावजूद कुंभकर्णीय निद्रा में रहती हैं, भारत जैसे देशों के बारे में जरूरत से ज्यादा संवेदनशील हो जाती हैं, जिसका फायदा फिर उन्हीं के आका देशों को ही होता है। भारत जैसे देशों पर इतनी तल्खी और अमरीकी और यूरोपीय देशों पर मेहरबानी इन एजेंसियों पर सवालिया निशान लगाती है। तीन साल पहले यस बैंक पर आए संकट के बाद एक मूडीज ने भारतीय बैंकों का आउटलुक स्टेबल से घटाकर निगेटिव कर दिया था। इसमें कहा गया था कि भारतीय बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता कोरोना वायरस के कारण हुए नुकसान के कारण बिगड़ी है और इसका असर कॉर्पोरेट, मध्यम और लघु उद्योगों और खुदरा सहित सभी क्षेत्रों में होने की उम्मीद है। इससे बैंकों की पूंजी और तरलता दोनों पर असर पड़ेगा। मूडीज ने यह भी कहा था कि निजी क्षेत्र के बैंक ( यस बैंक ) में हालिया गड़बड़ी के कारण छोटे कर्जदाताओं को लिक्विडिटी के संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस घोषणा के बाद भारतीय बैंकों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली। गौरतलब है उसके बाद भारतीय बैंकों का ही नहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था का भी आगे बढना बदस्तूर जारी है, लेकिन ये एजेंसियां अभी भी भारत की क्रेडिट रेटिंग में कंजूसी ही बरत रही हैं। यह समझना होगा कि भारतीय बैंकों की रेटिंग में गिरावट से न केवल शेयर बाजार में उथल-पुथल मची, बल्कि उस समय चल रही एनपीए समस्या से उबरने वाले बैंकों के लिए और भी बाधाएं पैदा हो गईं। गौरतलब है कि चारों बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडस बैंक, आईडीबीआई बैंक और एक्सिस बैंक, अभी भी भली-भांति चल ही नहीं रहे बल्कि तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह भी माना जाता है कि निवेशक अपने निवेश के फैसले ऐसी एजेंसियों की रेटिंग के आधार पर लेते हैं। अब स्थिति बदल रही है और निवेशकों ने खुद भी अन्य मापदंडों पर जांच शुरू कर दी है। लेकिन रेटिंग एजेंसियां अभी भी एक प्रमुख भूमिका निभाती हैं। आज जरूरत इस बात की है कि इन रेटिंग एजेंसियों की एकाधिकारवादी शक्तियों पर अंकुश लगाया जाए, ताकि हितों के टकराव को रोकते हुए कंपनियों की विश्वसनीयता का सही आकलन किया जा सके। आज दुनिया भर के निवेशक झूठी क्रेडिट रेटिंग के कारण नुकसान उठा रहे हैं, लेकिन इन कंपनियों पर जुर्माना उससे कहीं कम होता है। यह सच है कि कई मामलों में रेटिंग एजेंसियों के लिए पूरी जानकारी रखना संभव नहीं होता है। लेकिन प्राप्त जानकारी को छुपाना भी उचित नहीं ठहराया जा सकता। इन रेटिंग एजेंसियों का पूरी दुनिया में एकाधिकार है, और वे ज्यादातर अमरीका आधारित हैं। इसी वजह से यह भी देखा गया है कि अमेरिका और उसकी कंपनियों को बेहतर रेटिंग मिलती है। इतना ही नहीं, चूंकि रेटिंग का पूरा कारोबार केवल तीन कंपनियों के हाथ में है, इसलिए एकाधिकारिक शक्तियों के दुरुपयोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि इन रेटिंग कंपनियों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़े। अधिक से अधिक रेटिंग एजेंसियों को मान्यता मिलनी चाहिए। विभिन्न देशों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## देश दुनीया से

# महिला हक-कत्र्तव्यों की बात साथ-साथ हो

> समाज की मूल समस्या ही यही है कि किसी वर्ग विशेष को एक दिन में समेटकर पूजनीय बना दिया जाए और शेष दिन उन्हें स्वयं अपने अस्तित्व व सम्मान के लिए समाज से ही लडऩा पड़ता है। जब भी कोई महिला हिम्मत कर दबी जुबान से अपने खिलाफ हुई हिंसा की बात करती है तो उसी के चरित्र पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। अभी हाल ही में दक्षिण भारत की जानी-मानी अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने कहा कि जब वह 8 वर्ष की थी तब पिता ने यौन शोषण करना शुरू किया था। मुझे इस बारे में बात करने में कई साल लग गए।

अभी हाल ही में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बड़ी-बड़ी संगोष्ठियां और भव्य आयोजन किए गए और इन नवरात्रों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जा रही है, लेकिन ये आयोजन क्या सिर्फ एक दिन और कुछ विशेष दिनों के ही मोहताज हैं ? एक महिला होने के नाते मुझे लगता है कि काश हर दिन महिला व पुरुष की समानता के रूप में मनाया जाता। समाज की मूल समस्या ही यही है कि किसी वर्ग विशेष को एक दिन में समेटकर पूजनीय बना दिया जाए और शेष दिन उन्हें स्वयं अपने अस्तित्व व सम्मान के लिए समाज से ही लडऩा पड़ता है। जब भी कोई महिला हिम्मत कर दबी जुबान से अपने खिलाफ हुई हिंसा की बात करती है तो उसी के चरित्र पर सवालिया निशान लगा दिया जाता है। अभी हाल ही में दक्षिण भारत की जानी-मानी अभिनेत्री खुशबू सुंदर ने कहा कि जब वह 8 वर्ष की थी तब पिता ने यौन शोषण करना शुरू किया था। मुझे इस बारे में बात करने में कई साल लग गए। शायद आज वो समाज में इस स्थिति में है कि अपनी बात बिना किसी संकोच के सबके सामने रख सकती है। लेकिन न जाने कितनी बच्चियां हमारे आसपास, कितनी तरह की ज्यादतियों का शिकार हो रही हैं। उन बच्चियों की आवाज या तो दबा दी जाती है और कुछ की तो स्वयं ही खामोश हो जाती है। एक शिक्षिका होने के नाते मैं हर रोज़ कई बच्चियों से मिलती हूं और एक बच्ची की मानसिकता की व्यथा, अपने आप में एक पाठशाला है। विशेषकर ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली बच्चियों के लिए कक्षा तक पहुंचने की जद्दोजहद और उसके पीछे का संघर्ष समाज की संकुचित मानसिकता को दर्शाता है। यहां तक कि उनकी यात्रा में कई सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक पाबंदियां उन्हें मानसिक तौर पर शोषित कर चुकी होती हैं। इस मानसिक शोषण से बाहर निकल कर जब कुछ शिक्षित महिलाएं किसी भी व्यवसाय की तरफ अग्रसर होती हैं तो समाज फिर उनके आचरण से उसके चरित्र का प्रमाण पत्र देना शुरू कर देता है। इस संदर्भ में कृपया करके लिंग आधारित संकुचित सोच से बाहर निकलिए। आधी आबादी को सीमाओं में न बांधकर उनकी प्रगतिशील उड़ान में सहायक बनिए। एक अन्य पहलू यह भी है कि परिवार का पढऩे वाली लड़कियों के प्रति और कामकाज़ी महिला के प्रति असुरक्षा की भावना का डर भी उन्हें सताता है। न जाने कितनी बच्चियों व महिलाओं के साथ रेप जैसी घिनौनी वारदात, उन्हें फिर बंद कमरे में रहने पर मजबूर कर देती है। मेरी कई छात्राओं के माता-पिता जब मुझसे अपनी बच्चियों की सुरक्षा के बारे में बात करते हैं तो मेरे पास भी आश्वासन के अलावा और कोई जवाब नहीं होता। क्या सरकार के कड़े कानून इस हिंसा को रोक सकते हैं ? शायद नहीं । समाज को ही अपना नज़रिया बदल कर महिलाओं को उनकी सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। इस गारंटी के लिए व्यक्तिगत विचार रखने वाले पुरुष, सामूहिक तौर पर उनकी सुरक्षा के लिए आवाज़ उठाएं तो कुछ बात बन सकती है। ये आवाज सिर्फ घिनौनी वारदात होने के बाद तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि जब निर्णय लेने के पदों व पक्षों की बात आती है तब निम्न स्तर तक महिलाओं की स्थिति में कुछ सकारात्मकता है। लेकिन उच्च स्तर तक उनकी स्थिति में समाज के अन्य पक्षों द्वारा स्वयं ही प्रश्न चिन्ह लगा दिए जाते हैं । जब तक समानता के आधार पर अवसर नहीं मिलेंगे तब तक लिंग के आधार पर योग्यता देखना सरासर सही बात नहीं है। मेरी एक सहेली को सिर्फ इस बात से एक फर्म के उच्च पद से हटा दिया गया क्योंकि उसे शाम होते ही अपने परिवार की जिम्मेवारियों के लिए समय निकालना था। वो रात को नौ या दस बजे तक सिर्फ फर्म को समय नहीं दे सकती थी। इसी सामंजस्य के बीच उसकी योग्यता व दक्षता की अवहेलना कर दी गई। लेकिन सही मायने में आज प्रगतिशील समाज को आयना देखना है तो हमें पुरुष व महिला की कार्यस्थिति को बराबर बांटना होगा। इस विषय के बहुत से आयाम हैं, लेकिन आज की युवा लडक़ी अपने सपनों के लिए तेजी से भाग रही है, कभी-कभी पटरी से उतर कर, उस दिशा में चलने लग गई है जहां काले अंधेरे के अलावा कुछ भी नहीं है।

## नागरिक बोध

# उप्र के विकास की चमक ने देश में वाहवाही लूटी

यूपी के विकास की बात से यूपी ही नही देश मे भी चर्चा का विषय बन गया है। छह वर्षो के कार्यकाल में योगी ने विकासलक्षी कार्यो से जनता की परेशानियों को ही दूर नही किया है, बल्कि लोगो के स्वावलंबन की प्रक्रिया में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। योगी की देश मे राजनैतिक गलियारों में प्रशंसा हो रही है, वही सामाजिक स्तर भी वंचित नही है। यूपी में योगी के नेतृत्व में विकास हुआ है। वही कानून व्यवस्था का सुचारू रूप से पालन हो रहा है। यूपी में माफियो के लिए कोई जगह नही है। यूपी की कायापलट करने में योगी ने अपनी ताकत लगा दी है। यूपी महिला शशक्तिकरण करने और स्वावलंबन में सबसे अग्रणी राज्य की श्रेणी में आता है। जहाँ बेरोजगारी की त्रासदी से छुटकारा दिलाने के लिए दो करोड़ युवाओ को सक्षम बनाए है वही यूपी के पिछले छह वर्षो में बीस लाख युवाओ को लाभान्वित किया है। यूपी का कोई जनपद नही, वहां यूपी में युवाओ को नौकरी नही मिली है। पिछली सरकारों की बात करने और सुनने के लिए कोई तैयार नही है। जिल्लत की जिंदगी देने वाली पूर्व की सरकारों में सुबह से शाम तक उपद्रवियों का ही बोलबाला था। आज योगी के राज में माफिया नही, महोत्सव बन चुके है। योगी के नेतृत्व में यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है। शहरो की सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर की बदलती तस्वीरों ने यूपी को मालामाल कर दिया है। माफियो का अब नामोनिशान नही है। बहन, बेटियों के लिए भयमुक्त वातावरण है। योगी आदित्यनाथ ने छह वर्ष की उपलब्धि गिनाते हुए डबल इंजन सरकार के मायने बताते हुए कहा कि आज यूपी के विकास में बड़ा योगदान रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बरकरार है। महिलाओ को बाहर निकलने में परेशानी होती थी। महिलाओ के लिए शाम सात बजे घर से बाहर निकलना मुश्किल था। आज बिटिया देररात तक घर से बाहर कही भी घूम सकती है। यूपी माफियागिरी से मुक्त हुआ है। जिसका श्रेय वर्तमान योगी आदित्यनाथ की सरकार को जाता है।



# यूक्रेन को मिले जर्मनी के 18 लेपर्ड टैंक: जंग में रूस के टी90 टैंक को टक्कर देंगे, विदेश मंत्री ने कहा– हमने वादा निभाया

**कीव।**

रूस से जंग लड़ने में मदद के लिए जर्मनी ने लेपर्ड 2 टैंक का पहला बैच यूक्रेन भेज दिया है। जर्मनी के डिफेंस मिनिस्टर बोरिस पिस्टोरियस ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि ये 18 बैटल टैंक्स जंग में यूक्रेन के लिए ये अहम भूमिका निभाएंगे। अभी तक यूक्रेन ने लेपर्ड 2 टैंक पहुंचने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, ये कंफर्म जरूर किया है कि उन्हें टैंक्स मिल गए हैं। काफी बहस और दबाव के बाद जर्मनी ने जनवरी में लेपर्ड 2 टैंक यूक्रेन को देने के लिए हामी भरी थी।

**जर्मनी ने वादा निभाया** – डिफेंस मिनिस्टर बोरिस पिस्टोरियस ने कहा कि हमने यूक्रेन को समय पर लेपर्ड 2 टैंक की डिलीवर कर अपना वादा निभाया है। जर्मनी ने लेपर्ड टैंक के अलावा 2 टैंक रिकवरी व्हीकल और 40 इन्फेंट्री फाइटिंग व्हीकल यानी टैंक को जंग के मैदान तक पहुंचाने वाले वाहन भी यूक्रेन भेजे हैं। लेपर्ड 2 टैंक को चलाने के लिए जर्मनी ने यूक्रेन के सैनिकों को लगभग डेढ़ महीने की ट्रेनिग भी दी है। लेपर्ड टैंक को खासतौर पर रूस के टी90 बैटल टैंक से मुकाबले के लिए बनाया गया है। इनका रखरखाव काफी आसान होता है। दूसरे टैंक के मुकाबले इनमें कम फ्यूल का इस्तेमाल होता है।

**यूक्रेन को ब्रिटेन से भी चैलेंजर 2 टैंक मिले** – जर्मनी के लेपर्ड 2 टैंक के अलावा यूक्रेन को ब्रिटेन से भी चैलेंजर 2 टैंक मिले हैं। यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ओलेक्सी रेजनिकोव ने चैलेंजर टैंक के साथ फोटो पोस्ट कर इनकी तारीफ की। वहीं, ब्रिटेन की डिफेंस मिनिस्ट्री ने यूक्रेनी सैनिकों के वहां पर ट्रेनिंग लेकर वापस लौटने की बात पर कोई जवाब नहीं दिया। लेपर्ड-2 टैंक्स यूक्रेन में बने रूसी बंकर्स को दूर से ही आसानी से तबाह कर सकते हैं। यूक्रेन तक इन टैंक्स को पहुंचाना आसान है क्योंकि ये टैंक्स यूरोपीय देशों में ही बनते हैं। इनके स्पेयर पार्ट्स मिलना और रिपेयरिंग जैसे काम आसान हो जाते हैं। यूक्रेनी लोगों को इस टैंक को इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग देना भी आसान होगा। 1986 में बीयर टेस्ट पास कर वायरल हुआ था लेपर्ड 2 टैंक 1986 में जर्मनी ने टैंक की काबिलियत जांचने के लिए एक टेस्ट किया था। इस टेस्ट का वीडियो काफी वायरल हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### अब बड़बोले दावे क्यों कर रहे हैं म्यांमार के सैनिक तानाशाह देश में हालात हो रहे बदतर

**यंगून।** म्यांमार के सैनिक तानाशाह मिन आंग हलायंग ने इस हफ्ते दावा किया कि सेना ही वो ताकत है, जो



देश को एकजुट रखे हुए है। पर्यवेक्षकों ने हलायंग के इस दावे पर हैरत जताई है। उनके मुताबिक जिस समय सेना के सत्ता लोभ और ज्यादतियों के कारण देश में गृह युद्ध तेज होता जा रहा है, उस समय हलायंग के इस दावे पर कम लोग ही यकीन करेंगे। जानकारों ने ध्यान दिलाया है कि फरवरी 2021 में सत्ता पर कब्जा जमाने के बाद जनरल हलायंग ने देश के सामने जो पांच सूत्री रोडमैप रखा था, उसका पालन करने में सैनिक शासन पूरी तरह नाकाम रहा है। जनरल हलायंग ने कहा था कि उनकी इस योजना का मकसद देश में शांति कायम करना और सभी नागरिकों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। जबकि बीते दो साल में देश में हालात और खराब हुए हैं। विश्लेषकों के मुताबिक जनरल हलायंग ने नया दावा सेना की भूमिका पर उठते सवालों को दरकिनार करने के लिए किया है। म्यांमार को किसी बाहरी ताकत से खतरा नहीं है। उसकी सीमा बांग्लादेश, चीन, भारत, लाओस और थाईलैंड से लगती है। लेकिन इनमें से किसी देश से उसकी दुश्मनी नहीं है। ऐसे में सेना के लिए अपना महत्त्व बताने के लिए आंतरिक स्थिरता और लोगों की समृद्धि में अपनी भूमिका बताना जरूरी हो गया है। म्यांमार 1948 में ब्रिटिश शासन से आजाद हुआ था। तब से देश के बहुसंख्यक बामर समुदाय और अल्पसंख्यक समुदायों में तनाव रहा है। म्यांमार की सेना में ज्यादातर अफसर बामर समुदाय से आते हैं। आरोप है कि सीमाई इलाकों में रहने वाले नस्लीय अल्पसंख्यक समुदायों से तनाव और टकराव को जारी रखने में इन अफसरों की खास भूमिका रही है। देश पर अपने नियंत्रण को वाजिब ठहराने के लिए नस्लीय अल्पसंख्यकों के कथित अलगाववाद का तर्क देते रहे हैं।

### सऊदी में उमराह करने जा रहे यात्रियों की बस पलटी: 20 की मौत, 29 घायल; ब्रेक फेल होने से पुल से टकराई थी बस



**रियाद।** सऊदी अरब में तीर्थयात्रियों को मक्का लेकर जा रही एक बस पुल पर क्रैश हो गई। हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 लोग घायल हुए हैं। बस यात्रियों को उमराह के लिए मक्का लेकर जा रही थी। तभी सऊदी के असीर राज्य के पास ब्रेक फेल होने से बस पुल से टकराकर पलट गई और उसमें आग लग गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस में सवार यात्री अलग-अलग देशों के थे। हालांकि, ये कौन से देश हैं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। हादसा होते ही सिविल डिफेंस की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं 26 मार्च को सऊदी सरकार ने उमरा को लेकर नई गाइडलाइन जारी की। सरकार ने घोषणा कर बताया कि रमजान के महीने में हाजी सिर्फ एक बार ही उमराह कर सकते हैं। किसी भी यात्री को 2 बार उमराह करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हज और उमराह मंत्रालय ने कहा कि हाजियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए ये फैसला किया गया है। सऊदी सरकार ने गाइडलाइन में कहा है कि सभी यात्री उमराह के लिए तय समय सीमा का पालन करें। साथ ही परमिट के लिए नुसुक ऐप का ही इस्तेमाल करें। अगर कोई यात्री परमिट मिलने के बाद भी उमराह के लिए नहीं जा पा रहा होगा तो उसकी बुकिंग रद्द हो जाएगी। उमराह हज की तरह ही एक मुस्लिम धार्मिक यात्रा है। सऊदी अरब में हज के समय को छोड़कर यात्री कभी भी उमराह के लिए जा सकते हैं। हालांकि, रमजान के महीने में इसके लिए सबसे ज्यादा भीड़ होती है। इस यात्रा की समय सीमा 15 दिन होती है।

### ईरान में हिजाब नहीं पहनने पर 49 लाख का जुर्माना: महिलाओं का पासपोर्ट जब्त होगा, इंटरनेट भी यूज नहीं कर पाएंगी, संसद ने कानून बनाया

**तेहरान।** ईरान की संसद ने महिलाओं के ड्रेस कोड को लेकर एक नया कानून बनाया है। इसके तहत अगर वो हिजाब नहीं पहनेंगी तो उन्हें 49 लाख रुपए तक का जुर्माना देना पड़ सकता है। ईरान के सांसद हुसैनी जलाली ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जलाली ने कहा है कि जुर्माने के अलावा महिलाओं ने अगर नए ड्रेस कोड का पालन नहीं किया तो उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए जाएंगे और उनके इंटरनेट इस्तेमाल करने पर भी पाबंदी लगा दी जाएगी। ईरान में पिछले 6 महीनों से हिजाब के विरोध में प्रदर्शन करने वाले लोगों के लिए ये नया कानून बड़ा झटका है। वहीं ईरान के एक धर्म गुरू मोहसेन अराकी ने महिलाओं के हिजाब न पहनने की तुलना कोरोना वायरस से कर दी है। उन्होंने कहा, हम कोरोना वायरस की तरह हिजाब के खिलाफ चले ट्रेंड को फैलने नहीं देंगे।

## इजराइल सरकार ने विवादित ज्यूडिशियल रिफॉर्म बिल टाला

# नेतन्याहू बोले– गृह युद्ध रोकने के लिए बातचीत को तैयार, लेकिन बिल लाकर रहूंगा

**तेल अवीव।**

इजराइल में ज्यूडिशियल रिफॉर्म बिल पर देशभर में 3 महीने से चल रहे प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिल को टाल दिया है। सोमवार को फैसले की घोषणा करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि अगले महीने स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी के बाद संसद के अगले सेशन शुरू होने तक बिल को टाला जा रहा है। इसके बाद ट्रेड यूनियन ने हड़ताल खत्म कर दी। इजराइल में संसद का अगला सत्र 30 अप्रैल से शुरू होगा। बिल को वापस लेने की घोषणा करते हुए नेतन्याहू ने चरमपंथी अल्पसंख्यक समुदाय पर देश को बांटने का आरोप लगाया। साथ ही मिलिट्री रिजर्विस्ट की आलोचना की, जिन्होंने बिल पास होने पर ड्यूटी नहीं करने की घोषणा की थी। नेतन्याहू ने कहा– देश एक संकट का सामना कर रहा है जो राष्ट्र की एकता के लिए खतरा है। जब देश में बातचीत के जरिए सिविल वॉर को रोका जा सकता है तो बतौर प्रधानमंत्री मैं इसके लिए तैयार हूं। लेकिन देश में बैलेंस वापस लाने के लिए ये रिफॉर्म होकर रहेगा।

**राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने फैसले का स्वागत किया –**

नेतन्याहू के इस फैसले का राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने स्वागत किया। इससे पहले गठबंधन सरकार में शामिल जुइश पावर पार्टी ने भी बिल को कुछ समय के लिए टालने का समर्थन किया था। वहीं विपक्षी लीडर याइर लापिड ने कहा कि अगर ज्यूडिशियल रिफॉर्म को पूरी तरह से रोक दिया जाता है तो वो सरकार से बातचीत के लिए तैयार हैं। मीडिया के सामने नेतन्याहू के बिल टालने की घोषणा के दौरान तेल अवीव और येरूशलम में प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ मौजूद रही। वहीं बिल का समर्थन कर रहे राइट-विंग के लोग भी जवाबी प्रदर्शन करते रहे। हालांकि, दोनों गुटों के बीच कोई हिंसा नहीं हुई।

**टीचर्स-डॉक्टर्स समेत प्रदर्शन कर रहा था पूरा देश** – इससे पहले 26-27 मार्च को इजराइल में ज्यूडिशियल रिफॉर्म बिल के खिलाफ प्रदर्शन और तेज हो गए थे। टीचर्स और डॉक्टर्स भी अपना काम छोड़कर प्रदर्शनों में शामिल हो गए थे। लोगों ने नेतन्याहू के निजी घर के बाहर भी जोरदार प्रदर्शन किया था। वहीं, तेल



अवीव एयरपोर्ट पर काम करने वाले सभी लोगों ने नेतन्याहू सरकार के खिलाफ हड़ताल कर दी थी। इसकी वजह से फ्लाइट्स के टेकऑफ पर रोक लगा दी गई थी।

**नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया था बर्खास्त** – दूसरी तरफ, बिल के खिलाफ बयान देने पर नेतन्याहू ने 26 मार्च को अपने रक्षा मंत्री योआव गैलैंट को बर्खास्त कर दिया था। योआव ने कहा था कि देश के न्यायालय को कमजोर करने के लिए लाए गए बिल से मिलिट्री में भी फूट पड़ रही है। ये देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। सरकार को इस मुद्दे पर विपक्ष के साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए।

**अब 3 प्वाइंट्स में जानें क्या है ज्यूडिशियल रिफॉर्म बिल** – जनवरी में इजराइल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को लेकर एक प्रस्ताव जारी किया। इसके पास होने पर इजराइली संसद को सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का पलटने का अधिकार मिल जाएगा। इसे 'ओवरराइड' बिल नाम दिया गया। अगर ये बिल पास हो जाता है तो संसद में जिसके पास भी बहुमत होगा, वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट सकेगा। लोगों का मानना है कि इससे देश का लोकतंत्र और सुप्रीम कोर्ट कमजोर होगा।

### कनाडा में महात्मा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, खालिस्तान समर्थकों पर लगे आरोप

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक यूनिवर्सिटी कैंपस में स्थित राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने की खबर सामने आई है। महात्मा गांधी की प्रतिमा को निशाना बनाने की एक ही महीने में यह दूसरी घटना है। इससे पहले ओंटारियो प्रांत में भी महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया था। जिसका आरोप खालिस्तान समर्थकों पर लगा था। ताजा मामले में भी खालिस्तान समर्थकों पर ही आरोप लग रहे हैं। खबर के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया में स्थित साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी के बर्नबे कैंपस में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को निशाना बनाया गया है। जिस पर वैंकुवर के महावाणिज्य दूत ने नाराजगी जाहिर करते हुए घटना की निंदा की और दोषियों की पहचान कर कड़ी सजा देने की मांग की। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस पर बयान जारी किया है।

## डेमोक्रेसी समिट से डरे चीन ने अपना लिए हैं हमलावर तेवर, ताइवान को बुलाने से भड़का




**बीजिंग।**

अमेरिका की पहल पर मंगलवार से शुरू हो रहे तीन के समिट ऑफ डेमोक्रेसीज (लोकतंत्र शिखर सम्मेलन) से अमेरिका और चीन के बीच इस समय चल रहे वैचारिक संघर्ष के और तीखा रूप ले लेने का अंदेशा है। इस बार इस सम्मेलन में 121 देश आमंत्रित किए गए हैं। पहला डेमोक्रेसी समिट दिसंबर 2021 में हुआ था, जिसमें 113 देशों ने हिस्सा लिया था। सम्मेलन को ज्यादातर आमंत्रित नेता वर्चुअल (ऑनलाइन) माध्यम से संबोधित करेंगे। सम्मेलन में चीन और रूस को आमंत्रित नहीं किया गया है, जबकि ताइवान को इसमें बुलाया गया है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। इसलिए उसे दिए गए आमंत्रण से चीन में खास गुस्सा देखने को मिला है। चीन ने आरोप लगाया है कि इस आयोजन के जरिए अमेरिका दुनिया में विभाजन को चौड़ा कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सत्ता में आने के बाद से इस समय दुनिया में चल रहे टकराव को लोकतंत्र बनाम तानाशाही के संघर्ष के रूप में पेश किया है। बाइडन ने इस बार अमेरिका के साथ चार देशों को सह-मेजबान बनाया है।

दक्षिण कोरिया, जाम्बिया, कोस्टा रिका और नीदरलैंड्स के नेता सम्मेलन में इस हैसियत से मौजूद रहेंगे। विश्लेषकों ने कहा है कि चीन को तानाशाही देश बता कर बाइडन उसे और उसके साथी देशों को घेरने की रणनीति के तहत इस शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। इसके जवाब में चीन पिछले गुरुवार को एक अलग सम्मेलन आयोजित किया था। उसमें लगभग 100 देशों के तकरीबन 300 मेहमानों को बुलाया गया। उस सम्मेलन में अमेरिका की 'दादागीरी' का विरोध किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य ली शुलेई ने कहा– अमेरिका स्वयंभू जज के रूप काम करते हुए यह तय कर रहा है कि कौन देश लोकतांत्रिक है और कौन नहीं। उधर, चीन के विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते एक दस्तावेज जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिकी लोकतंत्र गिरावट के दौर में है, जबकि अमेरिका दुनिया भर में तनाव और अफरातफरी फैलाने में लगा हुआ है। इस मौके पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि अमेरिका दुनिया के लिए कभी वरदान नहीं रहा, बल्कि वह एक अभिशाप रहा है।

## अफगान फॉरेन मिनिस्ट्री के बाहर धमाका: 6 लोगों की मौत, फिदायीन हमले का शक- इस इलाके में कई ऐम्बैसीज

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में मौजूद फॉरेन मिनिस्ट्री के बाहर सोमवार को बड़ा धमाका हुआ। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घायल बताए गए हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह एक फिदायीन हमला था। काबुल एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक– इस बात की जांच की जा रही है कि यह धमाका कैसे हुआ। अगर यह फिदायीन हमला था तो हमलावर हाई सिक्योरिटी जोन तक कैसे पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिदायीन हमलावर की कोशिश मिनिस्ट्री के अंदर पहुंचने की थी। वो उस जगह पहुंचना चाहता था जहां अफसर बैठते हैं। हालांकि, जब वो इस कोशिश में नाकाम हो गया तो उसने पहले ही खुद को उड़ा लिया। यह जगह गेस्ट के लिए होती है।

हमले में 2 लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। बाकी 4 घायलों ने अस्पताल में दम तोड़ा। 8 लोग घायल बताए गए हैं। इनको हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। सभी घायलों को इटली के अस्पताल लाया गया है।

### सुरक्षा के दावों पर सवाल

हुए ब्लास्ट ने तालिबान हुकूमत के उन दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसमें वो लगातार ये कहती रही है कि काबुल में किसी तरह के हमले का डर नहीं है। शायद यही वजह है कि तालिबान ने अब तक इस हमले पर ऑफिशियली कुछ नहीं कहा है।

जनवरी में भी काबुल के इसी हिस्से में हमला किया गया था। तब आईएस ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। दो दिन बाद तालिबान ने एक बयान में कहा था कि उसने हमले की साजिश रचने वाले आईएस के दो आतंकियों को मार गिराया है।

सोमवार की घटना के बाद पूरे इलाके को घेर लिया गया। तालिबान हुकूमत ने एक अहम मीटिंग की और इस इलाके के सिक्योरिटी इंतजामों पर काफी देर तक विचार किया। खास बात यह है कि काबुल का यही वो इलाका है, जहां कई देशों की ऐंबैसीज हैं। अगस्त 2021 में तालिबान ने काबुल के साथ ही पूरे अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद कई देशों ने यहां अपने डिप्लोमैटिक मिशन्स बंद कर दिए थे। हालांकि, भारत समेत कुछ देशों की ऐंबैसीज यहां अब भी मौजूद हैं।

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक और गृह मंत्री के खिलाफ लगे नारे, अप्रवासियों पर कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन

**लंदन।**

ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक इन दिनों फिर से चर्चा में हैं। अप्रवासियों को ब्रिटेन में प्रवेश न देने को लेकर प्रधानमंत्री सुनक कानून ला रहे हैं। इसी को लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऋषि सुनक और गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन सोमवार को एसेक्स टाउन सेंटर पहुंचे। यहां कुछ लोगों ने उनके खिलाफ नारेबाजी की और वापस जाने को कहा। यह प्रदर्शन सुनक सरकार की छोटी नावों के माध्यम से देश में प्रवेश करने वाले अप्रवासियों पर कार्रवाई के जवाब में था। घटना तब हुई जब वे असामाजिक व्यवहार अभियान की शुरुआत की तैयारी में तीन पुलिस अधिकारियों के साथ चेम्सफोर्ड की हाई स्ट्रीट के पास गए थे। इंटरनेट पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक महिला चिल्ला रही है, प्रवासियों को हमारे देश में आने दो। चले जाओ, हम तुम्हें यहां नहीं चाहते। हालांकि, दोनों नेताओं ने इसे नजरअंदाज करके आपस में बातचीत जारी रखा। पांच मिनट से कुछ अधिक चलने के बाद सुनक को चेम्सफोर्ड बॉक्सिंग क्लब ले जाया गया जहां उन्होंने सभा को



संबोधित किया और अपने असामाजिक व्यवहार कार्य योजना के बारे में सवालों के जवाब दिए। बता दें कि पिछले दिनों ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एलान किया कि जो लोग अवैध तरीके से ब्रिटेन में आ रहे हैं, उन्हें वापस भेजा जाएगा और वह यहां शरण नहीं मांग सकेंगे। बता दें कि ब्रिटेन में अभी तक ऐसा नियम है कि यहां अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोग भी आवेदन देकर शरण मांग सकते हैं। हालांकि हाल के सालों में ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों की संख्या में जबरदस्त उछाल आया है। सुनक सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानून पेश किया है। ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल से नावों में बैठकर बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी आ रहे हैं, इनकी रोकथाम के लिए कानून में विशेष प्रावधान किए गए हैं। नए कानून के तहत ब्रिटेन के गृह मंत्री को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह नौकाओं के जरिए ब्रिटेन में अवैध रूप से आ रहे प्रवासियों को रोकें। साथ ही ब्रिटेन में रह रहे अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाएगा। ऋषि सुनक ने कहा कि नौकाओं द्वारा ब्रिटेन में आ रहे अवैध प्रवासियों को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है। अवैध प्रवासी अब ब्रिटेन में नहीं रह सकेंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि अवैध प्रवासी ब्रिटेन के करदाताओं, ब्रिटेन में वैध तरीके से आने वाले लोगों के लिए ठीक नहीं हैं। साथ ही यह ब्रिटेन के आपराधिक गिरोहों को भी फायदा पहुंचाते हैं।

## मैक्सिको के माइग्रेशन सेंटर में आग

# मरने वालों का आंकड़ा 37 हुआ, पुलिस ने कहा- तादाद बढ़ भी सकती है

**मैक्सिको सिटी।**

मैक्सिको के माइग्रेशन सेंटर में रविवार को लगी आग में मरने वालों की संख्या मंगलवार को 37 हो गई। यह माइग्रेशन फेसेलिटी मैक्सिको-अमेरिका बॉर्डर के बिल्कुल करीब है।

पुलिस के मुताबिक– हादसे में झुलसे कुछ लोगों की हालत अब भी काफी गंभीर है। लिहाजा, मरने वालों की तादाद अभी और बढ़ने की आशंका है। अमेरिकी डॉक्टरों की एक टीम भी इलाज में मदद के लिए पहुंच चुकी है।

### सेना को मदद के लिए बुलाया

एक रिपोर्ट के मुताबिक– यह आग नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट की बिल्डिंग में रविवार दोपहर लगी। ये सेंटर अमेरिकी राज्य टेक्सास से कुछ दूरी पर अल पासो शहर में है। आग किस वजह से लगी, अभी इसका पता नहीं लग सका है। आग लगने की जानकारी मिलने के फौरन बाद फायर ब्रिगेड और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा



गया। मैक्सिको में यह घटना खराब इंतजामों की वजह से हुई। इस महीने की शुरुआत में हजारों माइग्रेंट्स यूएस-मैक्सिको बॉर्डर पर बैरिकेड तोड़कर अमेरिका में दाखिल हो गए थे। तब फायरिंग की नौबत आ गई थी। इसके बाद वहां सिक्योरिटी काफी सख्त कर दी गई है।

### पुलिस से भिड़ गए थे माइग्रेंट्स

मार्च की शुरुआत में अमेरिका और मैक्सिको के बॉर्डर पर माइग्रेंट्स को लेकर तनाव पैदा हो गया था। बड़ी तादाद में इन माइग्रेंट्स ने बॉर्डर पर लगे कांटेदार तारों को हटाकर अमेरिका में घुसने की कोशिश की। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स और पुलिस ने ज्यादातर को वापस मैक्सिको बॉर्डर में खदेड़ दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक– अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे ज्यादातर लोग उसे ऐप सर्विस से नाराज थे, जो बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने माइग्रेंट्स के लिए लॉन्च की है। इनकी शिकायत है कि इस सर्विस की प्रॉसेस बेहद लंबी और थका देने वाली है। जिन लोगों ने मैक्सिको बॉर्डर से अमेरिका में घुसने की कोशिश की, उनमें ज्यादातर वेनेजुएला के नागरिक थे। ये लोग अमेरिका में शरण की मांग कर रहे थे। इन लोगों ने कांटेदार तार और बैरियर्स हटा दिए। पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान कुछ लोग घायल भी हो गए। अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे लोगों के साथ काफी कम उम्र के बच्चे भी नजर आए थे।

इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस और बॉर्डर पुलिस फोर्स पर हमला भी किया। बाद में पुलिस ने इन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। होम लैंड डिपार्टमेंट मामले की जांच कर रहा है।

### क्यों हुआ था बवाल

दरअसल, कुछ वक्त पहले अमेरिकी होम डिपार्टमेंट ने माइग्रेशन चाहने वाले लोगों के लिए एक ऐप सर्विस लॉन्च की थी। इन लोगों का आरोप है कि इस ऐप को इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि माइग्रेशन चाहने वालों को काफी वक्त खर्च करना पड़े। भीड़ में शामिल एक आदमी ने कहा– अगर इस ऐप के भरोसे रहे तो हमें अमेरिका पहुंचने में कई साल लग जाएंगे।

18 साल की कैमिला पेज ने कहा– बाइडेन पर हम पर रहम दिखाना चाहिए। हमें आने दीजिए ताकि हम अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी कमा सकें। फिलहाल, इस मामले पर बॉर्डर प्रोटेक्शन फोर्स और मैक्सिको ने कोई रिएक्शन नहीं दिया है। अमेरिका ने हमारी मदद के लिए जो ऐप सर्विस लॉन्च की है, वो हकीकत में प्रॉसेस को लंबा करने के लिए हैं। इसमें कई तरह के टेक्निकल फॉल्ट्स हैं।

# सस्ती लोकप्रियता के लिए आनन-फानन में राइट टू हेल्थ बिल लाई गहलोत सरकार : शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्राइवेट डॉक्टरों के प्रति सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना की। शेखावत ने कहा कि गहलोत सरकार राइट टू हेल्थ बिल आनन-फानन में केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए लाई है। इससे सारा चिकित्सा ढांचा चरमरा जाएगा। शेखावत ने राइट टू बिल और डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस बिल के कारण से पूरा चिकित्सा समुदाय और प्राइवेट हॉस्पिटल्स के सारे डॉक्टर उद्वेलित हैं। सरकार यह बिल आनन-फानन में केवल सस्ती लोकप्रियता के लिए लेकर आई है। इससे सारा चिकित्सा ढांचा चरमरा जाएगा, क्योंकि राजस्थान सरकार का खुद का चिकित्सा ढांचा तो पहले से ही चरमराया हुआ है। अब तक राजस्थान चिकित्सा सेवाएं इन प्राइवेट डॉक्टर्स के भरोसे चल ही रही थीं, उसको भी इस सरकार ने तोड़ने-मरोड़ने का काम किया है। गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना का जिक्र करते हुए केंद्रीय शेखावत ने कहा कि सस्ती लोकप्रियता के चलते चिरंजीवी योजना को 25 लाख रुपए किया गया है, लेकिन इसमें सारे पैकेजों को इस तरह कर दिया गया है, जो किसी भी तरीके से लाभप्रद नहीं होंगे। मुफ्त दवा योजना की भी यही स्थिति है। अधिकांश सरकारी अस्पतालों में दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी



है। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक और सामुदायिक केंद्रों की हालत जर्जर है, लेकिन मुख्यमंत्री केवल प्राइवेट डॉक्टरों पर जबरन कानून लाद कर उन्हें दबाव में लेना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक तरफ अशोक गहलोत मेडिकल टूरिज्म और निरोगी राजस्थान की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, दूसरी तरफ शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराने विधानसभा आ रहे डॉक्टर्स पर लाठियां बरसाई जाती हैं। शेखावत ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के चलते राजस्थान के लाखों लोग बिना इलाज दर-दर भटकने को मजबूर हैं। जान बचाने वाले डॉक्टर सड़कों पर रैली निकालने को विवश हैं। सरकार को तत्काल डॉक्टरों की बात सुननी चाहिए और उनकी जायज मांगों के अनुरूप इस बिल पर पुनर्विचार करना चाहिए।

## सामने आई अमृतपाल की पत्नी बोली, दस दिन से नहीं हुआ कोई संपर्क

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** खालिस्तानी अमृतपाल की पत्नी करणदीप कौर ने दावा किया है कि पिछले दस दिन से उसका अमृतपाल के साथ कोई संपर्क नहीं हुआ है। इस पूरे प्रकरण में करणदीप कौर आज पहली बार सामने आई हैं। अमृतपाल की की फरारी के बाद पंजाब पुलिस ने उसकी पत्नी के साथ भी पूछताछ की थी। आज करणदीप कौर ने कहा कि वह करीब डेढ़ साल पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से अमृतपाल के संपर्क में आई थी। उसे पता था कि अमृतपाल एक मिशन को लेकर आगे बढ़ रहा है। करणदीप कौर ने कहा कि वह अमृतपाल के मिशन में उसके साथ है। अमृत की पत्नी ने दावा किया कि वह भारत में कानूनी प्रक्रिया के तहत रह रही है। भले ही वह विदेश में पली-बड़ी है।

## अकाल तख्त जत्थेदार को मुख्यमंत्री मान की दो टूक

# बादल परिवार का पक्ष न लें

### बेहतर होता बेअदबी के मुद्दे पर देते अल्टीमेटम

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह पर पलटवार किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ट्वीट करके जत्थेदार की कार्यप्रणाली और सरकार को दी गई 24 घंटे की चेतावनी पर सवाल खड़े किए हैं। अकाल तख्त साहिब पर सोमवार को 72 सिख संगठनों का जमावड़ा हुआ था। उसमें विशेष ऑपरेशन के दौरान *वारिस पंजाब* दे प्रमुख अमृतपाल के समर्थक पकड़े गए नौजवानों के केस लड़ने तथा वित्तीय मदद करने का फैसला करते हुए सरकार को 24 घंटे के भीतर सभी की रिहाई करने की चेतावनी दी गई थी। मंगलवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक ट्वीट करके अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को कहा कि सभी को पता है कि वह तथा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अक्सर बादल परिवार का पक्ष लेते रहे हैं। इतिहास देखने पर पता चलता है कि कई जत्थेदारों का बादल परिवार ने अपने स्वार्थों के लिए इस्तेमाल किया है। बेहतर होता अगर आप अल्टीमेटम बेअदबी मामलों तथा गुरु ग्रंथ साहिब के गायब स्वरूपों के बारे में देते न कि हंसते-बसते लोगों को भड़काने के लिए। इस बीच मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने साफ किया कि पंजाब पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बेकसूर नौजवानों को लगातार जांच के बाद छोड़ा जा रहा है।

## पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने खालिस्तानी अमृतपाल के वकीलों को लगाई फटकार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने खालिस्तानी अमृतपाल के वकीलों को कहा है कि अगर उनके पास अमृतपाल के पुलिस हिरासत में होने को लेकर पुख्ता प्रमाण है तो वह अदालत को दें ताकि वारंट ऑफिसर को नियुक्त किया जा सके। दूसरी तरफ सरकार ने हाईकोर्ट में दावा किया है कि पुलिस टीमें अमृतपाल के बेहद करीब हैं। उसे बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मंगलवार को हाईकोर्ट में अमृतपाल की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई हुई। पंजाब पुलिस ने 18 मार्च को ऑपरेशन अमृतपाल शुरू किया था। उसी दिन से अमृतपाल गायब है। वारिस पंजाब दे संगठन ने अमृतपाल के गायब होने के मुद्दे को लेकर हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी, जिस पर आज सुनवाई हुई। इस दौरान पंजाब के महाधिवक्ता ने कहा कि अमृतपाल लगातार अपने ठिकाने बदल रहा है और वह भेष बदल बदलकर भाग रहा है। एजी ने हाईकोर्ट को बताया कि पुलिस टीमें अमृतपाल के बेहद करीब हैं। उसे बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हाईकोर्ट ने अमृतपाल के वकील से कहा कि अगर अमृतपाल के पुलिस हिरासत में होने को लेकर कोई सबूत है, तो वह अदालत में दें अदालत बिना किसी देरी के वारंट आफिसर नियुक्त करेगी।

## दुर्गा अष्टमी के दिन स्कूलों में दो घंटे का रहेगा अवकाश

**चंडीगढ़( हिंस )।** हरियाणा सरकार ने दुर्गा अष्टमी के दिन प्रदेश के सभी स्कूलों में दो घंटे का अवकाश करने का ऐलान किया है। इस संबंध में विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि 29 मार्च को दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में एक दिन के लिए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। बुधवार को प्रदेश के सभी स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक लगेंगे। केवल एक दिन के लिए विद्यार्थियों तथा अध्यापकों के स्कूल में आने का समय एक समान रहेगा। इसके बाद स्कूल पहले की तरह ही लगेंगे।

# देश में पहली बार मानहानि किसी की और केस किसी और ने किया दायर : सुक्खू

### हिमाचल के मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता में किया राहुल गांधी का समर्थन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी विपक्ष को खत्म करके लोकतंत्र का हनन कर रही है। राहुल गांधी मामले में देश में पहली बार ऐसा हुआ है कि जिस व्यक्ति की मानहानि हुई है, उसकी बजाए किसी तीसरे ने केस दायर किया था। सुक्खू मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने गुजरात में प्रधानमंत्री पर किसी तरह की निजी टिप्पणी नहीं की है। इसके बावजूद किसी तीसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हो गई और एक निचली कोर्ट के फैसले को मानते हुए राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द कर उन्हें घर खाली करने के निर्देश भी जारी कर दिए गए। यह सब राहुल गांधी तथा




कांग्रेस पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता के कारण हो रहा है। सुक्खू ने सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर एक मंच पर आने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है और जहां कांग्रेस सत्ता में नहीं है, वहां विपक्ष में है। केंद्र के इस फैसले से क्षेत्रीय दलों को यह समझना चाहिए कि देश में राष्ट्रीय दल के साथ इस तरह का व्यवहार हो रहा है तो क्षेत्रीय दल ऐसे हालातों में कहां खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने कभी प्रधानमंत्री बनने की लालसा नहीं पाली है। इसके बावजूद भाजपा को वर्ष 2024 के चुनाव में खतरा सता रहा है। जिसके चलते इस तरह की अलोकतांत्रिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले को उपरी अदालतों में चुनौती देने की तैयारी चल रही है, लेकिन कांग्रेस सड ? से लेकर संसद तक इसका विरोध जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को यह बात समझ लेनी चाहिए कि विपक्ष के बगैर सरकार अधूरी होती है। सरकार का वजूद विपक्ष के साथ ही है। केवल एक या दो चुनाव हारने से कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त मानने की भूल करके भाजपा ऐसे काम कर रही है, जिससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था खतरे में आ गई है।

## पंजाब महिला आयोग अध्यक्ष मनीषा को हाईकोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष मनीषा गुलाटी को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से झटका लगा है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया। अब गुलाटी के अध्यक्ष पद पर बने रहने की संभावना समाप्त हो गई है। मनीषा गुलाटी ने दूसरी बार हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने सरकारी आदेश में कारण स्पष्ट नहीं होने समेत तकनीकी कारणों को आधार बनाते हुए राज्य सरकार का आदेश रद्द करने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि उनकी नियुक्ति तय प्रक्रिया के तहत तीन वर्ष के लिए 13 मार्च 2018 को की गई थी। उन्हें 18 सितंबर 2020 से 19 मार्च 2021 और फिर 18 मार्च 2024 तक एक्सटेंशन तय प्रक्रिया के तहत दी गई। पंजाब सरकार ने 31 जनवरी को एक्सटेंशन का आदेश रद्द करते हुए कहा कि उन्हें एक्ट का उल्लंघन कर सेवा विस्तार दिया गया था। इस पर पंजाब सरकार ने हाई कोर्ट को 15 फरवरी को गुलाटी को पद से हटाने का निर्णय वापस लेने की जानकारी दी । इस पर हाईकोर्ट द्वारा याचिका का निपटारा किया गया। कुछ दिन बाद पंजाब सरकार ने उन्हें दोबारा पद से हटाने का आदेश जारी किया। इस फैसले को गुलाटी ने चुनौती दी । कोर्ट में पंजाब सरकार ने कहा कि कार्यकाल पूरा होने के बाद किसी भी अध्यक्ष को हटाना उनके अधिकार क्षेत्र में है।

# केंद्र सरकार बहुमत के अहंकार में है : प्रभारी मंत्री जाट



**उदयपुर ( हिंस )।** केंद्र की भाजपा सरकार बहुमत के अहंकार में है। गलत फैसले ले रही है। महंगाई सिर चढ़कर बोल रही है। कांग्रेस इसका विरोध कर रही है तो उस पर गलत तरीकों से हमले किए जा रहे हैं। लेकिन, कांग्रेस इससे घबराने वाली नहीं है, जनहित के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी। यह बात उदयपुर के प्रभारी मंत्री रामलाल जाट ने मंगलवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महंगाई की मार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने कम करने के लिए जनहित की योजनाएं लागू की हैं। यह योजनाएं भाजपा पचा नहीं पा रही है, इसी कारण कांग्रेस पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इन्हीं जनहित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बुधवार को उदयपुर में बड़ा आयोजन रखा है। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आ रहे हैं। साथ ही, आक्रोश रैली के माध्यम से कांग्रेस अपना विरोध भी दर्ज करवाएगी। राहुल गांधी के मामले में उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर भी चुनाव के समय कई कमेंट किए जाते हैं, लेकिन तब कार्रवाई क्यों नहीं होती। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि हमारी संख्या कम है लेकिन हमारे साथ सत्य है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कुछ समय पहले कांग्रेस पार्टी में मतभेद होने की वजह से हमें होटलों में जाना पड़ा था, इसके बावजूद आमजन के विश्वास को देखते हुए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कुछ विरोध के बावजूद राइट टू हैल्थ बिल लागू किया गया है। देश में राजस्थान पहला राज्य है जिसने यह बिल लागू किया है। उन्होंने प्रदेश में डॉक्टर्स की हड़ताल पर कहा कि डॉक्टर्स को अपना धर्म निभाना चाहिए।

## जयपुर में आज निजी अस्पतालों ने किया महाबंद का आह्वान

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में राइट टू हेल्थ बिल को लेकर चिकित्सकों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को राइट टू हेल्थ बिल के विरोध के जिसके चलते निजी अस्पतालों की ओर से महाबंद का आह्वान किया गया है। जिसका सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने भी समर्थन किया है। ऐसे में प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को इलाज उपलब्ध नहीं होगा। अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि सरकार द्वारा जारी किया गया यह बिल चिकित्सकों पर थोपा गया है और अब चिकित्सक आर-पार की लड़ाई पर उतर गया है। ऐसे में अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ की ओर से दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। जबकि प्राइवेट प्रैक्टिस को भी बंद कर दिया गया है। इसके अलावा 29 मार्च यानि बुधवार को महाबंद का आह्वान चिकित्सकों की ओर से किया गया है। जिसमें तमाम सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों ने भी इसको समर्थन दिया है। इसमें अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ और मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन भी शामिल हैं। ऐसे में बुधवार को प्रदेश के किसी भी सरकारी अस्पताल में मरीजों को इलाज नहीं मिल पाएगा। हालांकि इस दौरान आपातकालीन और आईसीयू सेवाएं चालू रहेगी।

# कैथल के जेल के सुपरिटेंडेंट समेत सात पर जींद में मामला दर्ज

**जींद ( हिंस )।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने कैथल जेल से एनडीपीएस के मामले में निलंबित किए गए जेल वार्डन द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में कैथल जेल के सुपरिटेंडेंट समेत सात जेल कर्मचारियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार राम कॉलोनी निवासी सुरेश कैथल जेल में वार्डन के पद पर ड्यूटीरत था। 2022 में कैदी को नशीला पदार्थ देते समय पकड़े जाने पर उसके खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। जेल विभाग ने सुरेश को निलंबित कर दिया था। जमानत पर आने के बाद सुरेश अपने परिवार के साथ राम कॉलोनी में रह रहा था। गत 13 मार्च को सुरेश ने अपने रामनगर स्थित मकान में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने बताया था कि एनडीपीएस के मुकद्में में फंसाए जाने तथा निलंबित किए जाने से सुरेश परेशान चल रहा था। उसी परेशानी के चलते सुरेश ने आत्महत्या की है। पुलिस ने उस दौरान पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया था। सुरेश के आत्महत्या किए जाने के बाद परिजनों ने जब उसके दस्तावेजों तथा फाइलों को खंगाला तो उसमें सुसाइड नोट मिला। जिसमें बताया गया कि उसे जेल अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने साजिश के तहत नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम में फंसाया है और उसे निलंबित किया गया है। जिसे उसे गहरा मानसिक आघात पहुंचा है। उसकी मौत के जिम्मेदार कैथल जेल सुप्रिडेंट व अन्य सात कर्मचारी हैं जिनकी वजह से वह अपनी जान दे रहा है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक निलंबित जेल वार्डन सुरेश की पत्नी पिंकी की शिकायत पर कैथल जेल के सुप्रिडेंट संजय बांगड़, एडीपीटी सुरेंद्र गुर्जर, एलओ सुरेश कुमार, जेल वार्डन बलजीत, जसवीर, कर्मवीर तथा शैलेंद्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी चंद्रसिंह ने बताया कि निलंबित किए गए मृतक वार्डन की फाइल से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें कैथल जेल के सुपरिटेंडेंट समेत सात कर्मचारियों को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

## राजस्थान पुलिस की मेसों में अब मोटा अनाज भी होगा शामिल

**जयपुर ( हिंस )।** पुलिसकर्मियों की थाली में गेहूं, चावल के साथ मिलेट्स यानी मोटा अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी) भी सम्मिलित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि संयुक्त रा ष्ट्र ने इस साल को अंतर्राष्ट्रीय



मिलेटस वर्ष 2023 के रूप में घोषित किया है। इस अभियान को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स पोषक अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी का सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलों और यूनिट में संपर्क सभा का आयोजन कर जवानों को मिलेट्स यानी पोषक अनाज की खूबियों के बारे में अवगत करा इसे भोजन में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पुलिस लाइन और बटालियन मुख्यालय स्थित शॉप में मिलेट्स रखे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मिलेट्स में पोषक तत्वों की मात्रा ज्यादा होने के साथ प्रोटीन, फाइबर, विटामिन बी और खनिजों से भरपूर होने कारण इसे पोस्टिक धान्य भी कहा जाता है। मिलेट्स का भोजन में प्रयोग स्वास्थ्यवर्धक माना गया है। मिलेट्स राजस्थान की भौगोलिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों के भी अनुकुल है और पुलिसकर्मियों के लिए ताकत वाले पोषण से भी भरपूर है। पुलिस कल्याण शाखा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बिपिन कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में राज्य के सभी जिला एसपी समेत पुलिस ट्रेनिंग सेंटर प्रमुख के लिये निर्देश जारी किए है।

## श्री राम जन्मोत्सव : रामनवमी की पूर्व संध्या पर रामचंद्र मंदिर में सजेगी अलौकिक झांकी

**जयपुर ( हिंस )।** ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्र जी चांदपोल बाजार जयपुर में चल रहे नव दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव में तहत बुधवार को प्रेमभाया मंडल द्वारा बधाई उत्सव का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर श्री राम दरबार का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। जिसमें भगवान श्री राम को रत्न जड़ित पोशाक,बहुमूल्य आभूषण, कुंदन मीने का ताज पहनाया जाएगा। इस उत्सव में सभी प्रमुख मंदिरों के संत महंत उपस्थित रहेंगे। श्री ठाकुर जी के श्रृंगार के लिए बाहर से विशेष फूल मंगवाए गए है। वहीं श्री रामनवमी के कार्यक्रम की लगभग सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। मंदिर परिसर में रोशनी और फूल माला से भव्य सजावट की जा रही है। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि रामनवमी के पर्व पर मंदिर श्री रामचंद्र जी में मुख्य आयोजन होगा। रामनवमी की सुबह 6 बजे मंगला से ही भक्तों का विशेष पूजा अर्चना के लिए आगमन शुरू हो जाएगा। सुबह 11 बजे श्री ठाकुर जी महाराज का पंचामृत अभिषेक पूरे विधि विधान, मंत्रोच्चार के साथ शुरू किया जाएगा। जिसमे 500 किलो दूध जिसमे इत्र, गुलाब, केशर, केवड़ा इत्यादि मिश्रित किया जाएगा। वर्ष पूजन के बाद अभिषेक शुरू होगा।

## बर्फ हटाने के दौरान हिमस्खलन में एक जेसीबी चालक की मौत

**अनंतनाग ( हिंस )।** जिले के कोकरनाग में ब्रेंग घाटी की लोकप्रिय पहाड़ी दर्रा सिंथन टॉप पर बर्फ हटाने के काम में लगे जेसीबी चालक की मंगलवार को हिमस्खलन की चपेट में आने से मौत हो गई है। इस हादसे में अभी अन्य जेसीबी चालकों के लापता होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में बर्फ साफ करने के लिए कई जेसीबी लगी हुई थीं। कार्य के दौरान अचानक हिमस्खलन हो गया। भारी हिमस्खलन की चपेट में जेसीबी मशीनें तथा उनके चालक आ गए। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय तहसीदार के साथ एसएचओ की देखरेख में तुरंत बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया।

# फैशन शो में झलकेंगे खादी के नवाचार

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान की परंपरागत खादी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से बुधवार को जवाहर कला केंद्र में खादी फैशन शो आयोजित किया जाएगा। इस दौरान खादी उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने बताया कि राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर खादी फैशन शो के माध्यम से राज्य सरकार यहां के परंपरागत पहनावे को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप में प्रस्तुत करने जा रही है। साथ ही देश के विभिन्न क्षेत्रों के खादी परिधानों की विशेषताएं भी इस फैशन शो में नजर आएंगी। राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के कंसल्टेंट एंड फैसिलिटेटर, विश्वविख्यात फैशन डिजाइनर हिम्मत सिंह पंवार ने बताया कि खादी को आमजन से लेकर




अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक लोकप्रिय बनाना उनका उद्देश्य है। इसके लिए उन्होंने अमिताभ बच्चन, कपिल शर्मा, मीका सिंह सरीखी बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को खादी से जोड़ा है। वे राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, विधानसभा पीठासीन, इन्वेस्ट राजस्थान, पाली में हुई नेशनल जंबूरी सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर खादी को प्रोत्साहित करने के प्रयासों में जुटे हैं। राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के चेयरमैन बृजकिशोर शर्मा ने बताया कि राज्य में खादी के कतिनों एवं कारीगरों को विशेष प्रशिक्षण देकर उनसे दैनिक जीवन में पहने जाने वाले परिधान तैयार करवाए जा रहे हैं। फैशन शो के माध्यम से खादी में किए गए इन्हीं नवाचारों को प्रदर्शित किया जाएगा। राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने बताया कि फैशन शो एवं खादी उत्पादों का प्रदर्शन दिनांक 29 मार्च 2023 को जवाहर कला केंद्र के मध्यवर्ती मुक्ताकाश मंच पर सांयकाल 6 बजे से शुरू होंगे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत, राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़, समाज कल्याण बोर्ड राजस्थान की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा, राजस्थान कृषि उद्योग विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित राजस्थान सरकार के कई अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (उद्योग) वीनू गुप्ता ने बताया कि इस खादी फैशन शो में दो सीक्वेंस होगी, जिसमें युवा मॉडल्स राजस्थान की खादी की विशेषताओं को रैंप पर शोकेस करेंगे।

No. TWRD/G/19/Pt-VII/2014/93

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed tender in prescribed forms (No tender in Cyclostyle copy/Carbon copy/ Xerox copy will be accepted) to be eventually drawn up in P. W. D. “H”/ “F-2” (as the case may be) affixing Non-refundable court fee stamps of Rs.8.25 (Rupees eight and paisa twenty five) only in various groups are hereby invited from the current years valid and up to date Registered Eligible Contractors under Water Resources Department Assam and will be received in the office of the undersigned up to 2.00 PM of Date 03-04-2023 and will be opened on the same day at 2.30 P.M. in presence of the contractor or their authorized representative at that time. 2% Earnest Money (1% in case of S.T./S.C./OBC/MOBC) of each group amount should be deposited at the time of submission of the tender by Call Deposit/Fixed Deposit (Nationalized bank) pledged in favour of the Executive Engineer, Tezpur W.R. Division, Tezpur. If the date of receiving tender falls on a holiday/bandh etc. the tender will be received in the next working day accordingly. The tenderer or their authorized agents may remain present at the time of opening of tender.

The detailed notice, plan, specification, terms and conditions etc. may be seen in the office of the undersigned during office hour’s up to 1:00 P.M. of 03-04-2023 The Detailed tender papers for the group of work may be obtained during office hours upto 1:00 P.M. of 03-04-2023 on payment of Rs.100.00 (Rupees hundred) only for each tender paper in the shape of crossed I.P.O. pledged to the Executive Engineer, Tezpur Water Resources Division, Tezpur.

Name of Schemes : Pro-Siltation measures at Bhomoraguri upstream of Koliabhomora Bridge.

*ITEM OF WORK* : Earth work in bank trimming, Supply of PSC Porcupine. Carriage & Launching of PSC Porcupine, Supply of ordinary labour.

APPROXIMATE VALUE : Rs.18.97 Lakh

LOCATION : Bhomoraguri, Tezpur.

Executive Engineer
Tezpur Water Resources Division
Tezpur

***-- Janasanyog /C/23984/22***



# अडाणी ने क्यूबीएमएल की 49प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदीः 47.84 करोड़ रुपए में किया अधिग्रहण, अडाणी ग्रुप का एनडीटीवी में भी 64.71प्रतिशत स्टेक

**नई दिल्ली।**

**अडाणी ग्रुप की कंपनी एएमजी मीडिया नेटवर्क्स ने डिजिटल न्यूज प्लेटफॉर्म क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया की 49प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। अडाणी एंटरप्राइजेज की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, ये अधिग्रहण 47.84 करोड़ रुपए में किया गया है। अधिग्रहण की घोषणा 13 मई, 2022 में की गई थी। द क्विंट की स्थापना राघव बहल और रितु कपूर ने की थी।**

क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया न्यूज प्लेटफॉर्म ब्लूमबर्ग क्विंट चलाता है, जिसे अब बीक्यू प्राइम कहा जाता है। अडाणी ग्रुप ने पब्लिशिंग, एडवर्टाइजिंग, ब्रॉडकास्टिंग और कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 26 अप्रैल 2022 को एएमजी मीडिया नेटवर्क लिमिटेड नाम की कंपनी बनाई थी। अडाणी ग्रुप के पास नई दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड यानी एनडीटीवी की भी 64.71प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### बीक्यू प्राइम हिंदी 4 महीने पहले लॉन्च किया था

4 महीने पहले क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया ने बीक्यू प्राइम हिंदी लॉन्च किया था। कंपनी इसके जरिए हिंदी में वर्ल्ड क्लास बिजनेस और फाइनेंशियल कंटेंट देना चाहती है। प्लेटफॉर्म का टारगेट वे लोग हैं जो बिजनेस और फाइनेंस से जुड़ी खबरों को आसान भाषा में जानना चाहते हैं। बीक्यू प्राइम (पहले का नाम ब्लूमबर्गक्विंट) को इंडियन इकोनॉमी, बिजनेस और फाइनेंशियल मार्केट के एनालिटिकल कवरेज के लिए जाना जाता है।

### क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया के बारे में जानें

क्विंटिलियन बिजनेस मीडिया क्विंटिलियन मीडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी है। इसकी स्थापना 2016 में ब्लूमबर्गक्विंट के रूप में हुई थी। यह पहला डिजिटल ओनली मल्टीमीडिया ब्रांड है। सीनियर जर्नलिस्ट संजय पुगलिया बीक्यू प्राइम के डायरेक्टर और एएमजी के सितंबर 2021 में, संजय पुगलिया को अडाणी मीडिया वेंचर्स को लीड करने के लिए नियुक्त किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### अप्रैल में थम सकती है रेपो दर में वृद्धि, 2018 के बाद चार साल के उच्च स्तर पर




नई दिल्ली । आरबीआई की अप्रैल में होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में रेपो दर में बढ़ोतरी का सिलसिला थम सकता है। एसबीआई ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा, भारत में खुदरा महंगाई से लेकर फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों से लेकर महत्वपूर्ण आंकड़े इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि 6.5 फीसदी का मौजूदा रेपो दर 2018 के बाद चार साल के उच्च स्तर पर है। इसलिए, अब बढ़ोतरी का संभावना नहीं है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक 3 अप्रैल, 2023 से शुरू होनी है। फरवरी में हुई एमपीसी बैठक में रेपो दर को 0.25 फीसदी बढ़ाकर 6.50 फीसदी किया गया था। उस समय आरबीआई ने कहा था कि खुदरा महंगाई को काबू में रखने और उच्च विकास दर को बनाए रखने के लिए प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने इस रिपोर्ट में तमाम आंकड़ों की मदद से बताया कि आरबीआई के पास अब इस बात के पर्याप्त कारण मौजूद हैं कि वह अप्रैल की समीक्षा में रेपो दर में कोई वृद्धि न करे।

### बड़े कॉरपोरेट खातों पर कड़ी निगरानी रखें बैंक, दो सप्ताह में जोखिमों से निपटने की दें योजना

नई दिल्ली । सरकारी क्षेत्र के बैंकों को बड़े कॉरपोरेट खातों को दिए गए कर्ज पर कड़ी निगरानी करने का आदेश दिया गया है। साथ ही, सरकार ने इन बैंकों से दो सप्ताह के भीतर प्रमुख क्षेत्रों में व्यावसायिक जोखिमों से निपटने के लिए एक योजना भी पेश करने को कहा है। वित्त मंत्री ने शनिवार को ही सरकारी बैंकों को प्रमुखों के साथ एनपीए व जमा सहित अन्य मुद्दों को लेकर बैठक की थी। भारतीय बैंकों को अतीत में दिवालिया कानून के तहत कर्ज ग्रसित कंपनियों के प्रति जोखिम पर गहरी कटौती करनी पड़ी थी। एक बैंकर ने कहा, बड़े कॉरपोरेट कर्ज खातों की जांच बढ़ाना बुद्धिमानी होगी। सूत्रों ने कहा, बैंकों को बढ़ते ब्याज के बीच बैलेंसशीट में मार्क-टू-मार्केट प्रभाव की निगरानी करने और तरलता अनुपात को बनाए रखने के लिए भी कहा गया था। एक बैंकर ने कहा, अमेरिका-यूरोप में बैंकिंग संकट ने चिंता बढ़ा दी है इस बीच, भारत में उधारदाताओं को अपनी संपत्ति-देयता प्रोफाइल के आकलन को बढ़ाने के लिए भी कहा गया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा था, भारतीय बैंकों ने अप्रत्याशित तनाव से बचाने के लिए पर्याप्त बफर का निर्माण किया है। केवाईसी नियमों का पालन नहीं करने आरबीआई ने छह सहकारी बैंकों पर 12.30 लाख का जुर्माना लगाया है। इसमें से एक उत्तर प्रदेश का अलीगढ़ जिला सहकारी बैंक है, जिस पर दो लाख रुपये जुर्माना लगा है। बैंक ने एग्रीमेंट की वैधता का पालन नहीं किया था। दिल्ली नागरिक सहकारी बैंक पर भी निर्देशों के उल्लंघन पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगा है।




### टाटा और रिलायंस समेत 11 कंपनियों को सोलर पैनल उत्पादन का अप्रूवल मिला



नई दिल्ली । केंद्र ने मंगलवार को 11 कंपनियों को 39,600 मेगावाट क्षमता के घरेलू पीवी मोड्यूल सोलर पैनल का विनिर्माण करने की मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों पर प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव स्कीम की दूसरी खेप के के तहत 14,007 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। ये पीवी मोड्यूल सोलर पैनल उच्च क्षमता वाले होंगे। केंद्र सरकार की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि कुल 39,600 मेगावाट क्षमता में से 7400 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल का निर्माण अक्तूबर 2024 तक शुरू हो जाएगा। वहीं 16,800 मेगावाट क्षमता के सोलर पैनल का निर्माण अप्रैल 2025 तक शुरू हो जाएगा। बाकी बचे 15,400 मेगावाट के सोलर पैनल का विनिर्माण अप्रैल 2026 तक शुरू हो जाएगा। केंद्र सरकार ने बताया है कि सोलर पैनल निर्माण स्कीम के दूसरे चरण के तहत करीब 93,041 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है और इससे करीब 1,01,487 नए रोजगार का सृजन होगा। इस 1,01,487 रोजगार में 35,010 लोगों को प्रत्यक्ष जबकि 66,477 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। जिन कंपनियों को पीएलआई स्कीम का लाभ मिलेगा उनमें इंडोसॉल, रिलायंस, फर्स्ड सोलर, जेएसडब्ल्यू और टाटा पावर सोलर शामिल हैं।

# यह धारणा गलत कि एच-1बी वीजाधारक को नौकरी छूटने पर 60 दिनों में अमेरिका छोड़ना ही पड़ेगा, यूएससीआईएस ने ये कहा

नई दिल्ली ।

आईटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही छंटनी के बीच अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) ने कहा है कि यह मानना गलत है कि छंटनी के शिकार एच-1बी वीजा धारकों को 60 दिनों के भीतर ही देश (अमेरिका) छोड़ना होगा, उनके पास तत्कालीक तौर पर यूएस में रहने के कई विकल्प हैं।

फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज को लिखे एक पत्र में यूएससीआईएस के निदेशक एम जदोउ ने कहा, जब गैर-अप्रवासी कर्मियों को नौकरी से निकाला जाता है, तो कई बार ऐसा देखा गया है कि वे अपने विकल्पों से अवगत पूरी तरह अवगत नहीं होते हैं और कुछ मामलों में गलत तरीके से इस निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं कि उनके पास 60 दिनों के भीतर देश छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। नौकरी से निकाले गए एच-1बी वीजा धारकों के लिए काम कर रहे फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) ने हाल ही में यूएससीआईएस को पत्र लिखकर आईटीह क्षेत्र में हालिया छंटनी के नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया था और 60 दिन की छूट अवधि बढ़ाने की मांग की थी। एफआईआईडीएस के नीति और विश्लेषण रणनीति निदेशक खांडेराव कांड को संबोधित पत्र में यूएससीआईएस ने कहा कि वह अमेरिका में रोजगार आधारित गैर-आव्रजक श्रमिकों और उनके परिवारों पर रोजगार के नुकसान के वित्तीय और भावनात्मक प्रभाव को समझते हैं। अमेरिका में बने रहने के लिए छंटनी से प्रभावित लोग अन्य विकल्पों पर गौर कर सकते हैं यूएससीआईएस ने कहा, हम अनैच्छिक छंटनी के मामले से अवगत हैं, खासकर प्रौद्योगिकी क्षेत्र में। यूएससीआईएस ने कहा कि जब एक गैर-आप्रवासी श्रमिक का रोजगार समाप्त हो जाता है चाहे वह स्वेच्छा से हो या अनैच्छिक रूप से, इससे प्रभावित लोग आम तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका में अधिकृत प्रवास की अवधि में रहने की पात्रता हासिल करने के लिए चार उपायों पर गौर कर सकते हैं। इनमें प्रमुख रूप से गैर-आप्रवासी स्थिति में बदलाव के लिए एक आवेदन दायर कर सकते हैं या फिर अपनी वीजा की स्थिति के समायोजन के लिए एक आवेदन दायर कर सकते हैं। एससीआईएस ने कहा छंटनी से प्रभावित लोग अपने




रोजगार से संबंधित विशेष परिस्थिति से जुड़ा आवेदन भी दायर कर सकते हैं। इसके अलावा वे रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज या नियोक्ता बदलने के लिए याचिका देकर लाभ ले सकते हैं। यदि समय रहने कदम उठाया जाए तो अमेरिका में रहने का 60 दिन का अतिरिक्त समय मिल सकता है यूएससीआईएस के अनुसार यदि इनमें से कोई भी एक कदम 60-दिन की छूट अवधि के भीतर उठाया जाता है तो संयुक्त राज्य अमेरिका में गैर-आप्रवासी के रहने की अधिकृत प्रवास अवधि 60 और बढ़ सकती है, भले ही वे अपनी पिछली गैर-आप्रवासी स्थिति खो दें।

यूएससीआईएस ने अपने पत्र में कहा, यदि कर्मचारी छूट अवधि के भीतर कोई कार्रवाई नहीं करता है, तो उन्हें और उनके आश्रितों को 60 दिनों के भीतर या जब उनकी अधिकृत वैधता अवधि समाप्त हो जाती है, जो भी कम हो उस तारीख को संयुक्त राज्य अमेरिका छोड़ना पड़ सकता है।

इसमें कहा गया है कि चूंकि 60 दिन तक की छूट अवधि को गृह सुरक्षा विभाग के नियमों में संहिताबद्ध किया गया है, इसलिए इसे बढ़ाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया अधिनियम के अनुपालन में नियामकीय परिवर्तन की आवश्यकता होगी। ऐसे में यूएससीआईएस की ओर से नीतिगत मार्गदर्शन के माध्यम से इसे बढ़ाया नहीं जा सकता है। यूएससीआईएस ने लिखा है कि सौभाग्य से नौकरी जाने का सामना कर रहे ज्यादातर लोगों के पास 60 दिनों की अवधि में अपनी नौकरी की तलाश जारी रखते हुए अमेरिका में बने रहने के कई विकल्प हैं।

यूएससीआईएसने कहा कि वह (विज्ञान, प्रौद्योगिकी , इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में प्रतिभाशाली विदेशी मूल के श्रमिकों की ओर से संयुक्त राज्य अमेरिका में किए गए योगदान को समझता है।

### 2024 के लिए एच-1बी वीजा का कोटा सामाप्त, सफल आवेदकों को सूचना दी गई

अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा ने कहा है कि एक अक्टूबर से शुरू हो रहे वित्त वर्ष 2024 के लिए एच-1बी वीजा की सीमा तय कर ली गई है। सभी सफल आवेदकों को इसके बारे में सूचित कर दिया गया है।

संघीय एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024 के दौरान एच-1बी संख्यात्मक आवंटन (एच-1बी कैप) तक पहुंचने के लिए शुरुआती अवधि के दौरान पर्याप्त इलेक्ट्रॉनिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं, जिसमें उन्नत डिग्री छूट भी शामिल है।

# सरकार के प्रयासों से घरेलू स्टार्टअप पर नहीं पड़ा असर, बैंकों भरोसेमंद साथी



नई दिल्ली ।

अमेरिका-यूरोप में बैंकिंग संकट का दुनियाभर के वित्तीय बाजारों व बड़ी कंपनियों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। लेकिन, भारत में इस संकट का खास असर नहीं दिखा है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, अमेरिका के सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी) के दिवालिया होने के बाद सरकार ने घरेलू स्टार्टअप की मदद के लिए तत्काल कदम उठाए। इससे यह सुनिश्चित हुआ कि स्टार्टअप पर इस संकट का प्रतिकूल असर न पड़े।

वैष्णव ने सोमवार को भारत वैश्विक मंच कार्यक्रम में कहा, सिलिकॉन वैली बैंक के पतन के बाद हमने (सरकार) तुरंत कदम उठाया और पूरे स्टार्टअप समुदाय के साथ जुड़े। यह भी सुनिश्चित किया कि सिलिकॉन वैली बैंक में जमा घरेलू स्टार्टअप का पैसा भारतीय बैंकों में आसानी से स्थानांतरित हो सके। विभिन्न सरकारी इकाइयों के बीच सहयोग से प्रक्रिया को सुचारू रूप से अंजाम दिया गया।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, स्टार्टअप समुदाय भारतीय बैंकों को अपना भरोसेमंद साथी मानें। कहीं भी किसी भी बैंक में पैसा लगाने के बारे में न सोचें। अपना पैसा भारत में रखें। सिलिकॉन वैली बैंक में जमा रकम भारतीय बैंकों में स्थानांतरित करने के लिए तत्काल उठाए गए कदम वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भारत जैसा भरोसेमंद भागीदार महत्वपूर्ण है। पूरी दुनिया में माना जा रहा है कि भारत को प्रमुख सेमीकंडक्टर विनिर्माण गंतव्य के रूप में उभरना चाहिए। सरकार देश में जीवंत सेमीकंडक्टर विनिर्माण परिवेश तंत्र बनाने के लिए पूरी ईमानदारी व लगन से काम कर रही है। -अश्विनी वैष्णव, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री दूरसंचार मंत्री ने कहा, क्वांटम कंप्यूटिंग आधारित देश का पहला दूरसंचार नेटवर्क लिंक दिल्ली में शुरू हो चुका है। पहले 'अंतरराष्ट्रीय क्वांटम एनक्लेव' में उन्होंने कहा, राष्ट्रीय राजधानी में संचार भवन व सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के बीच क्वांटम कम्युनिकेशन लिंक शुरू हो चुका है। वैष्णव ने कृत्रिम मेधा (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग क्षेत्रों में भारत के तेजी से उठाए गए कदमों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, एक समय था जब भारत को केवल प्रौद्योगिकी उपभोक्ता माना जाता था।

# पैन -आधार लिंक करने की डेडलाइन बढ़ीः अब 30 जून तक लिंक करा सकते हैं, यहां जानें लिंक करने की प्रोसेस

**नई दिल्ली।**

**सरकार ने पैन -आधार को लिंक करने की डेडलाइन 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून 2023 कर दी है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने प्रेस रिलीज जारी कर यह जानकारी दी है। आधार-पैन लिंकिंग की डेडलाइन पहले कई बार बढ़ाई जा चुकी है।**

सबसे पहली इसकी डेडलाइन 31 मार्च 2022 थी, तब लिंकिंग प्रोसेस फ्री थी। 1 अप्रैल 2022 से 500 रुपए फीस लगाई गई थी और 1 जुलाई 2022 से फीस बढ़ाकर 1,000 रुपए कर दी गई। पिछले साल जुलाई में संसद में शेयर किए गए सरकारी आंकड़ों के अनुसार 61,73,16,313 (6.17 करोड़) के कुल इंडिविजुअल पैन में से 46,70,66,691 (4.67 करोड़) पैन -आधार लिंक हुए थे।

### लग सकती है 10,000 रुपए तक की पेनल्टी

पैन कार्ड इनएक्टिव होने पर ऐसे लोगों को म्यूचुअल फंड या स्टॉक अकाउंट खोलने जैसी चीजों की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा यदि आप इस पैन कार्ड का कहीं भी दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो भारी जुर्माना लग सकता है। आयकर अधिनियम 1961 की धारा के तहत आप पर 10,000 रुपए तक की पेनल्टी लगाई जा सकती है।




### इन पैन कार्ड धारकों को दी गई राहत

आयकर अधिनियम 1961 के तहत कुछ लोगों को पैन को आधार से लिंक कराने में छूट दी गई है। इस कैटेगरी में असम, जम्मू एवं कश्मीर और मेघालय के लोग, नॉन रेजिडेंट, 80 साल या उससे अधिक उम्र के लोग और विदेशी नागरिक शामिल हैं।

# ट्विटर वेरिफिकेशन प्रोगाम :15 अप्रैल से सिर्फ वेरिफाइड अकाउंट्स को ही मिलेगा फोर यू रिकमेंडेशन फीचर, पोल में वोट भी वही कर पाएंगे

नई दिल्ली ।

एलन मस्क ने ट्विटर पर एक और बदलाव किया है। मस्क ने ऐलान किया है कि 15 अप्रैल से फोर यू रिकमेंडेशन फीचर का फायदा सिर्फ वेरिफाइड अकाउंट्स को ही मिलेगा। इसके अलावा, ट्विटर पोल में वोट भी वही लोग कर पाएंगे जिनका अकाउंट वेरिफाइड होगा।

### 1 अप्रैल से ब्लू टिक के लिए देने होंगे पैसे

ट्विटर 1 अप्रैल से अपने लिगेसी वेरिफिकेशन प्रोग्राम को खत्म करना शुरू कर देगा। इसके तहत कंपनी यूजर्स के अकाउंट से ब्लू टिक हटाना शुरू कर देगी। इसका असर सीधे यूजर की जेब पर पड़ेगा। हालांकि फ्री ब्लू टिक वाले यूजर्स पैसे देकर ट्विटर ब्लू की सेवा लेते हैं तो उनका ब्लू टिक बना रहेगा, लेकिन लीगली वेरिफाइड का टैग हट जाएगा।

बता दें कि मस्क 2023 के अंत तक ट्विटर को फाइनेंशियल रूप से मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने रेवेन्यू बढ़ाने के लिए ब्लू सब्सक्रिप्शन जैसी कुछ सर्विस को मॉडिफाई भी की थी। भारत में वेब यूजर्स के लिए इस सर्विस का मंथली सब्सक्रिप्शन 650 रुपए का है। वहीं अमेरिका में इसके लिए हर महीने 11 डॉलर चुकाने होंगे।




### कंपनियों को गोल्डन टिक के लिए चुकाने होंगे 82 हजार रुपए

ट्विटर पर गोल्डन टिक (वेरिफाइड चेक मार्क) के लिए कंपनियों को हर महीने एक हजार डॉलर यानी करीब 82 हजार रुपए चुकाना होगा। यही नहीं, अब कंपनियों को अपने ट्विटर अकाउंट से जुड़े दूसरे अकाउंट के लिए भी हर महीने 50 डॉलर यानी करीब 4 हजार रुपए एक्स्ट्रा चार्ज देना होगा।

ट्विटर ने रेवेन्यू बढ़ाने के लिए वेरिफिकेशन प्रोग्राम की घोषणा शुक्रवार को थी। एलन मस्क ने पुष्टि की थी कि वेरिफाइड ऑर्गनाइजेशन से एफिलिएटेड किसी भी व्यक्ति का अकाउंट ऑटोमेटिक वेरिफाई हो जाएगा।

### जनवरी में शुरू हुआ था वेरिफिकेशन प्रोग्राम

ट्विटर ने अपना अपडेटेड अकाउंट वैरिफिकेशन प्रोग्राम जनवरी में लॉन्च किया था। तब सभी वेरिफाइड अकाउंट को तीन कलर कैटेगरी बांटा था। इन कैटेगरी में कंपनियों को गोल्ड चेक, सरकार को ग्रे चेक और आम नागरिकों को ब्लू टिक देना शामिल है। इससे पहले ट्विटर ने 9 नवंबर को चेक-मार्क बैज के साथ ट्विटर ब्लू लॉन्च किया गया था, लेकिन फेक अकाउंट की संख्या बढ़ने के कारण 2 दिन बाद ही सर्विस को होल्ड कर दिया गया था। नए ब्लू साइन अप बंद कर दिए गए थे। अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है।

# कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर बढ़ी, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए इतना हुआ बदलाव

नई दिल्ली ।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को अपनी बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर 2022-23 के लिए 8.15 प्रतिशत की ब्याज दर तय की है। मार्च 2022 में ईपीएफओ ने अपने करीब पांच करोड़ अंशधारकों के लिए 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था। यह 2020-21 में 8.5 प्रतिशत था। यह 1977-78, के बाद सबसे कम था, जब ईपीएफ ब्याज दर 8 प्रतिशत थी।




### ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने लिया ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फैसला

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने मंगलवार को अपनी बैठक में 2022-23 के लिए ईपीएफ पर 8.15 प्रतिशत ब्याज देने का फैसला किया है। सीबीटी ने 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.5 प्रतिशत ब्याज दर का फैसला मार्च 2021 में किया था।

### पिछले वर्षों में ईपीएफओ ने अंशधारकों को कितना ब्याज दिया

ईपीएफओ ने मार्च 2020 में 2019-20 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को घटाकर सात साल के निचले स्तर 8.5 प्रतिशत कर दिया था, जो 2018-19 के लिए 8.65 प्रतिशत था। ईपीएफओ ने 2016-17 में अपने अंशधारकों को 8.65 प्रतिशत और 2017-18 में 8.55 प्रतिशत ब्याज दिया था। 2015-16 में ब्याज दर 8.8 प्रतिशत थी। ईपीएफओ ने 2013-14 और 2014-15 में 8.75 प्रतिशत ब्याज दिया था जो 2012-13 के 8.5 प्रतिशत से अधिक थी। 2011-12 में ब्याज दर 8.25 प्रतिशत थी।

### सरकार से अनुमोदन मिलने के बाद खातों में जमा किया जाएगा ब्याज

सीबीटी के निर्णय के बाद ईपीएफ जमा सीबीटी के फैसले के बाद 2022-23 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को सहमति के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। सरकार से अनुमोदन मिलने के बाद वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफओ में जमा राशि पर ब्याज पांच करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं के खातों में जमा कर दिया जाएगा।

### कैसे निर्धारित किया जाता है ईपीएफओ का ब्याज

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन प्रोविडेंट फंड खातों में जमा होने वाले पैसों का कई जगह पर निवेश करता है। इस निवेश से होने वाली कमाई का एक हिस्सा वह ब्याज के रूप में उपभोक्ता को देता है। ईपीएफओ अपने कुल निवेश का 85प्रतिशत हिस्सा डेट ऑप्शंस में निवेश करता है। इसके तहत सरकारी सिक्योरिटीज और बॉन्ड्स आते हैं। इस मद में करीब 36,000 करोड़ रुपए का निवेश होता है। वही बचे हुए 15प्रतिशत हिस्से को इक्विटी शेयरों में निवेश किया जाता है। इन्हीं निवेश पर हुई कमाई के आधार पर ब्याज निर्धारित किया जाता है।

### अरहर दाल की जमाखोरी और आसमान छूती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए समिति गठित

नई दिल्ली । जमाखोरी पर लगाम लगाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए आयातकों, मिलों, स्टॉकिस्टों और व्यापारियों के पास मौजूद अरहर दाल के भंडार की निगरानी के लिए सरकार ने समिति बनाई है। आधिकारिक बयान में कहा गया, सरकार घरेलू बाजार में अन्य दालों के भंडार की स्थिति पर भी करीब से नजर रख रही है, ताकि आने वाले महीनों में कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि की स्थिति में आवश्यक कदम उठाए जा सकें। अतिरिक्त सचिव निधि खरे की अध्यक्षता वाली समिति राज्यों के साथ समन्वय से अरहर दाल के भंडार की निगरानी करेगी। सुचारू व निर्बाध आयात के लिए गैर-एलडीसी देशों से अरहर दाल के आयात के लिए लागू 10 फीसदी शुल्क को भी हटा दिया है। यह शुल्क कम विकसित देशों (एलडीसी) से शून्य शुल्क आयात के लिए भी बाधाएं पैदा करता है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने सस्ते दरों पर गेहूं की ई-नीलामी को फिलहाल रोकने का फैसला किया है। कहा, नई फसल अगले महीने से आएगी, तब इस बारे में फैसला किया जाएगा। खुले बाजारों के जरिये एफसीआई ने अब तक 33 लाख टन गेहूं बेचा है। इसमें 31 लाख टन खरीदारों ने लिया है। बाकी 31 मार्च तक खरीदार ले जाएंगे। कीमतें कम करने के लिए सरकार ने सस्ते में 50 लाख टन गेहूं बेचने का फैसला किया था।

# शाहरुख खान ने खरीदी 10 करोड़ की शानदार रोल्स रॉयस कार, वीडियो वायरल

बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'जवान' और 'डंकी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसके साथ ही उनके फैंस भी यह जानने के लिए काफी उत्सुक हैं कि उनकी निजी जिंदगी में क्या चल रहा है। ऐसे में ये बात सामने आई है कि शाहरुख खान ने एक नई कार खरीदी है। शाहरुख खान गाड़ियों के दीवाने हैं। उनके कार कलेक्शन में कई लग्जरी कारें शामिल हैं। अब उनके कार कलेक्शन में एक और एसयूवी शामिल हो गई है। इस कार की तस्वीरें और वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एक यू-ट्यूबर ने वीडियो पोस्ट कर शाहरुख खान की नई सफेद कार की झलक दिखाई। शाहरुख खान ने रोल्स रॉयस कलिनन ब्लैक बैज



एसयूवी खरीदी है। फिलहाल वह अपनी फिल्म 'जवान' की शूटिंग में काफी व्यस्त हैं, लेकिन कहा जाता है कि उन्होंने यह कार 'पठान' की सफलता के बाद खरीदी थी। इस लग्जरी कार की कीमत करीब 8 करोड़ से भी ज्यादा है। इस कार की ऑन रोड कीमत 9 करोड़ रुपये तक जाती है। कस्टमाइज किया जाए तो इस कार की कीमत 10 करोड़ रुपये हो जाती है। उनकी कार की तस्वीरें वायरल होने पर शाहरुख के फैंस खुशी जाहिर करके अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है।

# अक्षरा का आक्रोश कहा, आकांक्षा दुबे को नशेड़ी मत कहो

भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे के सुसाइड के बाद हर ओर सनसनी मच गई है। उनकी मौत के बाद तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस पर भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। इसे लेकर उन्होंने एक स्टोरी इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस बार वह आकांक्षा को लेकर गलत खबरें फैलाने वालों से नाराज होती नजर आ रही हैं। अक्षरा सिंह ने कहा "कृपया किसी लड़की के मरने के बाद उसे गलत साबित न करें। उसकी जान गयी... उससे ज्यादा यह जरूरी कि वह नशेड़ी थी?... मर गई तो बदचलन... और जिन्दा होके लड़ रही हो अपने लिए तो लड़की बहुत तेज है आगे लिखा, किसी चीज में चैन नहीं तुम लोग शर्म करो...आपसे ये बातें सुनने के लिए वह अब जीवित नहीं है, लेकिन कम से कम उसके माता-पिता पर तो दया करो। अक्षरा सिंह कहती हैं, एक बात और, एक लड़की से दूसरी लड़की की बुराई करना बंद कर देना चाहिए। आप लोग एक पल के सुख के लिए उस व्यक्ति को गलत कहते हैं, लेकिन तब आपको यह एहसास नहीं होता कि आप अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं।"इस बीच, पुलिस आकांक्षा दुबे की आत्महत्या के मामले की जांच



कर रही है। आकांक्षा दुबे की मां ने इसके लिए भोजपुरी सिंगर समर सिंह को जिम्मेदार ठहराया है। अभिनेत्री की मां मधु ने दावा किया है कि समर और उसके भाई ने अभिनेत्री की हत्या की। समर सिंह रविवार से लापता है। एसीपी सारनाथ ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल चल रही है। आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# फिल्म 'भोला' का जमकर प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं अजय देवगन

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन पिछले कुछ दिनों से अपनी अपकमिंग फिल्म 'भोला' को लेकर सुर्खियों में हैं। वह इस फिल्म का जमकर प्रमोशन करते नजर आ रहे हैं। अजय देवगन की इस फिल्म का फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज है। कुछ दिनों पहले अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए एक खास सेशन आयोजित किया था। इस सेशन में अजय देवगन अपने फैंस के सवालों का जवाब देते नजर आए। फैंस ने अजय देवगन पर भी सवालों की बौछार कर दी। एक फैन ने अजय देवगन से सीधे शाहरुख खान के बारे में भी पूछ लिया। फिल्म भोला का निर्देशन खुद अजय देवगन ने किया है। अजय देवगन की 'भोला' चौथी




फिल्म है, जिसे उन्होंने खुद निर्देशित किया है। अब देखना होगा कि अजय देवगन की 'भोला' बॉक्स ऑफिस पर कितनी टक्कर लेती है। 'यू मी और हम' और 'रनवे 34' को भी अजय देवगन ने निर्देशित किया था। हालांकि, ये दोनों ही फिल्में फ्लॉप रहीं। अजय देवगन की निर्देशित 'शिवाय' ही अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रही। अब देखने वाली बात ये होगी कि फिल्म 'भोला' कौन सा रिकॉर्ड तोड़ पाती है। अजय देवगन की फिल्म 'भोला' 30 मार्च को फैंस के बीच आ रही है।

# डेटिंग के सवाल पर समांथा के जवाब ने लूटी महफिल

एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म "शकुंतलम" के प्रमोशन में व्यस्त हैं। सामंथा के फैंस भी सोशल मीडिया पर उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक फैन ने समांथा से ट्विटर पर पर्सनल रिक्वेस्ट की। एक चिंतित फैन ने ट्विटर पर लिखा कि आपको किसी को डेट करना चाहिए। सामंथा का जवाब अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक फैन ने ट्विटर पर सामंथा को टैग करके एक वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, "मुझे पता है कि मैं यह कहने के लायक नहीं हूं, लेकिन कृपया, सामंथा, किसी को डेट करें।" इस ट्वीट के साथ फैन ने एक दिल और एक चिंतित इमोजी पोस्ट किया। दूसरी ओर, सामंथा ने इसका जवाब दिया है। सामंथा ने अपने जवाब में लिखा, "कौन मुझे तुम्हारी तरह प्यार करेगा?" समांथा के इस जवाब ने फैन का दिल जीत



लिया है। सामंथा ने अक्टूबर 2021 में नाग चैतन्य को तलाक देने के बाद से सिंगल हैं। "कॉफी विद करण" में उन्होंने यह भी बताया कि अब वह सिंगल रहकर अपनी लाइफ को एन्जॉय करना चाहती हैं। समांथा ने साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, लेकिन अब इसके साथ ही वह हिंदी दर्शकों के बीच भी लोकप्रिय हो गई हैं। उन्होंने वेब सीरीज "द फैमिली मैन 2" में दमदार भूमिका और "पुष्पा 2" में आइटम सॉन्ग "ऊ अंतवा" से हिंदी दर्शकों के दिलो पर खास छाप छोड़ी है। सामंथा की फिल्म "शकुंतलम" 14 अप्रैल को रिलीज होगी।

# भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री आकांक्षा मामले में गायक समर सिंह और उसके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**वाराणसी,(हि.स.)।** भोजपुरी फिल्मों की अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की मौत मामले में सोमवार को चर्चित भोजपुरी गायक समर सिंह और उसके भाई संजय सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे ने सारनाथ थाने में तहरीर देकर गायक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया है। बेटी की मौत की जानकारी पर पिता छोटेलाल दुबे, चाचा मुन्ना दुबे के अलावा अन्य रिश्तेदार भी सारनाथ थाने पर पहुंच गये हैं। अभिनेत्री की मां मधु दुबे ने बताया कि मेरी बेटी बहुत साहसी थी। वह आत्महत्या नहीं कर सकती। उसकी हत्या की गई है। मधु दुबे का आरोप है कि आजमगढ़ निवासी भोजपुरी गायक समर आकांक्षा को बहुत प्रताड़ित करता था। फिल्म में काम करने पर पैसा नहीं देता था। किसी दूसरे की फिल्म या गाने में काम करने पर उसे मारता-पीटता था। कई बार जब आकांक्षा ने उससे अपने पैसे मांगे तो उसके साथ मारपीट भी की थी। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार शाम सात बजे मोबाइल से उनकी



आकांक्षा से बात हुई थी। तब वह काफी खुश थी। उसने कोई परेशानी नहीं बताई। फिर 12 बजे रात में फोन किया था, तो उसने फोन नहीं उठाया था। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। चर्चा है कि आकांक्षा भोजपुरी गायक समर सिंह के करीब थीं। गायक के साथ वाराणसी के टकटकपुर क्षेत्र में लिव इन रिलेशन में रहती थीं। गायक के दुर्व्यवहार से ही दुखी रहने लगी थीं। अभिनेत्री भोजपुरी फिल्म लायक हूं मैं नालायक नहींह्ल की शूटिंग के लिए बीते 23 मार्च को वाराणसी आई थीं। फिल्म के हीरो निर्देशक सहित 16 लोगों की टीम के साथ वह सारनाथ क्षेत्र के बुद्धा सिटी कॉलोनी स्थित एक होटल में रूकी हुई थीं। रविवार सुबह होटल के कमरे में आकांक्षा दुबे मृत मिली थी।

# आकांक्षा दुबे के मौत पर काजल राघवानी ने लिखा इमोशनल पोस्ट

भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे ने रविवार को वाराणसी के एक होटल में आत्महत्या कर ली। महज 25 साल की उम्र में उसने यह बड़ा कदम उठा लिया। कम उम्र में ही उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग जगह बना ली थी। आकांक्षा दुबे के सुसाइड से भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी सदमे में हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, "आज आपका डर सच हो गया और आपने अपनी बहादुरी के आगे अपने डर को जीत लिया। दूसरे शूट पर जाने से पहले आपने अपनी फीलिंग्स सबके साथ शेयर की थी" उन्होंने आगे लिखा, "जिस बात का डर था, जिस बात की



चिंता थी... वो शायद अब न हो। अब आप जहां भी हों बहादुर बनिए और अपने हर सपने को पूरा कीजिए। आपको हर वह खुशी मिले जो आपको यहां नहीं मिली। लेकिन जो भी हो, मुझे कभी विश्वास नहीं होगा कि आप अपना जीवन समाप्त कर सकते हैं। बाकी तो भगवान है और वे आज नहीं तो कल आपकी जान की कीमत जरूर चुकाएंगे।"उन्होंने इस पोस्ट के अंत में यह भी लिखा है कि "सच्चे प्यार की कीमत जान देकर या किसी की जान लेकर नहीं चुकाई जाती", काजल की इस पोस्ट ने फैंस के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उनके पोस्ट को पढ़ने के बाद लोग कयास लगा रहे हैं कि आकांक्षा ने अपने प्यार की वजह से आत्महत्या की होगी।

# जितनी मजबूत दिखती थी उतना मजबूत नहीं निकली आकांक्षा, उसके जाने से बहुत दुःखी हूं -पाखी हेगड़े



भोजपुरी फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री व फिल्म निर्मात्री पाखी हेगड़े ने भोजपुरी मॉडल व अभिनेत्री आकांक्षा दुबे की अचानक संदिग्ध हालातों में हुई मौत पर गहरा दुःख जताया है। मुम्बई में एक कार्यक्रम के दौरान प्रेस मीट में पत्रकारों के सवाल पर जवाब देते हुए पाखी हेगड़े ने कहा कि आकांक्षा को वो अच्छी तरह से जानती थी, उन्होंने हाल-फिलहाल में ही अभी एक गीत साथ में शूट किया था । उससे बात करने पर ऐसा कभी भी महसूस ही नहीं हुआ कि आकांक्षा भी ऐसा कर सकती है। वो बहुत मजबूत माइंडसेट की लड़की थी। एकदम बिंदास रहने वाली हंसमुख प्रवृति की आकांक्षा ऐसा कैसे कर सकती है, यह समझ में नहीं आ रहा है। पाखी ने यह भी कहा कि हर इंसान के जीवन मे उतार चढ़ाव आते रहता है, उस उतार-चढ़ाव के सामंजस्य को एक सूत्र में पिरोकर चलना ही जिन्दगी है। यदि अभी आपके जीवन मे कुछ बुरा हो रहा है तो आगे निश्चित ही कुछ अच्छा होगा, क्योंकि परिस्थितियां हमेशा एक सी नहीं रहा करती। उसे बदलना ही होता है। आकांक्षा शायद इस दबाव को नहीं समझ सकी। उसके जाने से हमें बेहद दुख पहुंचा है, क्योंकि उससे हमने यह कहा था कि अपनी जिंदगी में कुछ अच्छा करके जाओगी तो माता पिता को खुशी मिलेगी। उनकी खुशी की खातिर आप मेहनत कर रही हो, लेकिन अफसोस कि उसे समझाने को दुबारा मौका नहीं मिलेगा। ईश्वर आकांक्षा दुबे की आत्मा को शांति दें।

# एक्टर फैजान का बड़ा दावा- उर्फी लड़की नहीं किन्नर हैं, कोर्ट में सबूत पेश करूंगा

उर्फी जावेद अपने स्टाइलिश फैशन के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। कई लोग उनके आत्मविश्वास की तारीफ करते हैं। कुछ उनके ड्रेसिंग सेंस का मजाक भी उड़ाते हैं, लेकिन कुछ भी हो उर्फी हमेशा अजीबोगरीब कपड़ों में नजर आती है। अब उर्फी अपने फैशन सेंस की वजह से आम लोगों ही नहीं, बल्कि सेलिब्रिटीज के भी निशाने पर आ गई हैं। इनमें से एक फैजान अंसारी का है। फैजान को अक्सर उर्फी के खिलाफ बोलते देखा गया है, लेकिन इस बार उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया, जिससे हर कोई हैरान रह गया। फैजान ने उर्फी जावेद को किन्नर कहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी दावा किया है कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास पुख्ता सबूत हैं। यह सबूत वह जल्द ही कोर्ट में पेश करेंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू में फैजान ने कहा, "मेरे पास सबूत हैं, जिसके आधार पर मैं देश के सामने एक बड़ा खुलासा करने जा रहा हूं। उर्फी जावेद लड़की नहीं, बल्कि किन्नर है। मेरा उससे पहले भी विवाद था,




लेकिन अब यह हाईकोर्ट पहुंच गया है। मैं अब उसके खिलाफ सीधे कोर्ट में सबूत पेश करूंगा। मैं किन्नर समुदाय के प्रमुखों को भी अदालत में बुलाऊंगा। फैजान ने कहा, "मेरी टीम ने उर्फी से बात करने की कोशिश की, लेकिन वह सबके साथ बदतमीजी करती है। उनका कहना है कि उनका मुस्लिम समुदाय से कोई लेना-देना नहीं है। इसलिए अब उससे बात करने का कोई फायदा नहीं है। उसे सीधे सबक सिखाने की जरूरत है। वह मुस्लिम हैं और इस तरह हमारा नाम खराब कर रही हैं।" मैंने उसे समझाने की बहुत कोशिश की, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। इसलिए मैं जल्द से जल्द लोगों के सामने सच्चाई लाऊंगा। उर्फी जावेद हमेशा अपने कपड़ों से नेटिजन्स का ध्यान खींचती हैं। कपड़ों की वजह से उर्फी को कई तरह की दिक्कतों का भी सामना करना पड़ा। बीजेपी नेता चित्रा वाघ ने उर्फी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दूसरी ओर करणी सेना ने भी उन्हें धमकी दी।

# अभिनेत्री तापसी पन्नू के खिंलाफ इन्दौर के थाने में शिकायत

**:: धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप ::**

**इन्दौर (ईएमएस)।** फिल्म अभिनेत्री तापसी पन्नू के खिफाल इन्दौर के छत्रीपुरा थाने में हिंद रक्षक संगठन के संयोजक एकलव्य सिंह गौड़ ने शिकायती पत्र दिया है। संगठन का आरोप है कि तापसी पन्नू ने एक फैशन शो में अंग प्रदर्शन करने वाले परिधान के साथ देवी लक्ष्मी की छवि वाला हार पहनकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत की हैं। छत्रीपुरा थाना प्रभारी कपिल शर्मा के अनुसार हिंद रक्षक संगठन के संयोजक एकलव्य सिंह गौड़ ने हमें शिकायत की है कि तापसी पन्नू ने मुंबई में कुछ दिन पहले एक फैशन शो के दौरान अंग प्रदर्शन करने वाले



परिधान के साथ एक ऐसा हार पहना था जिसमें देवी लक्ष्मी की छवि उकेरी गई थी। शिकायत में कहा गया है कि गत 14 मार्च 2023 को तापसी पन्नू ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड किया है। इसमें वह अशोभनीय कपड़े पहने हुए है और हमारी आराध्य देवी लक्ष्मी माता का लाकेट गले में पहन रखा है। यह कृत्य स्पष्ट रूप से सनातन धर्म की भावनाओं को अपमानित करने का कुप्रयास है। सुनियोजित रूप से सनातन धर्म और संस्कृति को नीचा दिखाने के प्रयास करती इस अभिनेत्री के खिलाफ तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी शर्मा ने कहा कि हम तापसी पन्नू के खिलाफ मिली शिकायत की जांच कर रहे हैं। अभी इस पर कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। जांच के बाद इस विषय में उचित कदम उठाए जाएंगे।

## सूडोकु नवताल- 6384

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्दजाल - 7131

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | क | दो | अ | ल्जी | रि | या | तू | ग | झ | क |
| ज | पा | ल | प | ह | भा | पू | ना | ट | र्की | को |
| अं | इ | कि | म | सं | र | ल | श | र | ला | ल |
| क | कु | दा | स्ता | धा | त | क | फ | लो | श | या |
| क | मो | श | न्न | न | क | ट | री | ग | रि | ता |
| द | र | ल | प | व | ज्पि | र्त | ऐ | जी | प | रु |
| ती | क्को | ल | श | इ | प | म | इ | कौ | ला | इ |
| क | इं | डो | ने | शि | या | ना | प्प | न | श | रा |
| क | स | बा | तें | व | न | ज | द | शा | जू | न |
| द | र | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| बां | ग | ला | दे | श | नी | हो | जा | एं | प | क |

*शब्द जाल में उन 10 देशों के नाम हैं जहां मुस्लिम आबादी सर्वाधिक है. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

पाकिस्तान, भारत, बांग्लादेश, इंडोनेशिया, टर्की, इरान, नाईजीरिया, अल्जीरिया, मोरक्को, इज्पिट.

### शब्दजाल - 7130 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ज | गा | र | ग | ब | ज | क | ब | ल | क |
| ब | वा | ब | लि | दा | न | का | मौ | स | ल | ड़ |
| ई | ह | ब | बं | दा | न | वा | ज | जा | य | मा |
| का | ब | बं | र | दे | वी | ब | वा | ल | श | ब |
| म | इ | दि | म | सं | व | र | श | र | बू | ल |
| हा | ता | नी | ई | र | द | क | फ | बा | श | ज |
| रा | बं | दि | श | द | क | स | सी | ग | प | ब |
| जा | र | ब | बं | व | ज | र | ब | न | प | बं |
| क | ब | ल | ज | न | ना | री | ऐ | ज | प | जा |
| क | मी | ल | प | ब | या | स | मा | ब | प | र |
| का | न | बं | ध | न | क | ना | री | ग | प | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6084

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | 7 | | | 4 |
| 1 | 26 | | 40 | 5 | 32 | |
| | | 4 | | | 2 | |
| 7 | 36 | 6 | 32 | 3 | 26 | 2 |
| | 3 | | | 4 | 1 | |
| 4 | 28 | 5 | 28 | | 33 | 1 |
| | | 1 | | 7 | 6 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6083 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 1 | 31 | 7 | 35 | 5 | 29 | 3 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 7 | 31 | 6 | 37 | 3 | 29 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 23 | 5 | 33 | 2 | 36 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सात्विक-चिराग की नजर सत्र के दूसरे खिताब पर, एकल में सिंधू और श्रीकांत से भी उम्मीद

**नई दिल्ली ।**
स्विस ओपन बैडमिंटन में युगल चैंपियन बनने वाली सात्विकसाईराज रैंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी शुरू होने वाले मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में इसी लय को जारी रखना चाहेगी, जबकि पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद लगाए होंगे।

सात्विक और चिराग ने चीन के रेन जियांग यु और टान कियांग को फाइनल में 21-19 24-22 से हराकर भारत के लिए इस सत्र का पहला खिताब जीता था। अब 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता और दुनिया की छठे नंबर की भारतीय जोड़ी एक और सुपर 300 खिताब अपने नाम करना चाहेंगी, जिसमें वे अपने अभियान की शुरुआत जापान के अयातो एंडो और युता ताकेई के खिलाफ करेंगे।

बासेल में एकल सितारों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जिसमें सिंधू चोट के कारण लंबे समय के ब्रेक के बाद वापसी में जूझती नजर आईं और श्रीकांत भी लय में नहीं आ सके। दूसरी वरीय सिंधू 2023 में पिछले कुछ टूर्नामेंट में दूसरे दौर की बाधा पार नहीं कर सकी हैं, वह अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालिफायर के खिलाफ करेंगी और उम्मीद लगाए होंगी कि ड्रॉ में आगे तक पहुंचे।

पुरुष एकल में पूर्व नंबर एक श्रीकांत को पांचवीं वरीयता मिली है, वह पहले मुकाबले में थाईलैंड के सितहीकोम थामासिन के सामने होंगे, जबकि राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ की भिड़ंत मलयेशिया के एनजी जे योंग से होगी। महिला एकल में मालविका बनसोड का अभियान डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन के खिलाफ आरंभ होगा, जबकि आकर्षि कश्यप कनाडा की मिचेले ली के सामने होंगी। वहीं साइना नेहवाल पहले दौर में तीसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरूंगफान से भिड़ेंगी।

एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की उभरती हुई पुरुष युगल जोड़ी स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमले और मैथ्यूज ग्रिमले से भिड़ेगी जबकि कृष्णा प्रसाद गारागा और विष्णुवर्धन गौड़ पांजाला का सामना एक क्वालिफायर से होगा। समीर वर्मा और बी साई प्रणीत का सामना पहले दौर में क्रमशः आयरलैंड के एनहाट एनगुएन और नीदरलैंड के मार्क कालजोऊ से होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान ने तीसरा टी-20 जीताः अफगानिस्तान को 66 रन से हराया, अफगानिस्तान ने 2-1 से सीरीज जीती




**शारजाह।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच यूएई के शारजाह में खेले गए तीसरे और आखिरी टी-20 में आखिरकार पाकिस्तान को जीत मिल ही गई। पकितस्तान ने अफगानिस्तान को 66 रन से हराया। टॉस अफगानिस्तान ने जीता और फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करने 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 182 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान 116 रन पर ही ऑलआउट हो गया। पाकिस्तान के कप्तान शादाब शान ने अपने 87 वें मैच में 100 टी20 विकेट पूरे करने वाले पहले पाकिस्तानी और कुल मिलाकर सातवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 विकेट झटके। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान टीम में सभी बल्लेबाजों ने थोड़े-थोड़े रन बनाए। ओपनिंग करने उतरे मोहम्मद हारिस 1 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद तय्यब ताहिर ने 10 रन बनाए। ओपनर सईम अयूब 49रन की शानदार पारी खेल कर पवेलियन लौटे। वहीं, अब्दुल्लाह शफीक ने भी 4 मैच बाद आखिरकार अपना खाता खोला। उन्होंने 13 बॉल में 23 रन की पारी खेली। इफ्तिखार अहमद ने 25 बॉल पर 31 रन बनाए और इमाद वसीम 13 रन बना कर आउट हुए। आखिर में शादाब खान ने धमाकेदार पारी खेली और 164 के स्ट्राइक रेट मसे 17 बॉल में 28 रन स्कोर किए। मोहम्मद नवाज 5 और मोहम्मद वसीम 9 रन बना कर नॉटआउट रहे। अफगानिस्तान के सभी गेंदबाजों को विकेट मिले। मुजीब उर रहमान को 2 विकेट हासिल हुए।

### भारतीय टीम को आईसीसी ट्रॉफी जीतने आक्रामक अंदाज में खेलने की जरुरत : गांगुली

**मुम्बई ।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के अनुसार भारतीय टीम के पास काफी प्रतिभा है।



इसके बाद भी टीम पिछले एक दशक से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पायी है। इसके पीछे कारण यह है कि टीम को जितना आक्रामक होकर खेलना था। वह उस प्रकार से नहीं खेल रही है। भारतीय टीम ने अंतिम बार साल 2013 में चैंपियन ट्रॉफी आईसीसी ट्रॉफी जीती थी उसे बाद से ही टीम कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी है। द्विपक्षीय सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का टीम आईसीसी टूर्नामेंट में दोहरा नहीं पा रही है। टीम अधिकतकर अवसरों पर नॉकआउट दौर में बाहर हुई है। गांगुली के अनुसार टीम के पास पर्याप्त प्रतिभा है पर उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि जीत के लिए जरुरी ये है कि हम किस प्रकार से तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा, भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीतने आक्रामक होकर खेलना होगा, विशेष रुप से टी20 में और तेजी से खेलना होगा। उन्होंने कहा कि टीम की बल्लेबाजी में काफी गहरायी है। साथ ही कहा कि जिस टीम के पास नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए भी अक्षर पटेल जैसा अच्छा बल्लेबाज है। उसे आक्रामक अंदाज में ही खेलना चाहिये।

### बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ पहला टी-20 मैच जीताः डीएलएस मेथड से आयरलैंड को 22 रन से हराया, तीन मैच की सीरीज में 1-0 से ली बढ़त



**चटगांव।** आयरलैंड इस समय बांग्लादेश के टूर पर है। दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 मुकाबले और एक टेस्ट खेला जाएगा। चटगांव में खेले गए पहले टी-20 में बांग्लादेश ने आयरलैंड को डकवर्थ-लुईस मेथड से 22 रन से हराया। टॉस जीत कर आयरलैंड ने फील्डिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 19.2 ओवर में 5 विकेट खो कर 207 रन बनाए। इसके बाद बारिश ने मैच में खलल डाला। आयरलैंड को 104 रन का टारगेट मिला जो वह 8 ओवर में पूरा नहीं कर पाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास और रोनी तालुकदार ने ओपनिंग की। दोनों ने मिल कर टीम को शानदार शुरुआत दी और 91 रन जोड़े। बाद में नजमुल होसैन शान्तो ने 14, शमीम होसैन ने 30 और तरोहिद ह्रदोय ने 13 रन जोड़े। कप्तान शाकिब अल हसन नाबाद रहे। उन्होंने 13 बॉल में 20 रन बनाए। मेहदी हसन ने 4 रन जोड़े। आयरलैंड की ओर से क्रैग यंग को 2 विकेट मिले। वहीं ग्राहम ह्युम, मार्क अडायर और हैरी टेक्टर ने 1-1 विकेट मिला। डीएलएस मेथड की वजह से आयरलैंड को 8 ओवर में 104 रन का लक्ष्य मिला। बल्लेबाजी करने उतरे पॉल स्टर्लिंग और रॉस अडायर 17 रन बना कर आउट हुए।

## इम्पैक्ट प्लेयर रूल भारतीय ऑलराउंडर्स के लिए चुनौती

# आईपीएल में लखनऊ-राजस्थान को इससे फायदा ;टीमें कैसे करेंगी नियम का इस्तेमाल

**नई दिल्ली ।**
इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन शुक्रवार 31 मार्च से शुरू हो रहा है। 4 बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स और डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस के बीच लीग का पहला मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। 10 टीमों के टूर्नामेंट में लीग स्टेज के 70 और प्लेऑफ के 4 मुकाबले होंगे। 2008 से जारी लीग में पहली बार इम्पैक्ट प्लेयर रूल इस्तेमाल होगा। इस रूल के तहत टीमें प्लेइंग-11 में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से मैच के बीच में रिप्लेस कर सकेंगी। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस नियम से ऑलराउंडर्स का प्रभाव कम होगा और गुजरात, लखनऊ, राजस्थान जैसी टीमों को फायदा मिलेगा।

आगे स्टोरी में हम इसी रूल के बारे में विस्तार से जानेंगे। यह रूल क्या है, टीमें किस तरह इसका यूज करेंगी, वे किन खिलाड़ियों को इम्पैक्ट प्लेयर बना सकती हैं और इस रूल को लेकर एक्सपर्ट्स की राय क्या है, उसे भी जानेंगे।

**सबसे पहले समझते हैं नियम के बारे में** - इम्पैक्ट प्लेयर नियम के तहत आईपीएल मैच के बीच टीमें प्लेइंग-11 में शामिल किसी एक खिलाड़ी को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकेंगी। टीमों को टॉस के बाद प्लेइंग-11 के साथ 4-4 सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी भी बताने होंगे। इन्हीं 4 में से कोई एक प्लेइंग-11 में शामिल खिलाड़ी को बीच मैच में रिप्लेस कर सकेगा।



दोनों पारियों में एक से 14 ओवर के बीच नियम का इस्तेमाल किया जा सकता है। एक टीम पूरे मैच में एक ही बार प्लेयर रिप्लेसमेंट रूल को यूज कर सकेगी। वह चाहे तो पहली पारी के 14 ओवर तक या फिर दूसरी पारी के 14वें ओवर तक रिप्लेसमेंट ले सकती है।

**क्या कर सकेगा इम्पैक्ट प्लेयर** - टीमें उस खिलाड़ी को भी रिप्लेस कर सकती है जो मैच में बैटिंग या बॉलिंग कर चुका हो। इम्पैक्ट प्लेयर को मैच में अपने खाते के पूरे चार ओवर गेंदबाजी करने को मिलेगी। साथ ही वह पूरे ओवर बल्लेबाजी भी कर पाएगा। हालांकि, एक इनिंग में किसी टीम के ज्यादा से ज्यादा 10 विकेट ही गिर सकते हैं।

**क्या विदेशी भी इम्पैक्ट प्लेयर हो सकते हैं** - हां, अगर प्लेइंग-11 में 3 विदेशी खिलाड़ी हैं तो विदेशी भी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में किसी खिलाड़ी को रिप्लेस कर सकेगा। इस तरह एक टीम से मैच में 4 विदेशी ही खेल सकेंगे। अगर प्लेइंग-11 में पहले से 4 विदेशी खिलाड़ी हुए तो इम्पैक्ट प्लेयर कोई घरेलू भारतीय खिलाड़ी ही होगा। वहीं प्लेइंग-11 में शामिल किसी विदेशी खिलाड़ी को भारतीय खिलाड़ी से भी रिप्लेस किया जा सकता है। जो खिलाड़ी रिप्लेस हो कर ग्राउंड से बाहर जाएगा, वह दोबारा मैच में फील्डिंग भी नहीं कर सकेगा।

**कब कर सकेंगे इस्तेमाल** - ओवर होने पर, विकेट गिरने पर, ब्रेक में, स्ट्रैटेजिक टाइम आउट या एक पारी खत्म होने के दौरान टीमें इस नियम का इस्तेमाल कर सकेंगी। जो 12वां खिलाड़ी ग्राउंड में आएगा वह प्लेइंग-11 में शामिल किसी एक खिलाड़ी को रिप्लेस करेगा। टीम के कप्तान को प्लेयर रिप्लेसमेंट के बारे में फील्ड अंपायर्स को भी इन्फॉर्म करना होगा।

उसी तरह जिस तरह इंजर्ड प्लेयर की जगह 12वें खिलाड़ी को फील्डिंग के लिए भेजने के दौरान अंपायर को इन्फॉर्म करना होता है। अंपायर अपने दोनों हाथों को ऊपर कर क्रॉस साइन बनाकर इम्पैक्ट प्लेयर के फील्ड पर आने के बारे में बताएंगे।

**एक्सपर्ट बोले- ऑलराउंडर का प्रभाव कम होगा** - दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच और ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप विनिंग कैप्टन रिकी पोंटिंग बोले कि इम्पैक्ट प्लेयर रूल आईपीएल में ऑलराउंडर्स का प्रभाव कम करेगा। पहले बैटिंग आने पर टीमें टॉप ऑर्डर बैटर को स्पेशलिस्ट बॉलर से रिप्लेस कर लेगी। जल्दी विकेट गिरने पर भी टीमें टॉप ऑर्डर बैटर को भेज कर पावरप्ले का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहेंगी। इस रूल से 6 से 9वें नंबर पर बैटिंग करने के साथ 2-3 ओवर बॉलिंग करने वाले भारतीय ऑलराउंडर का इस्तेमाल कम हो जाएगा। इन खिलाड़ियों से अब वही काम कराया जाएगा, जिसमें वे माहिर हो, ऐसे में उनकी ऑलराउंड एबिलिटी कम होगी। इस कैटेगरी में वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, दीपक चाहर, राहुल चाहर और श्रेयस गोपाल जैसे खिलाड़ी आते हैं।

**टॉम मूडी बोले- भारतीय ऑलराउंडर्स घटेंगे** - सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कोच और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी का भी मानना है कि इस नियम से भारतीय ऑलराउंडर्स कम होंगे। आईपीएल के जरिए टीम इंडिया भारतीय ऑलराउंडर्स ढूंढ रही थी, लेकिन इस रूल से उनका प्रभाव घटेगा। इस रूल से पार्ट टाइम बॉलिंग करने वाले खिलाड़ी कम हो जाएंगे। उन्होंने ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा का उदाहरण देते हुए बताया कि वे ओपनिंग बैटिंग करने के साथ लेफ्ट आर्म स्पिन बॉलिंग भी करते हैं। इम्पैक्ट प्लेयर रूल से टीम उन्हें बैटिंग कराने के बाद रिप्लेस कर दूसरी पारी में स्पेशलिस्ट बॉलर को शामिल कर लेगी। ऐसे में भारतीय ऑलराउंडर का इस्तेमाल कम होगा और वह मैच में कम इम्पैक्ट छोड़ पाएंगे।

## विराट बोले- दो ड्रिंक के बाद रात भर नाचता था

# अब ड्रिंकिंग छोड़ चुका हूं; अनुष्का बोलीं- हम 9.30 बजे तक सो जाते हैं



**नई दिल्ली ।**
विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 24 मार्च को इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स अवॉर्ड में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने एक कहा कि वो पहले की तरह अब लेट नाइट पार्टीज में नहीं जाते। पहले वो रात तीन बजे तक जागते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब वो 9.30 बजे तक सो जाते हैं।

विराट ने कहा- पहले 2-3 ड्रिंक के बाद मैं रातभर डांस करता था। अब ड्रिंकिंग छोड़ दी है। अनुष्का बोलीं- वामिका के जन्म के बाद लेट नाइट पार्टी संभव नहीं अनुष्का ने कहा, अब हम रात 9:30 बजे तक अपने बेड पर होते हैं। पहले रात 3 बजे तक जागते थे, लेट नाइट पार्टी करते थे लेकिन वामिका के जन्म के बाद ये संभव नहीं है। ये कोई एक्सक्यूज नहीं, रियलिटी है। बच्चे के जन्म के बाद आप बहुत ज्यादा सोशल नहीं हो सकते। हम इससे खुश हैं, क्योंकि हम दोनों ही ज्यादा सोशल रहना पसंद नहीं करते। हमें छोटी-छोटी चीजें पसंद हैं, जैसे घर पर वक्त बिताना। हमें एक-दूसरे के साथ वक्त बिताने का ज्यादा समय नहीं मिलता इसलिए जब भी समय मिले, हम इसे फैमिली के साथ बिताना पसंद करते हैं। विराट ने कहा, अब तो मैं ड्रिंक नहीं करता, लेकिन पहले जब भी किसी पार्टी में जाता तो दो-तीन ड्रिंक के बाद मैं रुकता नहीं था। रात भर डांस करता था फिर मुझे किसी चीज की परवाह नहीं होती थी। खैर ये सब पहले की बात है। अब ऐसा नहीं होता। अनुष्का से पूछा गया कि दोनों में से कौन डांस फ्लोर पर सबसे ज्यादा डांस कौन करता है अनुष्का ने विराट की तरफ इशारा करते हुए कहा कि विराट को सिंगिंग और डांसिंग काफी पसंद है। विराट की मेमोरी बहुत अच्छी है। डेट करने से पहले, मैं विराट की इसी क्वालिटी से इंप्रेस हुई थी। मैंने सोचा कि उनकी ये आदत मुझे आगे चलकर काफी मदद करेगी। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की शादी 2017 में हुई थी। दोनों ने तीन साल की डेटिंग के बाद इटली के टस्कनी में सात फेरे लिए थे। अनुष्का ने 2021 में बेटी वामिका को जन्म दिया।

# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने भारतीय ओलंपिक संघ से सीईओ की नियुक्ति पर मांगा जवाब,

**नई दिल्ली ।**
अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से तय संविधान के अनुसार अब तक सीईओ नियुक्ति नहीं करने पर जवाब मांग लिया है। आईओए का चुनाव 10 दिसंबर को हुआ था। आईओए के नए संविधान के अनुसार उसे एक माह के अंदर 25 करोड़ रुपये के सालाना टर्न ओवर रखने वाला सीईओ नियुक्त करना था। अब आईओए ने सीईओ नहीं मिलने का हवाला देकर आईओसी से तीन माह का समय मांगा है।



### पीटी उषा ने दिया जवाब

आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा की ओर से आईओसी के अंतरराष्ट्रीय संबंधों के सहायक निदेशक जेरोम पोइवे को लिखा गया है कि उनकी ओर से सीईओ की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी थी। सात लोगों ने आवेदन किया, जिसमें सिर्फ एक ही शर्तों को पूरा करता था। मामले को कार्यकारिणी में रखा गया, जिसमें नए सिरे से विज्ञापन निकालने का फैसला हुआ है।

### नए सिरे से तैयार होंगी विज्ञापन की शर्तें

आईओसी को कहा गया है कि इस बार विज्ञापन विस्तृत और नई शर्तों के साथ निकाला जाएगा। विज्ञापन के लिए नए सिरे से शर्तें एक बार फिर कार्यकारिणी में तय की जाएंगी। अभी कार्यकारिणी बैठक की तिथि तय नहीं हुई है। देखने वाली बात यह होगी विज्ञापन की शर्तें आईओसी से मंजूर आईओए के संविधान के अनुसार होंगी या नहीं।

सूत्र यह बताते हैं कि आईओए के ज्यादातर सदस्य सीईओ के लिए तय शर्तों को हल्का करने के पक्ष में हैं। आईओसी सीईओ की नियुक्ति के लिए आईओए को तीन माह का समय देती है या नहीं यह भी देखना होगा। आईओसी कार्यकारिणी बोर्ड की बैठक शुरू हो चुकी है, जो दो दिन चलेगी। इसमें अगर इस मामले को रखा गया तो आईओए एक बार फिर मुश्किल में फंस सकती है।

# धोनी...धोनी... से गूंजा चेपॉक स्टेडियम: चेन्नई की प्रैक्टिस देखने पहुंचे हजारों दर्शक; धोनी ने स्टेडियम में कुर्सी भी पेंट की

**चेन्नई ।**
चेन्नई सुपर किंग्स की टीम आईपीएल से पहले प्रैक्टिस के लिए चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पहुंच चुकी है। फ्रेंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई वीडियो और फोटो भी शेयर करने शुरू कर दिए हैं। लेटेस्ट वीडियो में धोनी प्रैक्टिस के लिए ग्राउंड में जाते नजर आए। उन्हें और टीम की प्रैक्टिस देखने हजारों दर्शक स्टेडियम पहुंचे। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसे ही बैटिंग करने ग्राउंड में पहुंचे। स्टेडियम में बैठे हजारों दर्शक जोर-जोर से धोनी...धोनी... चीयर करने लगे। वीडियो में धोनी प्रैक्टिस किट और बैटिंग गियर पहने नजर आए। फ्रेंचाइजी ने धोनी के प्रैक्टिस और टीम के साथ मस्ती के कुछ और वीडियोज भी शेयर किए हैं। दिन में शेयर किए वीडियो में धोनी चेपॉक स्टेडियम में फ्लेम टॉर्च से कुर्सियों को पॉलिश करते दिखाई दिए। चेन्नई ने सीट पेंट करने का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में धोनी फ्लेम से सीट को पॉलिश करते दिखे। उन्होंने हैरान होकर कहा- ये सच में काम कर रहा है। पूरी तरह से यलो हो गया। इससे पहले चेन्नई ने धोनी के नेट्स का वीडियो शेयर किया था। इसके अलावा टीम के बस में सफर का भी वीडियो शेयर किया गया, जिसमें धोनी ने ड्वेन ब्रावो को सीटी बजाना सिखाया था। चेन्नई की टीम 3 मार्च को प्रैक्टिस सेशन के लिए चेपॉक पहुंची। टीम टूर्नामेंट का पहला मैच 31 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। चेपॉक यानी होम ग्राउंड पर चेन्नई का पहला मैच 3 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। धोनी का यह आखिरी आईपीएल हो सकता है। पिछले सीजन में एक मैच के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वे संन्यास लेने वाले हैं, तो धोनी ने इसके जवाब में कहा था कि मैं जब भी संन्यास लूंगा तो अपने घरेलू फैंस के बीच लूंगा। इस बार चेन्नई लीग चरण का आखिरी मैच अपने होम ग्राउंड पर 14 मई को खेलेगी। टीम ने 7 मई 2019 को अपने घर में आखिरी मुकाबला खेला था। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि धोनी उस मुकाबले के बाद संन्यास का ऐलान कर सकते हैं।



## लेनिंग के खिलाफ आखिर जीत ही गईं हरमन

# 3 साल में 4 बार टूटा कप जीतने का सपना; अब विमेंस प्रीमियर लीग फाइनल में हराया

**नई दिल्ली ।**
विमेंस प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। मुंबई की कप्तान हरमप्रीत कौर और दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग विमेंस प्रीमियर लीग के पहले ही सीजन के फाइनल में आमने सामने हुईं। लेकिन यह पहला मौका नहीं है, जब दोनों कप्तान अपनी-अपनी टीमों के साथ नॉकआउट मुकाबले में भिड़ी हों। विमेंस प्रीमियर लीग फाइनल से पहले हरमन और लेनिंग इंटरनेशनल लेवल पर 4 बार मल्टीनेशन टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में भिड़ चुकी थीं। चारों ही बार लेनिंग की टीम को जीत मिली। लेकिन, मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में हरमन की टीम ने लेनिंग की टीम दिल्ली को 7 विकेट से हराकर इतिहास पलट दिया। विमेंस प्रीमियर लीग की



इस स्टोरी में हम दोनों कप्तानों की ऐतिहासिक राइवलरी, दोनों का कप्तानी में रिकॉर्ड, विमेंस प्रीमियर लीग में परफॉर्मेंस और टूर्नामेंट फाइनल के बारे में जानेंगे।

**कैसे शुरू हुई राइवलरी** - दोनों के बीच कप्तानी की राइवलरी 2020 में शुरू हुई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 ट्राई सीरीज का फाइनल मेलबर्न क्रिकेट गाउंड पर खेला गया। भारत को मुकाबले में 11 रन से हार मिली। इसी के बाद मार्च में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी दोनों टीमें आमने-सामने हुईं। इस बार टीम इंडिया को 85 रन की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। 2020 के बाद 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में एक बार फिर दोनों टीमें भिड़ीं। टीम इंडिया को यहां महज 9 रन से करीबी हार झेलनी पड़ी। पिछले महीने फरवरी में ही टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में दोनों टीमें सेमीफाइनल में फिर दोनों कप्तान भिड़ीं। मुकाबला फिर भारत के पक्ष में जा रहा था, लेकिन हरमनप्रीत के रनआउट होने के बाद टीम इंडिया 5 रनों से मैच हार गई। इस तरह इंटरनेशनल लेवल के 4 नॉकआउट मुकाबलों में हरमन और लेनिंग का सामना हुआ और हर बार लेनिंग ने ही बाजी मारी।

**लेनिंग ने 100 टी-20 इंटरनेशनल में कप्तानी की** - मेग लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 132, जबकि हरमनप्रीत ने इंडिया विमेंस टीम के लिए 151 टी-20 इंटरनेशनल खेले हैं। कौर ने 96 टी-20 में कप्तानी की। 54 में टीम को जीत और 37 में हार मिली। एक टाई और 4 मैच बेनतीजा रहे। वहीं मेग लेनिंग ने 100 टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की। 76 में टीम को जीत और 18 में हार मिली। एक मुकाबला टाई और 5 मैच बेनतीजा रहे। लेनिंग ने ऑस्ट्रेलिया को 4 टी-20 वर्ल्ड कप और एक वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया है।

**इंटरनेशनल क्रिकेट में दोनों का अनुभव बराबर** - इंटरनेशनल क्रिकेट में देखें तो हरमनप्रीत कौर और मेग लेनिंग बराबरी पर है। 34 वर्षीय हरमन ने 2009 में नेशनल टीम के लिए डेब्यू किया और 151 मैच खेलकर 3,058 रन बनाए। वहीं 31 साल की लेनिंग ने 2010 में इंटरनेशनल डेब्यू किया और 132 टी-20 इंटरनेशनल में 3,405 रन बनाए। विमेंस प्रीमियर लीग फाइनल में आखिरकार लेनिंग की टीम को हराकर ट्रॉफी जीतने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, मुझे बड़े प्लेटफार्म पर ट्रॉफी जीतने का सालों से इंतजार था। यह मेरे लिए स्पेशल है। मैं आगे और ट्रॉफी जीतना चाहूंगी। इस टूर्नामेंट से जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपनी नेशनल टीम से शेयर जरूर करूंगी। दिल्ली के खिलाफ फाइनल में हरमनप्रीत रनआउट हो गई थीं। इस पर हरमन बोलीं, 2023 टी-20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल की तरह ही यह रन आउट भी मेरे लिए निराशाजनक था।

# होगा दिमाग तेज इन कामों को करने से



सेहत को अच्छा रखने के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी है। बॉडी को अच्छा रखने के लिए हम व्यायाम तो कर लेते हैं लेकिन दिमाग तो दुरूस्त रखने के लिए भी कुछ एक्सरसाइज जरूरी हैं। जिस तरह लगातार काम करके हमारा शरीर थक जाता है उसी तरह दिमाग की मांसपेशियों को स्वस्थ्य रखने के लिए और सोचने की क्षमता को तेज करने के लिए कुछ काम करने बहुत जरूरी है।

**1. म्यूजिक सीख लें :** जब दिमाग की थकावट महसूस करे तो म्यूजिक जरूर सुनें। धीरे-धीरे आर फ्रेश फील करेंगे। संगीत दिमाग को दोबारा सक्रिय करने में मदद करता है। आप संगीत सीख कर भी खुद को फ्रेश कर सकते हैं।

**2. कामों की लिस्ट बनाएं :** कभी-कभी अपने दिमाग की भी परीक्षा जरूर लें। सुबह उठकर दिन भर करने वाले कामों की लिस्ट तैयार करें। इस टूडू लिस्ट को साइड पर रख दें और कामों को जारी रखें। इससे आपको पता चल जाएगा कि आपको कौन से काम याद रहे और कौन से भूल गए।

**3. गणित भी जरूरी :** घर का बजट हो या ऑफिस का काम,कैलकुलेटर का इस्तेमाल करें। दिमाग को फ्रेश और तेज करने के लिए पैन और कागज से हिसाब -किताब लगाएं। इससे अच्छी कसरत हो जाती है।

**4. नई भाषा सीखें :** दिमाग को फ्रेश करने का सबसे अच्छा तरीका है नई चीजों को सीखना शुरू करें। इसके लिए किसी नई भाषा को सीखने की कोशिश करें। धीरे-धीरे आपको इसमें दिलचस्पी होनी शुरू हो जाएगी।

**5. कुकिंग से करें दिमाग फ्रेश :** अपने काम से हट कर कोई काम करें। इसके लिए कभी-कभी रसोई में हल्के-फुल्के डीश बनाना भी ट्राई करें।

## रिश्तेदारी

# ऐसे बने ननद की प्यारी भाभी



कहते है कि रिश्तों की डोर बड़ी ही नाजूक होती है, एक बार टूट जाए तो दोबारा से जुड़ती नहीं है। यह बात काफी हद तक सही भी है। खासकर जब बात सुसराल में ननद-भाभी हो। ननद-भाभी छोटी सी लापरवाही इस प्यारे से रिश्ते में जिंदगी भर के लिए खटास पैदा कर सकती है। अक्सर ननद अपनी भाभी की दुश्मन बन जाती है क्योंकि उसे लगने लगता है कि शायद शादी के उसे भाई मिलने वाला प्यार कम हो जाएगा। ऐसा नहीं है कि सभी ननद की सोच ऐसी होती है। इस तरह की स्थिति में आपको समझना चाहिए कि आपके आने के बाद भाई का अपने बहन के प्रति कम न हो जाए। अपनी ननद को उसी तरह स्पैशल फिलिंग दिलाएं, जिस तरह भाई अपनी बहन को दिलाता है। अगर आपकी नई- नई शादी हुई है और ननद से नहीं बन रही तो आज हम आपको कुछ प्यारे से टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो करके आप अपनी ननद की बैस्ट भाभी बन सकती है।

### 1. दोस्ती का रिश्ता बनाएं

दोस्ती का रिश्ता किसी भी रिश्ते में प्यार जगा सकता है। अपनी ननद की अच्छी दोस्त बने। उसके दोस्त बाहर घूमने जाए, विश्वास बनाते हुए एक-दूसरे से बातें शेयर करें लेकिन अपने ननद-भाभी के रिश्ते को इतना गहरा भी न बनाए कि बाद में जरा सी तकरार के कारण आप एक-दूसरे की दुश्मन बन कर बैठ जाए।

### 2. प्यारी ननद को प्यारा तोहफा दें

गिफ्त लेना तो हर किसी को पसंद होता है। फिर वह गिफ्त छोटा हो या बड़ा। जब कभी भी बाहर घूमने जाए तो अपनी ननद के लिए प्यारा सा गिफ्ट लेना न भूले। प्यारे भाई की बीवी से मिला यह प्यारा गिफ्त ननद के दिल में एक खास जगह बनाएगा।

### 3. नज़रिए का सम्मान करें

भले ही आप दोनों की परवरिश काफी अलग तरीके से हुई हो लेकिन ननद के श्चश्चद्बठ्ठह्ल श्चद्ध 1द्बद्ग2 को प्राथमिकता दें। उसकी बातों और काम को पॉजिटिव प्वाइंट दें। अगर वह कोई गलत कदम उठा रही है तो उन्हें जरा प्यार से समझाएं।

### 4. दायरे भी हैं जरुरी

भले ही आप ननद-भाभी के बीच कितना ही गहरा रिश्ता हो लेकिन उसे अपनी शादीशुदा जिंदगी में ज्यादा शामिल न करें। क्योंकि यह शेयरिंग आगे जाकर आप दोनों के बीच खटास पैदा कर सकती है।

### 5. जब चीजें आपके फेवर में न हों

ननद के साथ भले ही आपके संबंध काफी अच्छे हो लेकिन खाने के टैबल पर घर-परिवार की बातों को लेकर विचार न करें क्योंकि कई बार आप दोनों के बीच तनाव बन सकता है।

### 6.कभी न करें चुगली

भले ही आपकी ननद का व्यवहार आपके साथ कितना ही बुरा क्यों न हो लेकिन कभी भी उसकी पीठ पीछे चुगली न करें। क्योंकि एक तक बात पहुंची तो सारे रिश्तेदारों में फैल जाती है। इससे आप दोनों में दूरियां तो बढ़ेगी साथ ही आपको लोगों के सामने आपकी इमेज खराब होगी।

# क्यों न बच्चों संग आप भी सीखें स्विमिंग



अगर आप बच्चों को स्विमिंग सिखाना चाहती हैं तो क्यों न उनके साथ आप भी ये क्लास जॉइन कर लें। हां, आपकी ट्रेनिंग का वक्त अलग हो सकता है। तो क्या हुआ? अपने बच्चे के साथ आप एक नए सब्जेक्ट की स्टूडेंट बन जाएंगी। फिर कुछ कॉमन होगा आप दोनों के बीच डिसकस करने के लिए। यकीन मानिए अपने बच्चे की कंपनी आप इंजॉय करेंगी...

### पहले यह जान लें

जॉइंन करने से पहले एक बात का ध्यान रखें कि आपसे जो कोचिंग फीस ली जा रही है जरूरी नहीं कि आप उसमें वह सारी चीजें सीख पाएं, जो आप प्लान करके चल रही हैं। क्योंकि कई स्वीमिंग पुल में इस फीस में आप केवल सीख पाएंगे फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट, पैडल और डीप वॉटर। इनके अलावा, अगर आपको स्वीमिंग के दूसरी स्टाइल्स सीखनी हैं, तो आपको देना होगा उनका एक्स्ट्रा चार्ज।

### एक्सपर्ट बनने के लिए एक्स्ट्रा चार्ज

स्वीमिंग के पहले दिन आपसे आपका कोच यह बात पूछ सकता है कि आपको नॉर्मल स्वीमिंग सीखनी है या एक्सपर्टाइज हासिल करनी है? हो सकता है कि उसकी यह बातें सुनकर एक पल के लिए आप कन्फ्यूज़ हो जाएं, लेकिन इन दिनों स्वीमिंग सेंटर्स में यह बात आम हो गई है। पिछले 20 दिनों से स्वीमिंग की कोचिंग ले रहीं स्वाति कहती हैं कि जब एक बार मैंने अपने कोच से यह पूछा कि मैं आपकी तरह स्मूथली और स्पीड में स्वीमिंग क्यों नहीं कर पा रही हूं, तो उसका कहना था कि आप नॉर्मल स्वीमिंग सीख रही हैं, जिसमें इतना ही कर सकते हैं। थोड़ी देर तो मेरी समझ में नहीं आया कि वह कहना क्या चाह रहा है। लेकिन जब मैंने उससे डिटेल जाना, तो उसने बताया कि आपने ब्रेस्ट, फ्री स्टाइल, बैक और पैडिलंग जो भी अभी तक सीखी है, वह नॉर्मल स्वीमिंग है। लेकिन अगर आप इनकी बारीकियां जानकर एक्सपर्टाइज हासिल चाहती हैं, तो उसका एक्स्ट्रा चार्ज आपको करना होगा। उसमें आपको मेहनत तो कम करनी ही पड़ेगी, साथ ही यह भी लगेगा कि आप फिश की तरह पानी में तैर रही हैं।

### रेट 5 से 2 हजार रुपये

डीडीए स्पोर्ट्स क्लब में पिछले चार साल से स्वीमिंग की कोचिंग दे रहे मोनू कहते हैं कि आपने 800 रुपये स्वीमिंग की कोचिंग की फी दी है। उसमें आखिर कैसे पॉसिबल है कि आप सारी स्वीमिंग स्टाइल में महारत हासिल कर लें। हां, स्वीमिंग करना सीख जाएंगे, लेकिन जहां तक एक्सपर्ट होने की बात है, तो उसके लिए काफी मेहनत की जरूरत होती है, तो एक्स्ट्रा चार्ज बनता ही है। जब उनसे यह पूछा गया कि एक्सपर्ट स्विमर बनने की फी क्या है, तो उन्होंने बताया कि ब्रेस्ट 2 हजार रुपये, फ्री स्टाइल 2 हजार, बैक 2 हजार, डॉल्फिन 2 हजार और बटरफ्लाई के रेट 5 हजार रुपये हैं। बटरफ्लाई के रेट इतने ज्यादा होने की वजह उन्होंने यह बताई कि स्वीमिंग का यह स्टाइल सीखने में 15 से 20 दिन लग जाते हैं और यह सबसे टफ स्वीमिंग होती है, तो वहीं डॉल्फिन में 10 दिन। वह कहते हैं कि ब्रेस्ट स्ट्रोक सीखाने में भी खासी मेहनत पड़ती है, इसलिए इसके चार्ज भी स्ट्रोक के अकॉर्डिंग डिसाइड किए जाते हैं।

### नाम वही, केवल पैसा ज्यादा

आप नॉर्मल स्वीमिंग करें या एक्सपर्ट , नाम दोनों स्वीमिंग स्टाइल के एक ही हैं। ब्रेस्ट का ब्रेस्ट, तो फ्री स्टाइल को फ्री स्टाइल ही कहा जाता है, बस पैसे में डिफरेंस आ जाता है। वैसे, कुछ लोगों ने यह भी बताया कि नॉर्मल स्वीमिंग सीखने और एक्सपर्ट स्विमिंग सीखने में समय भी एक ही लगता है, क्योंकि एक्सपर्ट स्वीमिंग में कोच आप पर खास ध्यान दे रहा होता है। एक स्वीमिंग पुल के ओनर नरेश सिंह कहते हैं कि अगर आप अपने बच्चे को स्वीमिंग कॉम्पिटिशन के लिए तैयार कर रहे हैं , तो उसको एक्सपर्ट स्वीमिंग में डालना जरूरी है। नॉर्मल स्वीमिंग में वह बारीकियां सीख ही नहीं सकता, जो एक्सपर्ट स्वीमिंग में सीख सकता है। दरअसल, नॉर्मल स्वीमिंग में एक साथ 20 से 25 लोग सीखते हैं , तो उसमें एक- एक पर ध्यान नहीं दिया जा सकता। कोच एक बार एक चीज गाइड करता है , उसके बाद आपको खुद प्रैक्टिस करनी होती है। लेकिन एक्सपर्ट स्वीमिंग में एक-एक बच्चे पर ध्यान दिया जाता है। यहां तक कि इसमें एक क्लास में लिया भी लिमिटेड लोगों को जाता है।

### इन बातों का ध्यान रखें...

> पूल में उतरने से पहले व बाद में शॉवर जरूर लें।
> स्विमिंग के लिए विशेष तौर से बने स्विमिंग गॉगल्स का प्रयोग करें।
> स्विमिंग पूल के पानी में क्लोरीन आदि केमिकल्स डाले जाते हैं, इसलिए स्विमिंग कैप का प्रयोग करना चाहिए। इससे आपके बाल सुरक्षित रहेंगे।
> स्विमिंग से पूर्व बालों में थोड़ा तेल लगा लें तो बेहतर रहता है।
> किसी प्रकार की चोट लगी होने पर, त्वचा पर बहुत अधिक पिंपल्स होने पर या त्वचा जली हुई होने पर स्विमिंग नहीं करनी चाहिए, इससे इन्फेक्शन फैल सकता है।
> स्विमिंग पूल की साइड की दीवार पर लिखे बड़े-बड़े नंबर, जो कि डेप्थ मार्कर कहलाते हैं, डाइव लगाने से पहले उन्हें जरूर देख लें।
> हमेशा स्विमिग कोच की देखरेख में ही स्विमिंग करें।
> अपने बच्चों को स्विमिंग की ट्रेनिंग दिलवाने ले जा रहें है तो ट्रेनिंग सेंटर की पूरी जानकारी रखें और साथ ही यह भी जांचे की ट्रेनिंग सेंटर को लाइसेंस मिला हुआ है या नहीं और वहां बच्चों की सिक्यॉरिटी के क्या इंतेजाम है।
> अगर बच्चे को स्विमिंग सिखा रही हों तो पूल में बिना लाइफगार्ड के न तो उसे नहाने दें और नहीं खड़े होने दें। पहले स्विमिंग सिखाएं और उसके बाद ही उन्हें स्विम करने की इजाज़त दें।
> अपने बच्चे को कभी भी बिना सुपरवाइ?र के स्विम करने की परमिशन न दें। सीडीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकतर पूल एक्सीडेंट्स 1 से 4 साल तक के बच्चों के घर में मौजूद पूल में हुए हैं।
> अगर आप बच्चे को स्विमिंग करवा रहे हैं तो हमेशा अलर्ट रहें क्योंकि ज़रा सी असावधानी आपके बच्चे की जान जोखिम में डाल सकती है।
> बच्चों को स्विमिंग के लिए तभी भेजें जब लाइफगार्ड मौजूद हो और बच्चों को लाइफगार्ड की बात मानने को समझाएं।
> साथ ही ऐसे एरिया में बच्चों को स्विमिंग करने की इजाज़त दें, जहां अधिकारिक तौर पर स्विमिंग के लिए जगह बनाई गई हो।

## घर संसार

# शहद शुद्ध है या मिलावटी इस तरह करें पहचान

शहद का इस्तेमाल हर घर में किया जाता है। ज्यादातर लोग मोटापा कम करने के लिए नींबू पानी में शहद मिलाकर पीते हैं। ऐसे में शहद का सही होना बहुत जरूरी है लेकिन मार्किट में कई जगह मिलावटी शहद बेचा जाता है जिससे सेहत को नुकसान पहुंचता है। मिलावटी शहद की पहचान करना बहुत मुश्किल है। ऐसे में शुद्ध शहद को पहचानना बहुत जरूरी है। आइए जानिए मिलावटी और शुद्ध शहद में कैसे अंतर किया जा सकता है।



### 1. पानी के साथ

शहद की पहचान करने के लिए कांच के गिलास में पानी डालें और एक चेमच शहद लें। गिलास में पतले तार के रूप में चेमच से शहद डालें। शुद्ध शहद उसी तरह गिलास की सतह पर बैठ जाएगा लेकिन मिलावटी शहद पानी में घुल जाता है। जिससे आसानी से इन दोनों में फर्क पता कर सकते हैं।

### 2. मक्खी

मेखी से शहद की पहचान की जा सकती है। इसके लिए शहद की शीशी को हवा में खुला छोड़ दें जहां मेंखियां हों। शुद्ध शहद में मेखी गिरकर फंसती नहीं और उड़ जाती है लेकिन मिलावटी शहद में मेखी अगर गिर जाए तो वह दोबारा उड़ नहीं पाती और मर जाती है।

### 3. शीशे की प्लेट

शुद्ध और मिलवटी शहद की पहचान करने के लिए एक शीशे की प्लेट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए प्लेट पर थोड़ा-सा शहद डालें। अगर शहद की आकृति सांप की कुंडली की तरह बन जाए तो समझें कि वह शुद्ध है। मिलावटी शहद प्लेट में फैल जाएगा।

### 4. जम जाना

शुद्ध शहद की सबसे अच्छी पहचान यही है कि वह ठंड के मौसम में जम जाता है और गर्मी में पिघल जाता है लेकिन मिलावटी शहद हर मौसम में एक जैसा ही रहता है।

### 5. सफेद कपड़ा

इसके लिए एक सफेद कपड़ा लें और उस पर शहद डालें। कुछ देर बाद पानी से इसे धो लें। शुद्ध शहद का कपड़े पर कोई दाग नहीं रहता लेकिन मिलवटी शहद से दाग रह जाता है।

# खुजली से हैं परेशान तो अपनाएं ये उपाय !

गर्मी के मौसम में त्वचा संबंधित कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अधिकतर लोगों को खुजली की शिकायत होती है। अगर सही समय पर इसका इलाज न किया जाए तो यह घमौरिया का रूप ले लेती है। अगर आप भी इस समयस्या से परेशान है तो कुछ घरेलू उपाय को अपनाएं। आज हम आपको कुछ नुस्खों के बारे में बताएंगे जिससे आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते है।



» **नमक, हल्दी और मेथी :** बराबर मात्रा में नमक, हल्दी और मेथी को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। नहाने से पहले इसमें थोड़ा सा पानी मिलाकर शरीर पर मल लें। 5 मिनट बाद नहा लें। इससे खुजली से निजात मिलेगी। खुजली से निजात पाने के लिए बर्फ काफी फायदेमंद है। बर्फ के टुकड़े को प्रभावित हिस्से पर लगाएं। ध्यान रखें कि इसे सीधा ही स्किन पर न लगाएं। इसे किसी कपड़े में डालकर स्किन पर लगाएं।

» **एलोवेरा :** एलोवेरा स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होती है। खुजली होने पर इसे प्रभावित हिस्सों पर लगाएं। इससे काफी आराम मिलेगा।

# गर्मी में रहे कंफर्टेबल और दिखें खूबसूरत



फैशनबेल दिखने के साथ-साथ कंफर्टेबल रहना भी सबसे बड़ी जरूरत होती है। क्योंकि अक्सर कुछ ड्रेसेज और एक्सेसरीज ऐसी होती हैं, जो देखने में तो भले ही खूबसूती बढ़ाती हैं, लेकिन उनको पहनने में पसीने छूट जाते हैं। ऐसे कपड़ों को पहनने की वजह से गर्मी और बढ़ जाती है। इसीलिए जरूरी है कि गर्मियों की चिलचिलाती धूप से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखा जाए, जो स्टाइलिश और कूल दिखाने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी महसूस कराए...

### लॉन्ग कुर्ती में इंडियन ब्यूटी

ट्रेडिशनल ड्रेसेज के आगे सब कुछ फीका सा दिखता है। फैशन के बदलते दौर में पारंपरिक सूट्स से निकलकर अब कॉलेज गर्ल्स हों या फिर वर्किंग वूमंस इन कुर्तियों को पसंद कर रही हैं। यह कुर्तियां स्टाइलिश लुक देने के साथ ही बहुत आरामदायक भी रहती हैं। कॉटन के कपड़े में मौजूद कलरफुल प्लेन कुर्तियों के साथ एंब्रॉयडरी, लेस वर्क के काम के अलावा स्ट्रेट कट में दोनों साइड और फ्रंट में लॉन्ग कट की प्लेन कुर्तियां और म्यूलैट कुर्ती आगे से ऊंची, पीछे से लंबी स्टाइलिश कुर्तियों को आप अलग-अलग तरह से ट्राई कर सकती हैं। इन्हें स्ट्रेट लेगिंग, प्लाजो, एंकल लेंथ पैंट्स या फिर लॉन्ग स्कर्ट के साथ पहना जा सकता है। स्टाइल बदलने के लिए कुर्ती को डेनिम के साथ भी पहन सकती हैं। फ्यूजन का यह कॉम्बिनेशन आपको काफी अलग लुक देगा। इनमें व्हाइट, स्काई ब्लू, पिंक, ग्रीन, पीला, मिंट ग्रीन, लाइट शेड्स का इस्तेमाल करें।

### फुटवियर भी रखें फिट

गर्मियों के मौसम में पैरों का भी खास ख्याल रखना होगा। धूप, मिट्टी और धूल से पैर खराब हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि पैरों का खास ध्यान रखा जाए। इनमें कैनवास शूज पहली पंसद होते हैं। इनकी खासियत है कि कितनी भी गर्मी हो, इनमें पसीना कम आता है। ये आकर्षक रंग और डिजाइन के साथ लेस शूज और विदाउट लेस शूज पैटर्न में उपलब्ध हैं। इसके अलावा स्वेट लेदर और क्रोकोडाइल शूज भी पसीना सोख लेते हैं। वैसे लोफर शूज एवं स्पोर्ट्स शूज, ओपन सैंडल और चपल भी बेहद आरामदायक होते हैं। इसके अलावा कोल्हापुरी सैंडिल्स और डेनिम चपलें भी आप पहन सकती हैं।

क्रॉप टॉप में बेहतर आप ट्रेडिशनल के अलावा वेस्टर्न लुक में आप आजकल चल रहे क्रॉप टॉप में बेहतर दिख सकती हैं। जिन्हें डेनिम के शॉर्ट्स के साथ कॉलेज और डे आउटिंग के लिए पहना जा सकता है। इनके अलावा टैंक टॉप्स, शियर टॉप और नॉटेड शर्ट्स के साथ भी ये काफी कूल और स्टाइलिश लुक देते हैं। हाई वेस्टेड डेनिम शॉर्ट्स गर्मियों के लिए परफेक्ट चॉइस रहेंगे।

### हैट से बचाएं हेड

गर्मियों में बालों को खुला नहीं छोडऩा चाहिए। बालों के लिए इस मौसम में खूबसूरत एक्सेसरीज का चुनाव करना जरूरी है। ये आपको स्टाइलिश लुक भी देंगे और बाल भी सुरक्षित रहेंगे। इसके लिए आप हैट्स या स्कार्फ का काफी अच्छी तरह से इस्तेमाल कर सकती हैं। बस ध्यान रखें कि हैट न तो ज्यादा बड़ा हो और न ही ज्यादा छोटा। इससे आपके चेहरे को धूप की किरणों से बचने में मदद मिलेगी।

### एक्सेसरीज से खूबसूरती

गर्मी का मौसम है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप बिल्कुल साधारण दिखें। हल्के रंग के कपड़े जरूर पहनें, पर सही एक्सेसरीज के चुनाव से अपने लुक को आकर्षक बना सकती हैं। हेड एक्सेसरीज के अलावा बेल्ट, सनग्लासेज, ब्रेसलेट या कोई भी हल्की ज्वेलरी आपको अलग लुक देगी। बैग और पर्स भी बदल सकती हैं।

# ड्राय फ्रुट खाने से पहले कितने समय के लिए भिगोना है जरूरी



ड्राई फ्रुट खाना सभी को पसंद होता है। बादाम, काजू, अखरोट और कई सारे मेवे होते हैं जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं लेकिन इनकी तासीर काफी गर्म होती है जिससे कई बार इनके अधिक सेवन से ब्लड प्रैशर बढ़ जाता है और पाचन शक्ति भी खराब हो जाती है। ऐसे में मेवों को पानी में कुछ देर भिगोकर रखें और फिर इनका सेवन करें लेकिन हर एक मेवे को पानी में भिगोने का समय भी अलग होता है जिससे यह शरीर को और भी कई फायदे देते हैं। आइए जानिए कौन से मेवों को कितने समय के लिए पानी में भिगोकर रखें।

**1. अखरोट :** अखरोट खाने से सेहत को काफी फायदा होता है लेकिन इसकी तासीर काफी गर्म होती है। इसे लगभग 8 घंटों तक पानी में भिगाकर रखें जिससे इन पर लगी एक्सट्रा गंदगी भी साफ हो जाएगी और इससे सेहत को भी कई फायदे मिलेंगे।

**2. बादाम :** बादाम खाने से दिमाग तेज होता है। इसे पानी में 12 घंटे भिगोकर रखने से इसका छिलका आसानी से उतर जाता है।

**3. कद्दू के बीज :** कद्दू की सब्जी बनाकर लोग इसके बीज फेंक देते हैं लेकिन इन बीजों को सूखाने के बाद इस्तेमाल किया जाता है। कद्दू के बीज दिल के लिए फायदेमंद होते हैं। इन्हें तकरीबन 8 घंटे पानी में भिगोकर रखने से यह शरीर को काफी फायदा पहुंचाते हैं।

**4.हेजलनट्स :** यह नट्स ज्यादातर विदेशों में उगते हैं। इसमें विटामिन, खनिज और कई तरह के पोषक तत्व होते हैं जो सेहत को बहुत फायदा पहुंचाते हैं। इसे इस्तेमाल करने से पहले 8 घंटों तक भिगोकर रखें।

**5. काजू :** काजू एक ऐसा मेवा है जिसे खाना हर कोई पसंद करता है लेकिन यह काफी गर्म होता है जिससे रक्त चाप बढ़ जाता है। काजू को खाने से पहले 6 घंटो तक भिगोकर रखें जिससे यह सॉफ्ट हो जाएगा और काफी फायदा भी देगा।

## रेसिपी



### चना सैंडविच

#### सामग्री

1 कप चना मसाला( बचा या उबला हुआ), 4-6 ब्रेड स्लाइस,1 प्याज( बारीक कटा हुआ), 1 टमाटर( बारीक कटा हुआ), 1 हरी मिर्च( कटी हुई) ,1 चम्मच हरा धनिया( कटा हुआ), 2 चम्मच मक्खन, नमक स्वादअनुसार

#### विधि

बचे हुए चना मसाला को पैन में डालकर सूखा लें। पानी सूखने पर इसे हल्का मैश करके अलग रख लें। अब एक बाउल में प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और हरा धनिया डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। अब ब्रेड के स्लाइस लें और मैश किए चना मसाला उस पर डाल कर फैलाए और फिर प्याज टमाटर का मिश्रण डाल दें और प्लेन ब्रेड रखकर बंद कर दें। एक पैन को गर्म करें। ब्रेड के दोनो साइड पर मक्शन लगा कर अच्छी तरह से सेंक लें। चना मसाला तैयार है। इसे हरी चटनी के साथ सर्व करें।



### पनीर एण्ड स्पिनॅच सूप

#### सामग्री

1 कप पनीर , 11/4 पतली लबी पट्टियों मे कटा हुआ
1 कप बारीक कटी हुई पालक
2 टेबल-स्पून पिली मूंग दाल
1/2 कप कटा हुआ प्याज़
2 टी-स्पून मक्ख़न
नमक और ताज़ी पिसी काली मिर्च स्वाद अनुसार

#### विधि

एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन मे मक्ख़न गरम करें, पनीर डालकर मध्यम आंच पर 1-2 मिनट या पनीर के भूरे होने तक भून लें। एक तरफ रख दें। मूंग दाल, पालक, प्याज़ और 5 कप पानी को एक गहरे नॉन स्टिक पैन मे डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर 8 से 10 मिनट या दाल के पुरी तरह पकने तक पका लें। पुरी तरह ठंडा करने के लिए एक तरफ रख दें। ठंडा करने के बाद, मिक्सर मे पीसकर मुलायम प्यूरी बना लें और छन्नी से छान लें। प्यूरी को उसी पैन मे डालें, नमक, कालीमिर्च और पनीर के टुकड़े मिलाकर हल्के हाथों से मिलाएं और मध्यम आंच पर, लगातार हिलाते हुए 1-2 मिनट पकाएं। गरमा गरम परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**